राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 136, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली शुक्रवार 01 दिसंबर 2023, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

'आप' ने केजरीवाल के खिलाफ भाजपा पर षड़यंत्र रचने का लगाया आरोप .... पेज 03

सीएम योगी की पहल, गोंडा में निराश्रित गोवंशों को मिलेगा एक 'नया घर' .... पेज 05

न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए महिला टीम की घोषणा की .... पेज 07

## मोदी ने 10,000 वें जन औषधि केंद्र का किया उद्घाटन

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता से जन औषधि केंद्रों का अधिकतम उपयोग करने का आग्रह करते गुरुवार को दस हजारवें जन औषधि केंद्र का देवघर के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में उद्घाटन किया। मोदी ने इस जन औषधि केंद्र की ऑनलाइन शुरुआत करते हुए कहा कि सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा के लिए जन औषधि केंद्र एक मील के पत्थर साबित हुए हैं। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया मौके पर उपस्थित रहे। मोदी ने प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) के माध्यम से जनता को गुणवत्तापूर्ण और सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने की सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए एम्स, देवघर में 10,000वें जन औषधि केंद्र जनता को समर्पित किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश भर में जनऔषधि केंद्र खोले गए हैं, जहां उच्च गुणवत्ता वाली दवाएं बाजार दरों की तुलना में 50 प्रतिशत से 90 प्रतिशत सस्ती दरों पर बेची जा रही हैं। इससे न केवल गरीबों को बल्कि मध्यम वर्ग को भी बहुत फायदा हुआ है।

## जनता के जीवन में सुगमता के लिए समर्पित हों कर्मचारी : मोदी

### मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नवनियुक्त कर्मियों को 51,000 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किये

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के 50 हजार से अधिक युवाओं को सरकार के विभिन्न विभागों में नियुक्ति के पत्र वितरित किये और उनका आह्वान किया कि वे देश की जनता जनार्दन के जीवन में सुगमता लाने के लिए सत्य निष्ठा से खुद को खपाने के लिए तैयार रहें।

मोदी ने यहां एक कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नवनियुक्त कर्मियों को 51,000 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद उन्हें संबोधित करते हुए यह कहा। यह



रोजगार मेला देश भर के 37 स्थानों पर आयोजित किया गया। इस पहल में केन्द्र सरकार के विभागों के साथ-साथ राज्य सरकारों/केन्द्र- शासित प्रदेशों में भर्ती कर्मचारी भी शामिल थे। देश भर से चुने गए नए कर्मचारी सरकार के राजस्व विभाग, गृह मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, वित्तीय सेवाएं विभाग, रक्षा मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा श्रम और रोजगार मंत्रालय सहित विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में योगदान करेंगे।

प्रधानमंत्री ने इस मौके पर अपने संबोधन में नवनियुक्त कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि देश में लाखों युवाओं को भारत सरकार द्वारा नौकरी देने का अभियान लगातार जारी है। आज 50 हजार से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी के लिए नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। ये नियुक्ति पत्र उनके परिश्रम और प्रतिभा का नतीजा है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के कर्मचारी के तौर पर आप सभी को बड़े दायित्वों को निभाना है। आप जिस भी पद पर रहें, जिस भी क्षेत्र में काम करें, आपकी सर्वोच्च प्राथमिकता, देशवासियों की जीवन की सुगमता ही होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के संविधान के मुख्य वास्तुकार, बाबासाहेब अम्बेडकर ने एक ऐसे राष्ट्र का सपना देखा था जो सभी को सामाजिक न्याय और अवसर की समानता प्रदान करे।

## तेलंगाना में 64.12 प्रतिशत वोटिंग

### बीआरएस, कांग्रेस और भाजपा के बीच मुकाबला

तेलंगाना विधानसभा का कार्यकाल 16 जनवरी 2024 को खत्म होने वाला है। यहां पिछली बार दिसंबर 2018 में विधानसभा चुनाव हुए थे और तेलंगाना राष्ट्र समिति ने सरकार बनाई थी। चंद्रशेखर राव दूसरी बार सीएम बने थे। टीआरएस का नाम अब बीआरएस (भारत राष्ट्र समिति) हो गया है। इस बार के चुनाव में सत्तारूढ़ बीआरएस, कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधा मुकाबला है। साल 2018 में बीआरएस को 88, कांग्रेस को 19 सीटें मिली थीं। वहीं, भाजपा के खाते में केवल एक सीट आई थी।

### पिछले चुनाव के मुकाबले 9.25 प्रतिशत ज्यादा

हैदराबाद। तेलंगाना की 119 विधानसभा सीटों पर वोटिंग खत्म हो गई है। चुनाव आयोग के मुताबिक, शाम 5 बजे तक राज्य में 64.12त्न मतदान हुआ। यह 2018 में हुए विधानसभा चुनाव के मुकाबले 9.25 प्रतिशत ज्यादा है। तब 73.37 प्रतिशत मतदान हुआ था।

वोटिंग के दौरान छुटपुट झड़प की घटनाएं सामने आईं। हैदराबाद के चारमीनार विधानसभा क्षेत्र से हुसैनी आलम में कांग्रेस उम्मीदवार मुबीन पर हमला हुआ।

उधर, वारंगल में मिनिस्टर एर्राबेली दयाकर को मयलिवर गांव में ग्रामीणों ने रोक दिया। इस दौरान ग्रामीणों और मंत्री के समर्थकों में झड़प हुई। उन्हें कंट्रोल करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया। बीआरएस नेता और मुख्यमंत्री केसीआर की बेटी के. कविता के खिलाफ केस दर्ज हुआ। आरोप है कि उन्होंने पोलिंग बूथ में मीडिया से बात की।

आदिलाबाद में वोट देने आए दो बुजुर्गों टोकला गंगम्मा (78) और राजन्ना (65) की मौत हो गई। वोटिंग के दौरान लाइन में खड़ी टोकला गंगम्मा को हार्ट अटैक आया। वहीं, लाइन में खड़े राजन्ना चक्कर आने की वजह से गिर गए। अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते में उनकी मौत हो गई।

### 2290 कैंडिडेट्स मैदान में



स्टेट इलेक्शन कमीशन के मुताबिक, राज्य में 3.17 करोड़ से ज्यादा वोटर्स हैं। नेशनल और स्टेट लेवल की कुल 109 पार्टियों के 2290 कैंडिडेट्स मैदान में हैं। राज्य में 35 हजार 655 मतदान केंद्र बनाए गए। इनमें 511 केंद्र संवेदनशील रहे। ये सभी छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र की सीमा से लगे हैं और नक्सल प्रभावित हैं। सुरक्षा के लिए सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स की 100 से ज्यादा कंपनियां तैनात की गईं। नतीजे 3 दिसंबर को आएंगे।

## समृद्धि के लिए देश की सीमाओं के साथ आंतरिक सुरक्षा जरूरी : मुर्मु

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज कहा कि शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए देश की सीमाओं और उसकी आंतरिक सुरक्षा बहुत आवश्यक है।

मुर्मु ने पुणे के खड़कवासला में गुरूवार को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) के 145वें कोर्स की दीक्षांत परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने सेना की 5वीं बटालियन के भवन की आधारशिला भी रखी। राष्ट्रपति ने इस मौके पर कहा , शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए देश की सीमाओं और उसकी आंतरिक सुरक्षा बहुत आवश्यक है। हम %वसुधैव कुटुंबकम% की परंपरा का पालन करते हैं, लेकिन हमारी सेनाएं उन बाहरी या आंतरिक ताकतों का



सामना करने में पूरी तरह से सक्षम और तैयार हैं जो देश की एकता और अखंडता की भावना को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करती हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि एनडीए नेतृत्व का एक ऐसा उद्गम स्थल है जिसने महान योद्धाओं को जन्म दिया है। यह अकादमी देश के सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण संस्थानों में भी विशिष्ट स्थान रखंती है और इसकी सशस्त्र बलों के लिए देश के एक मजबूत स्तंभ के रूप में मान्यता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि एनडीए से प्राप्त प्रशिक्षण और जीवन मूल्य कैडेटों को अपने जीवन में आगे बढ़ने में हमेशा सहायता प्रदान करते हैं।

## 5 राज्यों का एग्जिट पोल : राजस्थान-मध्य प्रदेश में भाजपा, छत्तीसगढ़-तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार

### वोटों की गिनती 3 दिसंबर को होगी

भोपाल/ जयपुर/ रायपुर/ हैदराबाद/ आइजोल। 5 राज्यों- राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में वोटिंग की प्रक्रिया गुरुवार, यानी 30 नवंबर को पूरी हो गई। वोटों की गिनती 3 दिसंबर को होगी। पर उससे पहले एग्जिट पोल और उसके आधार पर पोल ऑफ द पोल।

इन 5 राज्यों में 8 प्रमुख न्यूज ऑर्गनाइजेशन और सर्वे एजेंसियों ने एग्जिट पोल किए हैं। इन सबको मिलाकर पोल ऑफ द पोल का हिसाब लगाया है। इस हिसाब से राजस्थान-मध्यप्रदेश में भाजपा, छत्तीसगढ़-तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार बनती दिख रही है। मिजोरम में हंग असेंबली के आसार हैं।

इस लिहाज से 5 में 2 राज्यों में भाजपा और 2 में कांग्रेस की सरकार बनती दिख रही है।





राजस्थान : 8 एग्जिट पोल में से 5 में भाजपा की सरकार बन रही है। 1 पोल में कांग्रेस की सरकार बन रही है, जबकि दो में उसे सरकार बनाने के करीब बताया है। पोल ऑफ पोल्स में भाजपा को 102, कांग्रेस 86 और अन्य को 11 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है।

मध्य प्रदेश : 8 एग्जिट पोल में से 4 भाजपा की सत्ता में वापसी करवा रहे हैं, जबकि 3 पोल कांग्रेस की सरकार बनने की संभावना जता रहे हैं, जबकि एक सत्ता के करीब बता रहे हैं। पोल ऑफ पोल्स में भाजपा को 125, कांग्रेस 100 और अन्य को 5 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है।

छत्तीसगढ़ : सभी 8 पोल कांग्रेस की दोबारा सत्ता में वापसी करवा रहे हैं। इनमें से पांच पोल में भाजपा सत्ता से 4 से 6 सीट दूर दिख रही है। पोल ऑफ पोल्स में भाजपा को 39, कांग्रेस को 48 और अन्य को 3 सीटें मिलने का अनुमान है।

तेलंगाना : 6 पोल्स हुए, इनमें 5 पोल कांग्रेस को पहली बार सत्ता में आने का अनुमान जता रहे हैं, जबकि एक में सत्ता के करीब बताया गया है। सत्ताधारी भारत राष्ट्र समिति किसी भी पोल में सत्ता में आती नहीं दिख रही है। पोल ऑफ पोल्स में बीआरएस को 44, कांग्रेस 64, भाजपा 7 और अन्य को 7 सीटें मिलने का अनुमान है।

मिजोरम : 5 एग्जिट पोल में से एक में जोरम पीपुल्स मूवमेंट को सरकार बनाते दिखाया गया है। बाकी 4 पोल में हंग असेंबली का अनुमान जताया गया है। पोल ऑफ पोल्स में सत्ताधारी मिजो नेशनल फ्रंट को 15, ZPM को 16, कांग्रेस को 7 और भाजपा को 1 सीट मिलने का अनुमान है।

## एडीजी बनकर धमकी, डीपफेक वीडियो होने का शक

गाजियाबाद। यूपी के गाजियाबाद में गुरुवार को मोबाइल पर ठगी का एक ऐसा मामला सामने आया, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल किए जाने का शक है। पीड़ित 74 साल के एक बुजुर्ग हैं। उनसे 74 हजार रुपए की ठगी की गई। आरोप है कि उन्हें वीडियो कॉल पर धमकाने वाला व्यक्ति रिटायर्ड एडीजी प्रेम प्रकाश के रूप में नजर आया। पुलिस को शक है कि इस केस में आरोपी ने आर्टिफिशियल टेक्नीक का इस्तेमाल करके डीपफेक वीडियो बनाया और खुद को रिटायर्ड एडीजी के रूप में पेश किया।

## सूरत केमिकल प्लांट में अब तक 7 की जलकर मौत

### 24 घंटे बाद मिले कंकाल से पहचान, 8 की हालत नाजुक : रिसाव के बाद ब्लास्ट हुआ था

सूरत। गुजरात के सूरत में बुधवार 29 नवंबर को एक केमिकल फैक्ट्री के स्टोरेज टैंक में ब्लास्ट होने से आग लग गई थी। इसमें मरने वालों की संख्या अब तक 7 हो गई है। हादसे के बाद 7 से 8 लोग लापता थे। करीब 24 घंटे बाद घटनास्थल से 7 कंकाल मिले। इसके बाद ही प्रशासन ने 7 लोगों की मौत की पुष्टि की। सभी की जलने से मौत हुई।

ब्लास्ट में 20 लोग घायल हैं, जिनमें 8 की हालत नाजुक है। सूरत के फॉयर



ब्रिगेड अधिकारी बसंत पारीक के मुताबिक, सचिन इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित फैक्ट्री में देर रात करीब दो बजे एक बड़े टैंक में रखे केमिकल में रिसाव हुआ। इसके चलते विस्फोट के बाद आग लग गई। आग ने फैक्ट्री की पूरी यूनिट को अपनी चपेट में ले लिया। करीब 9 घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका।

### कंपनी के अंदर 7 खोपड़ियां और कंकाल मिले

डीसीपी राजेश परमार ने संवाददाता से हुई बातचीत में कहा- घटना 29 नवंबर रात करीब दो बजे की है। केमिकल फैक्ट्री में लगी आग पर काबू पाने में करीब 10 घंटे का समय लगा। इसके बाद फैक्ट्री में अंदर जाकर जांच की गई तो वहां 7 मानव खोपड़ियां और कंकाल मिले।

कंपनी ने भी 7 कर्मचारियों के गुम होने की जानकारी दे दी थी। सभी नरकंकालों को पोस्टमॉर्टम के लिए सूरत सिविल अस्पताल भेजा गया। पुलिस, फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल), सुरक्षा और जांच अधिकारी की मौजूदगी में यह पूरा सर्च ऑपरेशन चलाया गया था।

## ओरेवा ग्रुप के मालिक को जमानत नहीं

अहमदाबाद। गुजरात के मोरबी में 30 अक्टूबर 2022 को एक सस्पेंशन ब्रिज गिर गया था। हादसे में 135 लोगों की मौत हो गई थी। ब्रिज का मैंटेनेंस करने वाली कंपनी ओरेवा ग्रुप के मालिक जयसुख पटेल ने सुप्रीम कोर्ट में जमानत के लिए याचिका लगाई थी, जिस पर सुनवाई से कोर्ट ने इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने जयसुख पटेल के वकील से कहा- आप जमानत के लिए फिलहाल निचली अदालत या हाईकोर्ट जाएं। जयसुख पटेल 31



जनवरी से मोरबी जेल में बंद हैं। गुजरात हाईकोर्ट इस मामले में सुनवाई कर रहा है। हाईकोर्ट ने पिछले महीने मोरबी सस्पेंशन ब्रिज का रखरखाव और संचालन करने वाली कंपनी अजंता मैन्युफैक्चरिंग लिमिटेड (ओरेवा ग्रुप) को नोटिस जारी किया था। याचिकाकर्ता ने मांग की है कि कंपनी को हादसे से हुए नुकसान के भुगतान के लिए उत्तरदायी बनाया जाए। अजंता कंपनी ने पुल की मरम्मत के लिए देवप्रकाश सॉल्यूशंस के साथ एग्रीमेंट किया था।सरकार को जानकारी दिए बिना या फिटनेस प्रमाणपत्र हासिल किए बिना दीपावली की छुट्टियों के दौरान पुल को लोगों के लिए खोल दिया गया।

## हंदवाड़ा में लश्कर के आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ , दो मददगारों को किया गिरफ्तार

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के हंदवाड़ा इलाके में सुरक्षा बलों ने गुरुवार को लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के दो आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से हथियार बरामद कर एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने कहा कि हंदवाड़ा पुलिस ने सेना और सीआरपीएफ के साथ मिलकर प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर/टीआरएफ के एक आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया और उनके खुलासे पर टूटीगुंड जंगल से हथियार बरामद किए। दोनों की पहचान परवेज़ अहमद डार और शौकत अहमद शेरगुजरी के रूप में की गई है। दोनों टूटीगुंड हंदवाड़ा के निवासी हैं। पुलिस स्टेशन हंदवाड़ा में इनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने कहा कि उक्त मामले में और भी गिरफ्तारियां और बरामदगी की उम्मीद है।

**भारी बढ़ोतरी**

### बिजली दरों का टैरिफ दाखिल न करते हुए सिर्फ 11 से 12 हजार करोड़ का घाटा दर्शाया गया

## यूपी में बिजली दरों में भारी बढ़ोतरी की तैयारी, एआरआर दाखिल

लखनऊ। यूपी में बिजली महंगी करने की तैयारी हो रही है। नये वित्तीय वर्ष में बिजली कंपनियों ने बिजली की दरों में भारी वृद्धि करने की तैयारी कर ली है। प्रदेश की बिजली कंपनियों ने गुरुवार को देर शाम विद्युत नियामक आयोग में दाखिल वार्षिक राजस्व आवश्यकता (एआरआर) इसी ओर इशारा करता है। पहले की तरह बिजली कंपनियों की ओर से बिजली दरों का टैरिफ दाखिल न करते हुए सिर्फ 11 से 12 हजार करोड़ का घाटा दर्शाया गया है। इससे साफ है कि पिछले दरवाजे से बिजली दरों में 30 फीसदी तक बढ़ोत्तरी प्रस्तावित की जा सकती है।

प्रदेश की सभी बिजली कंपनियों की ओर से वर्ष 2024-25 के लिए करीब 1 लाख 1 हजार करोड़ का एआरआर दाखिल किया गया है। टैरिफ कानून के तहत गुरुवार को इसे दाखिल करने का अंतिम दिन था। यह प्रस्ताव 13.6 फीसदी लाइन हानियों के आधार पर दिया गया है। वहीं लगभग 1 लाख 45 हजार मिलियन यूनिट बिजली की आवश्यकता बताते हुए उसकी कुल लागत लगभग 80 से 85 हजार करोड़ के बीच आंकी गई है। वहीं इसके पहले वर्ष 2023-24 में लगभग 92547 करोड़ का वार्षिक राजस्व आवश्यकता दाखिल की गई थी।



### अब घर बैठे खुद बना सकेंग अपना बिजली बिल

पिछले साल दिखाया था 9124 करोड़ का घाटा भले ही बिजली कंपनियों ने बिजली दर का प्रस्ताव दाखिल नहीं किया है लेकिन अगर 11 हजार करोड़ के ऊपर का घाटा (गैप) दर्शाते हुए आयोग से निर्णय लेने की बात चोर दरवाजे से बिजली दरों की बढ़ोत्तरी की ओर ही इशारा करती हैं। दरअसल गत वर्ष भी बिजली कंपनियों ने यह घाटा 9124 करोड़ दर्शाते हुए अपना एआरआर दाखिल किया गया था।

नियामक आयोग के तत्कालीन अध्यक्ष आरपी सिंह के निर्देश पर तब बिजली कंपनियों ने ही बिजली दरों में 15 से 25 फीसदी तक वृद्धि का प्रस्ताव दाखिल किया था। इस बार घाटा पहले से अधिक 11 हजार करोड़ से ज्यादा दर्शाया जा रहा है तो ऐसे में वृद्धि 15 से 30 फीसदी तक प्रस्तावित किए जाने की संभावना है।

### पहले उपभोक्ताओं का सरप्लस पैसा दें बिजली कंपनियां : वर्मा

विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने इसे लेकर आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं का बिजली कंपनियों पर लगभग 33122 करोड़ रुपया सरप्लस निकल रहा है। जिसे लेकर उपभोक्ता परिषद ने पहले ही आयोग में अपना जनहित प्रस्ताव दाखिल करते हुए बिजली दरों में कमी का मुद्दा उठाया है। उन्होंने कहा कि कानूनन उपभोक्ताओं का सरप्लस पैसा बराबर किए बिना बिजली दरों में कोई भी वृद्धि नहीं की जा सकती।

## गुजरात में जहरीला सिरप पीने से 5 की मौत

### सिरप में मिला था मिथाइल अल्कोहल, गांववालों ने एक दुकानदार से खरीदी थीं बोतलें

नाडियाद। गुजरात के खेड़ा जिले में मिथाइल अल्कोहल युक्त जहरीला सिरप पीने से दो दिन में 5 लोगों की मौत हो गई जबकि अन्य 2 बीमार हैं। इनमें भी एक शख्स की हालत नाजुक बताई जाती है।

मृतकों में तीन बगडु और दो बिलोदरा गांव के रहने वाले हैं। पुलिस ने इस सिरप की बिक्री करने वाले दुकानदार को हिरासत में लिया है। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

खेड़ा के डीजीपी विकास सहाय ने बताया कि सिरप में मिथेनॉल की मौजूदगी हो सकती है। सिरप पीने के बाद पीड़ितों को सीने में दर्द की शिकायत हुई थी। पांचों की मौत 27 और 28 नवंबर के दौरान हुई।

इतना ही नहीं, दुकानदार के पिता ने भी इस सिरप का सेवन किया था। उन्हें भी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### दुकानदार ने 100-100 रुपए में खरीदी थीं बोतलें

इस सिरप की कीमत 130 रुपए है। दुकानदार ने बताया कि उसने सिरप की बोतलें 100-100 रुपए में खरीदी थी। इस मामले में दोनों गांवों के करीब पचास लोगों से पूछताछ की गई है, जिन्होंने यह सिरप खरीदा था। हालांकि, ये सभी स्वस्थ हैं।

### कालमेघसव-आसव अरिष्ट नाम का सिरप

डीजीपी सहाय ने आगे बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि %कालमेघसव-आसव अरिष्ट% नाम से ब्रांडेड आयुर्वेदिक सिरप, खेड़ा जिले के नडियाद शहर के पास बिलोदरा गांव में एक दुकानदार बेच रहा था। लोगों की मौतों के बाद पुलिस ने गांवों में छापेमारी की तो दर्जनों बोतलें कचरे के ढेर से बरामद हुई हैं।

### गुजरात में नहीं बनता यह सिरप

खेड़ा जिले के पुलिस अधीक्षक राजेश गढ़िया ने कहा कि एक ग्रामीण के ब्लड सैंपल से पुष्टि हुई है कि सिरप में मिथाइल अल्कोहल भी काफी मात्रा में था। यह सिरप गुजरात में नहीं बनता है।

यह किसी अन्य राज्य से लाया गया था। यह बेहद गंभीर मामला और जांच का विषय है। इसकी भी जांच जारी है।

## शार्ट न्यूज

### सी एम नीतीश कुमार की तबीयत खराब, वायरल फीवर से हैं ग्रसित, हालत में सुधार

पटना ।(पीएमए) मुख्यमंत्री नीतीश कुमार चार-पांच दिनों से बीमार चल रहे हैं। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को वायरल फीवर हुआ है, जिसके बाद से डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है। डॉक्टर लगातार सीएम नीतीश कुमार के स्वास्थ्य पर नजर बनाए हुए हैं। इसकी वजह से सीएम का आज शिवहर दौरा रद्द कर दिया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के स्वास्थ्य की जानकारी देते हुए बिहार सरकार के मंत्री और नीतीश कुमार के करीबी संजय झा ने गुरुवार को बताया कि मुंगेर में कार्यक्रम के दौरान ही नीतीश जी को फीवर आया था। पिछले दिन-चार दिनों से बुखार है। डॉक्टरों के अनुसार वायरल फीवर है, दो-चार दिन में ठीक हो जाएगा। फिलहाल डॉक्टरों ने नीतीश कुमार को आराम करने की सलाह दी है। संजय झा ने बताया कि नीतीश कुमार बुखार के साथ-साथ सर्दी-खांसी और गले में खराश के कारण अधिक परेशान हैं। बुधवार दोपहर से बुखार में थोड़ा सुधार है। नीतीश कुमार जब जब दरभंगा से लौटे थे तब से ही उन्हें वायरल फीवर था।इसके पहले मुंगेर में जब मेडिकल कॉलेज के शिलान्यास के लिए गए थे तो उन्हें हल्की सर्दी थी। हालांकि इसके बाद मुंगेर में स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रम में भाग लेकर जब पटना पहुंचे उनका वायरल बुखार बढ़ गया था।

### एनआईटी श्रीनगर में शीतकालीन अवकाश की घोषणा

श्रीनगर। सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर जारी विवाद के बीच श्रीनगर स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) में गुरुवार को शीतकालीन अवकाश की घोषणा कर दी गयी। छात्र कल्याण डीन के द्वारा आज जारी सर्कुलर में कहा गया अनुमोदन संख्या एनटीएसआर/ आर /23/600 दिनांक 30.11.2023 के तहत जारी आदेश संख्या 60/2023 के तहत 30.11.2023 से छात्रों के लिए शीतकालीन अवकाश की घोषणा के अनुसार सभी हॉस्टल बोर्डर्स (लड़के और लड़कियों) को तत्काल प्रभाव से हॉस्टल खाली करने का निर्देश दिया जाता है। वर्तमान सेमेस्टर परीक्षाओं के बीच में ही शीतकालीन छुट्टियों की घोषणा की गई है। एक गैर स्थानीय छात्र की कथित तौर पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली सोशल मीडिया पोस्ट पर विरोध प्रदर्शन शुरू होने के बाद एनआईटी में क्लासवर्क बुधवार से रोक दिया गया है। विरोध प्रदर्शन के डर के बीच, अधिकारियों ने गुरुवार को श्रीनगर के इस्लामिया कॉलेज ऑफ साइंस एंड कॉमर्स हवाल में क्लासवर्क को भी निलंबित कर दिया। बुधवार को इस मुद्दे पर कॉलेज में विरोध प्रदर्शन हुआ था। इस्लामिया कॉलेज हवाल द्वारा जारी एक नोटिस में कहा गया है, टी-सीरीज़ सहित सभी सेमेस्टर और आंतरिक परीक्षाओं का क्लासवर्क बंद रहेगा और 01 दिसंबर से पुनर्निर्धारित किया जाएगा।

### जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा केन्द्रीय जेल का निरीक्षण

अमृतसर। पंजाब में अमृतसर के जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती हरप्रीत कौर रंधावा ने गुरुवार को सेंट्रल जेल अमृतसर का दौरा कर जेल बैरक, जेल रसोई (लंगर घर), जेल अस्पताल, कानूनी सहायता क्लिनिक और वीडियो कॉन्फ्रेंस रूम का निरीक्षण किया। सत्र न्यायाधीश ने उस रसोई घर की भी जाँच की जहाँ विचाराधीन कैदियों के लिये खाना बनाया जाता है और भोजन को चखा, जो संतोषजनक पाया गया। इस अवसर पर उनके साथ श्री रछपाल सिंह और श्री. अमित मल्हन, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अमृतसर भी उपस्थित रहे। जेल दौरे के दौरान जेल अधीक्षक अनुराग आजाद भी मौके पर मौजूद रहे। जेल में दौरे के संबंध में सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली पर इस आशय की घोषणा की गयी कि यदि कोई कैदी अपनी शिकायत रखना चाहता है, तो वह आकर समझा सकता है। जेल के कैदियों की शिकायतों को जेल अधिकारियों के समक्ष उठाया गया। कैदियों को पंजाब राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न कानूनी सहायता सेवाओं के बारे में मार्गदर्शन किया गया, जिसमें एडीआर तंत्र यानी कानूनी सहायता, लोक अदालतें, पीड़ित मुआवजा योजनाएं, पैरा लीगल वालंटियर सेवाएं, कानूनी सहायता क्लीनिक आदि शामिल हैं।

### अपराधियों के लिए हमेशा काल बनकर रहेंगे

देहरादून। उत्तराखंड के नवनियुक्त नागरिक पुलिस के महानिदेशक (डीजीपी) अभिनव कुमार ने गुरुवार अपराह्न अपना पदभार ग्रहण कर लिया। कुमार ने संवाददाताओं से बातचीत में अपनी प्राथमिकताएं गिनाते हुए कहा कि हमारा उत्तराखंड पुलिस का ध्येय मित्रता, सेवा, सुरक्षा है। मित्रता केवल सभ्य नागरिकों के लिए है। अपराधियों के लिए हम हमेशा काल बनके रहेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड शांत प्रदेश है। सुदृढ़ कानून व्यवस्था प्रदेश की पहचान है, इसलिए कानून व्यवस्था के मोर्चे पर कोई रियायत नहीं बरती जाएगी। कुमार ने कहा कि परंपरागत पुलिसिंग के सिद्धांतों एवं सिखलाई को बरकरार रखते हुए नई चुनौतियों से डटकर सामना करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नशामुक्त उत्तराखण्ड मिशन के तहत ड्रग्स के विरूद्ध कार्यवाही को और अधिक प्रभावी करना हमारी प्राथमिकता होगी। प्रदेश के प्राकृतिक रूप व आपदा की दृष्टि से संवदेनशील होने के दृष्टिगत हम अपनी प्रथम उत्तरदाई (फर्स्ट रिस्पांडर) की क्षमता को और अधिक बेहतर बनाएंगे। डीजीपी कुमार ने कहा कि स्थानीय जनता के साथ ही उत्तराखण्ड आने वाले पर्यटकों एवं तीर्थयात्रियों के साथ मित्रवत व्यवहार करके उनके लिए सुगम व्यवस्था बनाने पर जोर दिया जाएगा। बढ़ते साइबर क्राइम पर रोकथाम लगाएंगे।

### निकाले गए सभी 41 श्रमिक पूरी तरह स्वस्थ

देहरादून। उत्तराखंड में उत्तरकाशी जिले की निर्माणाधीन सिलक्यारा टनल से 17 दिन बाद सुरक्षित निकाले गए सभी 41 श्रमिकों में से एक को छोड़कर अन्य सभी को ऋषिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में सभी सघन स्वास्थ्य जांच के बाद अस्पताल प्रशासन की ओर से घर जाने की इजाजत दे दी गयी है। गुरुवार को जारी हेल्थ बुलेटिन में डॉक्टर नरेन्द्र कुमार ने बताया कि सिलक्यारा सुरंग से निकाले गए सभी 41 श्रमिकों को बुधवार दोपहर एम्स में भर्ती किया गया था। प्रारंभिक जांच के बाद इनमें से किसी भी श्रमिक में चोट आदि जैसे कोई शिकायत नहीं पाई गई, लिहाजा सभी का चिकित्सीय जांच के लिए इन सभी का सघन स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही उनके टेस्ट जैसे ब्लड, किडनी, ईसीजी, एबीजी,लीवर फंक्शन टेस्ट, एक्सरे, ईको कॉर्डियोग्राफी, एबीजी आदि परीक्षण किए गए। यह सभी श्रमिक शारिरिक तौर पर सामान्य हैं।उन्होंने बताया कि सभी श्रमिक अपने-अपने घरों को वापस जा सकते हैं। डा नरेंद्र ने बताया कि उच्च हिमालयी क्षेत्रों में कार्य करने वाले लोगों में जो शारीरिक परिवर्तन आते हैं, वही इनमें पाए गए हैं, बाकि गंभीर अथवा चिंताजनक जैसी कोई समस्या नहीं है। लिहाजा हमारी ओर से किसी भी पेशेंट को रोका नहीं जा रहा है। संबंधित राज्यों को आधिकारिक तौर पर यह जानकारी दे दी गई है।

### आवारा मवेशियों के मामले में हल्द्वानी के नगरायुक्त हाईकोर्ट में तलब

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने हल्द्वानी शहर में सड़कों और बाजारों में बेखौफ घूम रहे आवारा मवेशियों के मामले में सुनवाई करते हुए नगर आयुक्त को शुक्रवार को अदालत में व्यक्तिगत रूप से तलब किया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की युगलपीठ ने अधिवक्ता चंद्रशेखर जोशी की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद यह निर्देश जारी किया गया। आज नगर निगम की ओर से कहा गया कि सरकार ने आवारा मवेशियों के लिये गौशाला के निर्माण के लिये 20 करोड़ से अधिक की धनराशि आवंटित कर दी है। नगर निगम ने गौशाला के लिये निविदा भी जारी कर दी है। निगम के अधिवक्ता की ओर से यह भी कहा गया कि इसी साल सितम्बर और अक्टूबर में निगम की ओर से 178 आवारा मवेशियों को हल्दूचौड़, कालाढूंगी ओर बाजपुर में निजी गौशालाओं में भेजा गया है। अदालत की ओर से निगम से पूछा गया कि क्या हल्द्वानी में गौशाला के निर्माण के लिये भूमि का चयन कर दिया गया है। निगम के अधिवक्ता इस मामले में स्पष्ट जवाब नहीं दे पाये।

# ग्रैंड वेनिस मॉल के सिनेमा हॉल को किया गया सील

## जिला प्रशासन ने करोड़ों का बकाया न जमा करने पर की कार्रवाई

**गौतम बुद्ध नगर।** गौतम बुद्ध नगर में बकायदारो के खिलाफ जिला प्रशासन की कड़ी कार्रवाई लगातार जारी है। जिलाधिकारी मनीष वर्मा के निर्देश के बाद लगातार बकायेदार बिल्डरों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में ग्रेटर नोएडा के साइट पर में स्थित वेनिस मॉल के सिनेमा हॉल को सील कर दिया गया।




बताया जा रहा है कि बिल्डर पर 1.95 करोड रुपए बकाया थे ।नोटिस के बावजूद भी बकाया राशि जमा नहीं की गई। उसके बाद जिला प्रशासन की तरफ से यह एक्शन लिया गया। बताया जा रहा है कि जिस समय सिनेमा हॉल को सील किया गया, उसी समय उसमें टाइगर 3 फिल्म चल रही थी। गौरतलब है कि यूपी रेरा का नोएडा और ग्रेटर नोएडा के बिल्डरों पर करीब 600 करोड रुपए बकाया है। बकाया पैसे को वसूलने के लिए जिला अधिकारी ने आदेश दिए हैं ।डीएम का शख्त आदेश है कि अगर बिल्डर पैसा ना दे तो उसकी प्रॉपर्टी जप्त करके उसकी वसूली की जाए। अगर जरूरत पड़ी तो इस प्रॉपर्टी की नीलामी भी की जाएगी।

### ग्रैंड वेनिस मॉल पर यूपी रेरा के 1.95 करोड़ रुपए बकाया

ग्रैंड वेनिस मॉल पर यूपी रेरा के 1.95 करोड़ रुपए बकाया है ।संबंधित बिल्डर को प्रशासन की तरफ से कई बार नोटिस भी जारी किया गया लेकिन उसके बावजूद भी पैसा जमा नहीं किया गया।

ऐसे में अब जिला अधिकारी के आदेश पर ग्रैंड वेनिस मॉल में स्थित सिनेमा हॉल को सील कर दिया गया। इस दौरान बताया गया है कि पैसा जमा करने के बाद ही सिनेमा हॉल दोबारा से शुरू होगा।

### एक करोड़ 95 लाख 33 हजार 333 रुपए बकाया

दरअसल, एसडीएम सदर की तरफ से एक आदेश जारी किया गया, जिसमें बताया गया कि ग्रैंड वेनिजिया कमर्शियल टावर प्राइवेट लिमिटेड एवं भसीन इन्फोटेक एंड इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड पर जिला प्रशासन का एक करोड़ 95 लाख 33 हजार 333 रुपए बकाया है। नोटिस के बावजूद भी पैसा जमा नहीं किया गया।

## 'घाटी की शांति भंग करने वालों को कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा'



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आर.आर. स्वैन ने गुरुवार को कहा कि सोशल मीडिया पर वीडियो साझा करना, टेक्स्ट और संदेश पोस्ट करना, सांप्रदायिक उन्माद भड़काने, शांति बाधित करने, आतंकवाद और अलगाववाद को बढ़ावा देने की वालों को कानून के तहत कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

स्वैन ने कहा कि जम्मू-कश्मीर पुलिस यह सुनिश्चित करने के लिए कर्तव्यबद्ध है कि केन्द्रशासित प्रदेश में कोई भी तत्व शांति भंग करने और हिंसा को बढ़ावा देने के लिए पैगंबर मुहम्मद या किसी धार्मिक समूह या समुदाय के प्रति किसी भी प्रकार का अनादर करने का प्रयास न करे।

उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने एनआईटी छात्र द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए अपमानजनक वीडियो की पृष्ठभूमि पर कश्मीर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ इस पर चर्चा की।

डीजीपी ने कहा, केन्द्रशासित प्रदेश की शांति भंग करने, सांप्रदायिक उन्माद फैलाने, हिंसा भड़काने, सड़क पर विरोध प्रदर्शन, आतंकवाद और अलगाववादियों को बढ़ावा देने वाले किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक वीडियो, संदेश, टेक्स्ट या पोस्ट पर पुलिस कानून के मुताबिक संबंधित व्यक्ति से सख्ती के साथ निपटेगी। पुलिस उचित जांच के बाद इस तरह के एजेंडे पर काम करने वाले असामाजिक तत्वों, शांति विरोधी तत्वों और निहित स्वार्थों से सख्ती से निपटेगी और उन्हें पकड़ेगी।

उन्होंने कहा कि यदि किसी को केन्द्रशासित प्रदेश में किसी तरह से शांति भंग करने की संभावना वाले टेक्स्ट या वीडियो मिलते हैं तो उसे तुरंत संबंधित पुलिस थाने से संपर्क करना चाहिए।

## जम्मू पुलिस ने किशोर की हत्या के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया

जम्मू। जम्मू कश्मीर पुलिस ने एक किशोर की हत्या के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने गुरुवार को बताया कि बुधवार को परहलद सिंह नामक व्यक्ति ने पुलिस नियंत्रण कक्ष में शिकायत दर्ज कराई कि बंटालाब के नारदानी रायपुर निवासी उनके 19 वर्षीय बेटे राघव जम्वाल उर्फ रघु का अज्ञात व्यक्ति ने अपहरण कर लिया है, जब वह जानीपुर क्षेत्र में नियमित कंप्यूटर प्रशिक्षण कक्षा के लिये जा रहा था। पुलिस ने कहा, मानवीय और तकनीकी खुफिया जानकारी के माध्यम से पुलिस अपहरणकर्ता को पकड़ने में सक्षम थी और कड़ी मेहनत के बाद आरोपी को मध्यरात्रि के दौरान पटोली में उसके किराए के आवास से पकड़ा गया और उसके कब्जे से मोबाइल फोन बरामद किया गया, जिसका उपयोग वह फिरौती के लिए कॉल करने के लिए कर रहा था।

उन्होंने बताया कि आरोपी की पहचान मुख्य बाजार किश्तवाड़ निवासी 23 वर्षीय सतिंदर कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने कहा कि मृतक राघव जम्वाल का शव कुमार के खुलासे पर रायपुर खारी-जगती लिंक रोड से सटे वन क्षेत्र से बरामद किया गया था।

पुलिस ने कहा, आरोपी ने अपराध कबूल कर लिया और स्वीकार किया कि उसने मृतक के सिर पर पत्थर से वार किया, जिससे उसकी मौत हो गयी।

## स्कूल बस की टक्कर से बाइक सवार दो व्यक्तियों की मौत

अलवर। राजस्थान में खैरथल तिजारा जिला के शेखपुर थाना अंतर्गत भामडका गांव रोड पर कोहरे के चलते स्कूल की बस की टक्कर से बाइक पर सवार दो व्यक्तियों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया है कि खिदरपुर गांव की ओर से स्कूल की बस आ रही थी और कजरिया कंपनी से काम कर खिदरपुर की ओर बाइक पर बैठकर दोनों युवक जा रहे थे। भामडका गांव के निकट बस एवं बाइक की भिड़ंत हो गई। बाइक पर बैठे दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान फेसल एवं अमजद खान निवासी अमीरनगर, कजरिया कंपनी से काम कर अपने घर जा रहे थे। रास्ते में कोहरा छाया हुआ था।

## तीन वर्ष से एक ही विभाग में जमे कर्मचारियों का होगा विभागीय तबादला

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने बुधवार को सेक्टर-6 कार्यालय के कई विभागों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। सीईओ ने एसीईओ सतीश पाल से ऐसे कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। साथ ही एसीईओ कार्मिक से ऐसे कर्मचारियों की विभागवार लिस्ट बनाने को कहा, जो कि तीन वर्ष या इससे अधिक समय से एक ही विभाग में जमे हुए हैं। ऐसे कर्मचारियों का विभागीय तबादला होगा।

निरीक्षण के दौरान औद्योगिक विभाग में कार्य असंतोषजनक मिलने पर दीपक कुमार एवं सहायक सारिका गुप्ता को विभाग से अन्यत्र हस्तांतरित करने तथा कार्यालय अनुरूप परिधान नहीं होने पर सहायक राजेश गौतम को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए गए।

इसके अलावा सीईओ ने परिसंपत्ति विभागों द्वारा जारी किए जाने वाले धारा-10 एवं वाणिज्यिक उपयोग के नोटिस का संज्ञान लिया गया। दरअसल, सीईओ के पास धारा 10 का नोटिस जारी कर विभागों की ओर से दुरुपयोग की शिकायतें मिल रहीं थी। लिहाजा उन्होंने ऐसे नोटिस की सूची मांगी। लेकिन विभाग के अलावा एसीईओ स्तर पर भी ऐसी किसी सूची के होने से इंकार किया गया।

इस पर सीईओ ने रोष जाहिर करते हुए सभी विभागों को धारा 10 के नोटिस की सूची तैयार करने के आदेश दिए गए।

उन्होंने वित्त नियंत्रक से नोटिस जारी करने के बाद नोटिस वापसी के मद में प्राप्त होनी वाली धनराशि के संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त मिक्स्ड लैंड यूज़ के प्रकरणों में आवेदनों के निस्तारण में अनियमितता तथा देरी के संबंध में संबंधित एसीईओ को भूखंडवार लंबित आवेदनों तथा अध्ययन स्थिति संबंधी आख्या प्रस्तुत करने को कहा।

## संसद के शीतकालीन सत्र को लेकर सरकार ने 2 दिसंबर को बुलाई सर्वदलीय बैठक

नई दिल्ली। (पीएमए) केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने 4 दिसंबर से शुरू होने जा रहे संसद के आगामी शीतकालीन सत्र को वर्तमान लोकसभा का अंतिम सत्र बताते हुए विपक्ष से सहयोग करने और चर्चा में शामिल होने की अपील की है। जोशी ने बुधवार को दिल्ली में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि संसद का आगामी शीतकालीन सत्र 4 दिसंबर से शुरू हो रहा है और सरकार ने 2 दिसंबर को सर्वदलीय बैठक बुलाई है।



उन्होंने कहा कि सरकार ने फिलहाल सत्र के लिए 24 विधेयकों को तय किया है, आने वाले एक-दो दिनों में इसकी सूची को फाइनल कर लिया जाएगा और सरकार सर्वदलीय बैठक में सभी दलों को इसके बारे में जानकारी देगी। जोशी ने शीतकालीन सत्र को वर्तमान लोकसभा का अंतिम सत्र बताते हुए विपक्षी दलों से सहयोग करने और सदन में चर्चा में शामिल होने का भी अनुरोध किया। सरकार शीतकालीन सत्र के दौरान तेलंगाना में सेंट्रल ट्राइबल यूनिवर्सिटी स्थापित करने और जम्मू कश्मीर एवं पुड्डुचेरी विधान सभा में महिलाओं को आरक्षण देने सहित सात नए विधेयकों को सदन में पेश कर सकती है। वहीं इसके साथ ही सरकार ने आईपीसी, सीआरपीसी और इंडियन एविडेंस एक्ट की जगह लेने वाले भारतीय न्याय संहिता विधेयक-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक-2023 और भारतीय साक्ष्य विधेयक 2023 के साथ-साथ मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित विधेयक सहित 18 विधेयकों को भी सत्र के लिए लिस्ट किया है।

संसद का शीतकालीन सत्र इस बार 4 दिसंबर को शुरू होने जा रहा है और इसके 22 दिसंबर तक चलने की संभावना है। शीतकालीन सत्र के 19 दिनों के दौरान 15 बैठकें होंगी। संसद का यह शीतकालीन सत्र पांच राज्यों के चुनावी नतीजे आने के अगले दिन से शुरू होने जा रहा है और ऐसे में चुनावी नतीजों का असर संसद सत्र की कार्यवाही पर भी पड़ना तय है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम विधान सभा चुनाव की मतगणना 3 दिसंबर को होनी है और इसके अगले दिन यानी 4 दिसंबर से संसद का यह शीतकालीन सत्र शुरू होने जा रहा है।

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला अगर टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की संसद सदस्यता रद्द करने की एथिक्स कमेटी की सिफारिश को स्वीकार कर लेते हैं तो उनकी सदस्यता रद्द करने का प्रस्ताव भी संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान ही लोक सभा में रखा जा सकता है।

### कांग्रेस विधायक रैट होल माइनर्स जाबांजों को एक माह का वेतन देकर करेंगे सम्मानित

नैनीताल। उत्तराखंड कांग्रेस पार्टी के सभी विधायक सिलक्यारा टनल में फंसे 41 श्रमवीरों को बाहर निकालने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले 'रैट होल माइनर्स' के जाबांजों को एक महीने का वेतन देकर सम्मानित करेंगे। उत्तराखंड विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता यशपाल आर्य ने गुरुवार को एक बयान जारी कर यह बात कही। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि कब और कहां वह इन जाबांजों का सम्मान करेंगे। उन्होंने जारी बयान में कहा कि रैट होल माइनर्स को प्रदेश सरकार द्वारा दिया गया एक लाख रुपए का पारितोषिक बहुत कम है। उन्होंने आगे कहा कि जब सरकार के सभी योजना असफल रहे तो रैट होल माइनर्स के जाबांजों की बदौलत टनल में फंसे श्रमवीरों को बाहर निकालने में कामयाबी मिली है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी के सभी विधायकों की ओर से इन रैट होल माइनर्स के जाबांजों को एक महीने का वेतन बतौर पारितोषिक देकर सम्मानित किया जायेगा।

## कश्मीर घाटी के ऊपरी इलाकों में ताजा हिमपात



श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में गुरुवार को घाटी के ऊपरी इलाकों में ताजा हिमपात और मैदानी इलाकों में बारिश हुई, जिससे सामान्य गतिविधियां बाधित हुईं और एहतियात के तौर पर कई सड़कें बंद कर दी गईं।

मौसम विज्ञान विभाग ने यह जानकारी दी।

उत्तरी कश्मीर में गुलमर्ग के स्की रिसॉर्ट में ताजा हिमपात हुआ, जिससे वहां रहने वाले पर्यटक काफी खुश हुए।

दूधपथरी, सोनमर्ग, मुगल रोड, दक्षिण कश्मीर में पीर पंजाल पर्वत श्रृंखला, कुपवाड़ा और बांदीपोरा के ऊपरी इलाकों में भी आज ताजा हिमपात हुआ। एक यातायात अधिकारी ने कहा कि दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले को जम्मू संभाग के पुंछ और राजौरी जिलों से जोड़ने वाली ऐतिहासिक मुगल रोड को ताजा बर्फ जमा होने के कारण एहतियात के तौर पर बंद कर दिया गया है।

फिलहाल, ताजा बर्फबारी के कारण लद्दाख में रणनीतिक श्रीनगर-सोनमर्ग-गुमरी सड़क संपर्क जोजिला दर्रा पर यातायात बंद कर दिया गया है। यातायात अधिकारियों ने कहा, बर्फ हटाने का काम जारी है और हरी झंडी मिलने के बाद सड़क को वाहनों के आवागमन के लिए खोल दिया जाएगा।

जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर सहित कश्मीर घाटी के मैदानी इलाकों में आज भारी बारिश हुई, जिससे सामान्य गतिविधियां बाधित हो गईं। आज जम्मू-कश्मीर के मध्य और ऊंचाई वाले इलाकों में हल्के हिमपात और कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं।

## कुख्यात गैंगस्टर जस्सा हप्पोवाल दो पिस्तौल सहित गिरफ्तार

जालंधर। पंजाब पुलिस ने कुख्यात गैंगस्टर करनजीत सिंह उर्फ जस्सा हप्पोवाल को दो पिस्तौलों सहित गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने गुरुवार को कहा कि कम से कम छह हत्या के मामलों में वांछित जस्सा हप्पोवाल विदेश में बैठे गैंगस्टर राजेश कुमार उर्फ सोनू खत्री और जसप्रीत सिंह उर्फ जस्सा मोहनवालिया का गुर्गा है। उन्होंने कहा कि गैंगस्टर जस्सा हप्पोवाल पिछले महीने जालंधर ग्रामीण के गांव भोजोवाल में हुई मां और बेटी की सनसनीखेज दोहरी हत्याकांड और अन्य जघन्य अपराध में भी शामिल था। आरोपियों ने आग लगाने से पहले दोनों मृतकाओं के शरीर और चेहरे पर मिट्टी का तेल भी डाला था। पुलिस टीमों ने उसके कब्जे से .30 बोर और .32 बोर के दो पिस्तौल, दो मैगजीन और 10 कारतूस



भी बरामद किए हैं, इसके अलावा उनकी काले रंग की मोटरसाइकिल बिना पंजीकरण नंबर प्लेट के जब्त कर ली है। डीजीपी यादव ने कहा कि विश्वसनीय जानकारी मिलने के बाद जस्सा हप्पोवाल अपने विदेश में बैठे आकाओं के निर्देशों पर 3-4 लक्षित हत्याओं को अंजाम देने की साजिश रच रहा है और अपने अगले लक्ष्यों में से एक की रेकी करने की राह पर है। इसके बाद काउंटर इंटेलिजेंस जालंधर की टीमों ने एक योजना तैयार की और जिले के बाहरी इलाके में उसकी मोटरसाइकिल को रोकने के बाद उसे सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया।

### केन्द्र ने जोशीमठ के लिए 1658.17 करोड़ रुपए की पुनर्निर्माण योजना को मंजूर दी

देहरादून। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समिति ने गुरुवार को उत्तराखंड के आपदाग्रस्त जोशीमठ के लिए 1658.17 करोड़ रुपए की रिकवरी एवं पुनर्निर्माण योजना को मंजूरी दी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने योजना की स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री शाह का आभार प्रकट किया है। योजना के तहत राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) की रिकवरी एवं पुनर्निमार्ण विंडो से 1079.96 करोड़ रुपए की केंद्रीय सहायता दी जाएगी। राज्य सरकार राहत के लिए राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ) से 126.41 करोड़ रुपए और राज्य के बजट से 451.80 करोड़ रुपए देगी। इसमें पुनर्वास के लिए 91.82 करोड़ रुपए भूमि अधिग्रहण की लागत शामिल है।

## स्वस्थ, सुखी और विकसित भारत है मोदी की गारंटी : जयराम ठाकुर

शिमला। हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत का संकल्प निर्धारित समय में पूरा होगा और उनके सभी लक्ष्य तय समय में पूरे होते हैं। लक्ष्य पूरे होने का कारण उनकी दूरदर्शिता और हर लक्ष्य को हासिल करने के लिए की गई उनकी योजना है। श्री मोदी द्वारा दी गई सभी गारंटियों के पूरी होने की पूरी गारंटी है।

ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री के सर्वे भवन्तु सुखिन: सर्वे संतु निरामया के ध्येय से किए जा रहे काम का लाभ आज पूरे देश को मिल रहा है। प्रधानमंत्री का लक्ष्य है कि भारत में सभी लोग स्वस्थ्य, सुखी और खुशहाल हों। इसके लिए सरकार द्वारा देश के 140 करोड़ लोगों के लिए



योजनाएं चलाई गई। समाज के हर वंचित वर्ग का ध्यान रखा गया, जिससे विकास की दौड़ में कोई पीछे न रह जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपना दायित्व सम्भालते ही देश के वंचितों के लिए काम करना शुरू किया। किसानों और वंचितों के लिए योजनाएं चलाई। सस्ती दवा से लेकर नि:शुल्क इलाज की व्यवस्था दी। आज सिर्फ़ आयुष्मान भारत से 60 करोड़ लोगों को पांच लाख रुपए के नि:शुल्क इलाज की सुविधा प्राप्त है। प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के माध्यम से लोगों को 50 से 90 प्रतिशत तक सस्ती दवाएं मिल रही है। हृदय रोग के पीड़ितों को लगने वाले लाखों रुपये के स्टंट की क़ीमतें प्रधानमंत्री निर्देश पर कई गुना कम की गई। जो अब आम आदमी की पहुंच में हैं। नेता प्रतिपक्ष ने देश भर में 15 हज़ार नए जन औषधि केंद्र खोलने के लिए प्रधानमंत्री का हृदय से आभार जताया। उन्होंने कहा कि पहले से देश में दस हज़ार प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र चल रहे थे, अब इनकी संख्या 25 हज़ार हो जाएगी। उन्होंने कहा कि जन औषधि में 12 से 15 हज़ार मूल्य की दवाओं के लिये आम लोगों को तीन से चार हज़ार खर्च करने पड़ेंगे, आम आदमी के लिए यह बहुत बड़ी राहत है।

## शार्ट न्यूज

### शराबियों ने मंदिर की मूर्तियों को किया खंडित

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र के रिछपाल गढ़ी गांव में कुछ अज्ञात शराबियों ने रात में एक मंदिर में जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान शराबियों ने मंदिर में मूर्तियों को खंडित कर दिया। इसके अलावा मूर्तियों के कपड़ों को उतार कर उन्हें आग के हवाले कर दिया। गांव वाले और पुलिस की सूझबूझ के चलते किसी भी तरह का कोई हंगामा नहीं हुआ और पुलिस ने मंदिर में नई मूर्तियों को स्थापित कर दिया। दरसअल यह पूरा मामला बिसरख थाना क्षेत्र के रिछपाल गढ़ी गांव का है। जहां पर गुरुवार सुबह गांव के मंदिर पर पूजा करने के लिए आए लोगों ने देखा कि मंदिर में मूर्तियां खंडित पड़ी है। मूर्तियों के कपड़ों को किसी के द्वारा आग लगा दी गई है। तत्काल प्रभाव से इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए और वह इस घटना की जांच में जुट गए। इस दौरान ग्रामीणों के साथ पुलिस ने संवाद करने के बाद खंडित मूर्तियों को हटा दिया और वहां पर नई मूर्तियों को स्थापित कर दिया गया। गांव के रहने वाले धनीराम ने बताया कि किन्हीं अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा हमारे गांव के मंदिर पर रात में उत्पात मचाया गया। कई मूर्तियों को खंडित कर दिया गया और उनके कपड़ों को उतार कर भी आग के हवाले कर दिया गया। जैसे ही पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंच गई और पुलिस ने नई मूर्तियां यहां पर स्थापित कर दी।

### घर में हुए चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

गाजियाबाद। गाजियाबाद के नंदग्राम थाना क्षेत्र में 18 नवंबर को चोरों ने एक घर को निशाना बनाया था। घरवाले शादी में गए थे। चोर इस बंद मकान में से 22 लाख रुपए नगद लाइसेंस रिवाल्वर एलईडी और जेवरात चुराकर ले गए थे। पुलिस ने गुरुवार को 6 चोरों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से नकदी, जेवरात, लाइसेंससी रिवाल्वर और एलईडी बरामद की है। गाजियाबाद के डीसीपी सिटी निपुण अग्रवाल के मुताबिक थाना नंदग्राम के मोरटी गांव में रहने वाले रोहित चौधरी के यहां 18 तारीख को चोरी हुई थी। सभी घरवाले शादी में गए हुए थे। रोहित ने पुलिस में इसकी तहरीर दी थी। पीड़ित की तहरीर के आधार पर गाजियाबाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। गाजियाबाद पुलिस ने गुरुवार को खुलासा करते हुए 6 चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए हुए 15 लाख 27 हजार रूपये, लाइसेंसी रिवाल्वर और 18 तोला सोना भी बरामद किया है। पकड़े गए आरोपियों के नाम सन्नी, उमेश, ललित, पप्पू, मोहित और कबीर है। डीसीपी सिटी निपुण अग्रवाल के मुताबिक इस गिरोह के बदमाश बेहद कम पढ़े लिखे या अनपढ़ है। यह गैंग बंद पड़े मकान की रेकी करता है। उसके बाद मौका मिलते ही वारदात को अंजाम देकर अंडर ग्राउंड हो जाया करता था। पुलिस ने सर्विलांस और सीसीटीवी की मदद से आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### दरोगा पर हुए जानलेवा हमले में एफआईआर

गाजियाबाद। गाजियाबाद में तैनात एक दरोगा ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज करवाया है। दरोगा का आरोप है कि अगस्त महीने में गाजियाबाद कोर्ट के सामने दो लोगों ने उसे रोक कर सरकारी केस डायरी फाड़ कर जान से मारने की नीयत से गोली चलाई। पुलिस ने जब उसका मुकदमा नहीं लिखा, तो उसको कोर्ट का सहारा लेना पड़ा। गाजियाबाद में तैनात सब इंस्पेक्टर लोकेंद्र सिंह ने गाजियाबाद कोर्ट से मुकदमा दर्ज करवाया है। मुकदमा चंद्रकांत और उसके पुत्र गौरव पर दर्ज कराया गया है। दैनिक भास्कर से बात करते हुए सब इंस्पेक्टर लोकेंद्र सिंह ने बताया कि 4 अगस्त 2023 को जब वह थाना सिहानी गेट से कोर्ट जा रहा था। तभी कोर्ट के गेट पर दोनों आरोपियों ने रोक कर उसके साथ बदसलूकी की। मुकदमे की केस डायरी छीन कर फाड़ दी। वहीं जान से मारने की नीयत से पिस्तौल से फायरिंग की। लोकेंद्र सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों की एक मुकदमे की जांच वह कर रहा था। दोनों आरोपी थाना सिहानी गेट के नासिरपुर चौकी क्षेत्र में रहते हैं। लोकेंद्र सिंह ने बताया कि होली पर मारपीट की थी। जिसकी जांच वह नासिरपुर चौकी इंचार्ज रहते हुए कर रहे थे। जिसको लेकर यह दोनों लोग उन से रंजिश रखते हैं। लोकेंद्र सिंह के मुताबिक इन पर 6 मुकदमे पहले से कायम है। यह तड़ीपार है। लोकेंद्र सिंह के मुताबिक उन पर हुए हमले की सूचना उसने कविनगर थाने में दी। लेकिन उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई।

### हवा हवाई रेस्टोरेंट के सामने हुआ हादसा: बाइक का टक्कर में दो युवकों की मौत




गाजियाबाद। गाजियाबाद में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर बुधवार की रात हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। जबकि एक युवक घायल है। यह तीनों युवक एक मोटरसाइकिल पर मेरठ से शादी में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। हादसा हवा हवाई रेस्टोरेंट के सामने हुआ। यहां पहले भी इस तरह के हादसे हो चुके हैं। गाजियाबाद के थाना मसूरी प्रभारी नरेश शर्मा ने बताया कि दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर बुधवार रात 11: 00 बजे अज्ञात वाहन ने एक बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में राहुल और शिवानंद पांडे नाम के युवकों की मौत हो गई। जबकि सागर नाम का युवक अस्पताल में भर्ती है। तीनों युवक मेरठ से शादी में शामिल होकर लौट रहे थे। पुलिस के मुताबिक जिस वाहन से मोटरसाइकिल की टक्कर हुई, वह फिलहाल अज्ञात है। हादसे में राहुल की मौके पर मौत हो गई। वहीं शिवानंद पांडे को रात में दिल्ली के गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां गुरुवार सुबह उसकी मौत हो गई। वहीं सागर अभी अस्पताल में भर्ती है। इस एक्सप्रेस-वे पर दो पहिया वाहन प्रतिबंधित है। उसके बावजूद एक बाइक पर तीन युवक आ रहे थे। इस एक्सप्रेस-वे पर हवा हवाई रेस्टोरेंट पर हवाई जहाज से रेस्टोरेंट बनाया है। पहले भी कई हादसे हो चुके हैं।

# 'आप' ने केजरीवाल के खिलाफ भाजपा पर षड़यंत्र रचने का लगाया आरोप

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को खत्म करने के लिए षड़यंत्र रचने का आरोप लगाते हुए कहा कि इसलिए पार्टी के एक-एक नेता को जेल में बंद करने का सिलसिला शुरू किया गया है।



आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पार्टी शुक्रवार से दिल्ली में मैं भी केजरीवाल'' हस्ताक्षर अभियान चलाएगी। एक से 20 दिसंबर तक चलने वाले इस अभियान में राजधानी की जनता से पूछा जाएगा कि अगर मोदी सरकार द्वारा फर्जी मामला बनाकर श्री केजरीवाल को गिरफ्तार किया जाता है तो क्या उनको इस्तीफा दे देना चाहिए या जेल से ही दिल्ली सरकार चलानी चाहिए।

इस अभियान में दिल्ली सरकार के मंत्री, पार्टी के विधायक, पार्षद और पदाधिकारी घर-घर जाएंगे और लोगों से चर्चा कर उनकी राय जानेंगे।

उन्होंने कहा कि भाजपा दिल्ली के अंदर लगातार विधानसभा चुनाव हार रही है। निगम में 15 साल लगातार सरकार चलाने के बावजूद दिल्ली के लोगों ने श्री केजरीवाल के कामों को प्राथमिकता देते हुए भाजपा को निगम से उखाड़कर फेंक दिया।

केजरीवाल के नेतृत्व में 'आप'' की सरकार जिस तरह से दिल्ली में काम कर रही है, उसे देखकर भाजपा के शीर्ष नेताओं और श्री मोदी को लगने लगा है कि दिल्ली के अंदर किसी भी कीमत पर भाजपा अपनी सरकार नहीं बना सकती है।

राय ने कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल को खत्म करने के लिए भाजपा ने षड़यंत्र शुरू किया है।

इसी षड़यंत्र के तहत मोदी ने फर्जी शराब घोटाले का केस बनाकर पार्टी के एक-एक नेता को जेल में बंद करने का सिलसिला शुरू किया है। भाजपा हमारे विधायकों को तोड़ नहीं सकती, खरीद नहीं सकती और झुका नहीं सकती इसलिए अब दिल्ली के श्री केजरीवाल को गिरफ्तार करने की तैयारी हो रही है। इसके पीछे भाजपा का मकसद है कि मुख्यमंत्री को गिरफ्तार कर लिया जाएगा तो दिल्ली की सरकार गिराई जा सकती है और आप को तोड़कर उसे खत्म किया जा सकता है।

राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि भाजपा पूरे देश में केवल श्री केजरीवाल को अपनी चुनौती समझती है। भाजपा को लगता है कि अगर श्री केजरीवाल को किसी फर्जी मुकदमें में गिरफ्तार करने में सफल होते हैं तो आम आदमी पार्टी खत्म हो जाएगी और दिल्ली सरकार का कामकाज ठप हो जाएगा।

# नोएडा में 9 को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**एजेंसी**

गौतम बुद्ध नगर। गौतमबुद्धनगर के जिला न्यायालय सूरजपुर में आगामी 9 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसके अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार व सफल बनाने के लिए गुरुवार को एक मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में आगामी 9 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए व जन सामान्य में प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से एक वाहन को रवाना किया गया। इस दौरान जनपद न्यायाधीश अवनीश सक्सेना द्वारा प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाई गई। इस दौरान बताया गया कि प्रचार वाहन के माध्यम से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में जनसामान्य के मध्य आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक सहभागिता के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जायेगा। राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यापक प्रचार के लिए प्रचार वाहन एनपीसीएल विभाग के माध्यम से उपलब्ध कराई गई है। अपर जिला जज प्रथम गौतमबुद्धनगर प्रतीक्षा नागर, अपर जिला जज पोक्सो द्वितीय गौतम बुद्ध नगर चंद्र मोहन श्रीवास्तव, अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर ऋचा उपाध्याय तथा एनपीसीएल विभाग की ओर से कपिल शर्मा, मनोज भाटी तथा गलगोटिया विश्वविद्यालय एवं ईशान लॉ कॉलेज के पीएलबी विधि छात्र एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में नामित परा विधिक स्वयं सेवक अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

### विकसित भारत संकल्प-यात्रा के प्रचार-वाहन को हरी-झंडी दिखाकर किया गया-रवान




गौतम बुद्ध नगर। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कलेक्ट्रेट परिसर से जनपद के शहरी क्षेत्र के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना। 26 जनवरी 2024 तक विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जनपद की समस्त ग्राम पंचायत में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में विकसित भारत संकल्प यात्रा 26 जनवरी 2024 तक संचालित रहेगी, जिसमें जनहितार्थ केंद्र व राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं का विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रचार वाहन के माध्यम से जनपद के शहरी क्षेत्रों में भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का ऑडियो/वर्चुअल प्रदर्शन द्वारा व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य जन सामान्य ,आम नागरिकों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय में लाभान्वित कर, उन्हें जागरूक करना है। ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंच सके। गौरतलब है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की थी। इस योजना के तहत हर व्यक्ति तक सरकार की हरी योजना के बारे में जानकारी पहुंचना है। जिससे कि वह सरकार की योजनाओं का लाभ उठा सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, डिप्टी कलेक्टर चारुल यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह तथा अन्य अधिकारीकरण उपस्थित रहे।

# दिल्ली में जर्जर सड़कों से राजधानी की छवि हो रही है धूमिल

## उप- राज्यपाल से दिल्ली सड़क निर्माण प्राधिकरण का गठन करने की मांग : शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय

अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री एवं दिल्ली आदर्श मूल ग्रामीण पंचायत महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने दिल्ली के उप-राज्यपाल माननीय श्री विनय कुमार सक्सेना को एक्स पर पोस्ट कर उनसे राजधानी दिल्ली में दिल्ली सड़क निर्माण प्राधिकरण के गठन की मांग की है।

वत्स ने कहा कि दिल्ली में सड़क निर्माण के लिए एक एजेंसी ना होने से सड़कों की स्थिति बद से बद्तर हो रही है। इस समय सड़क निर्माण के लिए पीडब्ल्यूडी, एमसीडी, डीडीए, कैंटोंमेंट बोर्ड, सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग, एनडीएमसी जैसी अनेकों एजेंसियां काम करती हैं। लेकिन मानसून के एकदम बाद से सडक निर्माण कार्य में तेजी नहीं आई है। डीडीए अपने क्षेत्राधिकार में सड़क निर्माण में सबसे अधिक कोताही बरत रहा है। डीडीए की रोहिणी के सभी सेक्टरों में सड़कें टूटी पड़ी हैं। रोहिणी के सेक्टर 20,21,22,2×,24,25,26,27,28,29, 30,31,32,33,34,35,36,37,38 में







मेन रोड और लिंक रोड सब खस्ताहाल हैं। गड्ढों की भरमार है। लेकिन डीडीए के सड़क निर्माण परियोजना के अधिकारियों को यह खराब सडकें दिखाई नहीं देती। रिठाला मैट्रो स्टेशन से आगे नाला पार करते ही डीडीए का एरिया शुरू हो जाता है। यहां सेक्टर 24-25 की शुरुआत से लेकर रोहिणी हेलीपोर्ट सेक्टर ×7तक सड़क की सेहत ठीक नहीं है।

पीडब्ल्यूडी का ओचंदी रोड पश्चिमी यमुना कैनाल से बनना शुरू तो हुआ पर सैंटर जेवियर स्कूल पर काम रोक दिया गया। यहां से बवाना तक सड़क निर्माण अधूरा पड़ा है। सड़क के दोनों और सड़क की मजबूती के लिए टाइल्स भी नहीं लगी हैं।

यही हाल जैन नगर से बेगमपुर गांव में कंझावला रोड का है।

सालों से जल बोर्ड ने गहरे सीवर डालने के लिए सड़क की खुदाई की थी। यहां आज तक सड़क नहीं बनीं। बसों की आवाजाही भी वाया रोहिणी हेलीपोर्ट हो रही है।

करावा से मुंडका मैट्रो स्टेशन, नांगलोई से नजफगढ़ तक, रानीखेड़ा से मुबारकपुर डबास की सड़कों का भी यही हाल है।

दिल्ली देहात के सैंकड़ों गांवों के फिरनी रोड कई सालों से टूटे पड़े हैं। इन्हें बनाने और मरम्मत की जिम्मेदारी सिखाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग की है। लगभग 200 गांवों की फिरनी रोड पैदल चलने लायक भी नहीं है।

इसी समस्या के समाधान के लिए शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने दिल्ली के उप-रा'यपाल से आग्रह किया है कि वह अपनी अध्यक्षता में दिल्ली में एकीकृत उ' चाधिकार प्राप्त दिल्ली सड़क निर्माण और मरम्मत प्राधिकरण का गठन करें।

ताकि दिल्ली के लोगों को सड़क निर्माण के लिए अलग-अलग एजेंसियों के चक्कर ना लगाने पड़ें।

वत्स ने कहा कि अब सभी एजेंसियों को चाहिए कि वह युद्ध स्तर पर समूची दिल्ली में सड़कों के नव-निर्माण कार्य में तेजी लाएं और एलजी हाउस को रिपोर्ट करें कि दिल्ली के किस क्षेत्र में कि तनी सड़क बनी है। अब सारी दिल्ली की जर्जर सड़कें बनवाई जाएं।

# गौतम बुद्ध नगर में पूर्व प्रधान का हत्यारोपी गिरफ्तार

## पैसों के विवाद में शादी समारोह में समधी को मारी दी गोली, भीड़ के सामने हो गया था फरार

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा की बिसरख थाना पुलिस ने शादी समारोह में घुसकर अपने समधी की गोली मारकर हत्या करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से उसकी लाइसेंस रिवाल्वर भी बरामद कर दी है।अभी इस मामले में कई आरोपी फरार चल रहे हैं ,जिनकी पुलिस तलाश कर रही है।



बिसरख थाना क्षेत्र में 27 नवंबर को यदुवंशी फार्म हाउस में होशियारपुर के रहने वाले अशोक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस दौरान हत्यारे घटना को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए। मृतक के बेटे ने पुलिस को तहरीर दी और बताया कि इस हत्या की घटना को अंजाम उन्हीं के समधी शेखर उर्फ चंद्रशेखर ने दिया है, जो कि हापुड़ के सिंभावली के रझेड़ा गांव का रहने वाला है।

शादी समारोह में हुई इस हत्या के बाद लोगों में रोष व्याप्त हो गया। जिसके बाद पुलिस ने इस मामले में तत्काल प्रभाव से आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया और इस घटना के खुलासे के लिए आठ टीमों का गठन किया गया।

पुलिस ने लोकल इंटेलीजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर घटना के दो दिन बाद आरोपी शेखर उर्फ चंद्रशेखर को तिगड़ी गोल चक्कर के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से आलाकत्ल रिवाल्वर भी बरामद कर ली गई। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसकी बेटी ज्योति की शादी 2021 में मृतक अशोक के बेटे दिनेश यादव के साथ हुई थी ।शादी के बाद से ही ससुराल वाले मेरी बेटी को परेशान किया करते थे ।ज्यादा परेशान किए जाने पर बेटी को मैं लेकर चला गया और वह मेरे पास ही रह रही थी ।इस मामले में समाज के लोगों के द्वारा फैसला भी किया गया लेकिन कोई बात नहीं बन पाई। हमारा डाइवोर्स को लेकर कोर्ट में भी मामला चल रहा था। 27 तारीख को शादी में इन लोगों से मेरी मुलाकात हुई और वहां पर वही पुराना विवाद छिड़ गया और हम लोगों के बीच विवाद हो गया।

### चोरी की बिजली से ई-रिक्शा चार्जिंग-स्टेशन और आरओ-प्लांट का संचालन

जेवर। नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड ने बुधवार की रात छापेमारी कार्रवाई के दौरान बिजली की चोरी से चल रहे ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन और आरओ प्लांट का भंडाफोड़ किया है। साथ ही विभाग ने अन्य और कई जगहों पर छापेमारी की कार्रवाई के दौरान 23 लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा है। इस मामले में आरोपियों के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कराते हुए 80 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। बिजली चोरों के खिलाफ जारी अभियान में एनपीसीएल की टीम ने सूरजपुर में बड़े पैमाने पर हो रही बिजली चोरी पकड़ी है। यहां सेवाराम नाम का शख्स एनपीसीएल के एलटी लाइन से अवैध केबल जोड़कर ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन और आरओ प्लांट का संचालन करते पकड़ा है। एनपीसीएल की टीम की ओर से की गई। इस कार्रवाई के दौरान सेवाराम के यहां 9 ई-रिक्शा बिजली की चोरी से चार्ज होते पाए गए। इस कार्रवाई के दौरान ये भी पता चला कि काफी समय में चोरी की बिजली से 13 ई-रिक्शा चार्ज करने की व्यवस्था थी। चोरी की बिजली से ई-रिक्शा चार्जिंग प्लांट के अलावा उसके यहां चोरी की बिजली से आरओ प्लांट का भी संचालन हो रहा था। सेवाराम के यहां बिजली का कोई कनेक्शन नहीं था। साथ ही सूरजपुर इलाके में ही एक और शख्स दीपक भाटी को भी बिना बिजली कनेक्शन के चोरी की बिजली से आरओ प्लांट का संचालन करते पकड़ा गया। साथ ही टीम ने सूरजपुर के अलावा डाबरा, सलेमपुर गुर्जर, नवादा, घोड़ी बछेड़ा, खोदना खुर्द, डेल्टा, चाई 3 और पी 3 इलाकों में भी कई जगहों पर बिजली चोरी पकड़ी।

# अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार और 30 पिस्टल बरामद

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने अवैध हथियार सप्लाई करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश कर तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपी मध्यप्रदेश से अवैध हथियार लाकर दिल्ली, यूपी, हरियाणा, राजस्थान व हिमाचल प्रदेश में गैंगस्टरों को सप्लाई करते थे। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी सुभाष वरकड़े, अब्दुल कलाम और दीपक बरेला के कब्जे से मैगजीन के साथ 30 अर्ध-स्वचालित पिस्टल बरामद की हैं।

स्पेशल सेल के विशेष पुलिस आयुक्त एचजीएस धालीवाल ने बताया कि दिल्ली और आसपास के राज्यों में विभिन्न अपराध में अवैध हथियारों के इस्तेमाल के बढ़ते मामलों को नियंत्रित करने के लिए स्पेशल सेल ने दिल्ली-एनसीआर में अवैध हथियार आपूर्तिकर्ताओं के खिलाफ विशेष अभियान शुरू किया हुआ है। लगातार निगरानी से पता चला कि यूपी के कुछ असलहा आपूर्तिकर्ता मध्य प्रदेश के अवैध असलहा आपूर्तिकर्ताओं के संपर्क में हैं और उनसे अवैध असलहा खरीदते हैं।

पहले ऑपरेशन में इंस्पेक्टर की टीम विवेकानन्द पाठक एवं इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह ने तकनीकी और मैन्युअल निगरानी के जरिये हथियार तस्करों की गतिविधियों के बारे में जानकारी जुटाई। इसके बाद मिले विशिष्ट इनपुट के बाद निरंकारी ग्राउंड, आउटर रिंग रोड के पास घेराबंदी कर मध्य प्रदेश के बैतूल के निवासी सुभाष वरकड़े को पकड़ लिया। आरोपी सुभाष के बैग से .32 बोर की कुल 10 अवैध सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल बरामद की गईं।

एक अन्य ऑपरेशन में अवैध हथियार तस्कर मेरठ के अब्दुल कलाम को मिलेनियम पार्क, सराय काले खां से 26 नवंबर को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी एक बैग ले जा रहा था और जांच करने पर बिस्तर की चादर में लपेटकर वोल्टेज स्टेबलाइजर में छिपाई गई 15 अर्ध-स्वचालित पिस्टल बरामद की गईं। इसके बाद आरोपी अब्दुल कलाम की निशानदेही पर अवैध हथियारों की आपूर्ति के स्रोत बुरहानपुर, मध्य प्रदेश के दीपक बारेला को 28 नवंबर को धार, एमपी से गिरफ्तार किया गया और उसके पास से 5 अर्ध-स्वचालित पिस्टल बरामद की गईं।

### पांच वर्ष से हथियार सप्लाई कर रहा था

आरोपी सुभाष ने खुलासा किया कि वह पांच साल से अवैध हथियारों के गोरखधंधे में लगा हुआ है। वह बैतूल, एमपी निवासी राजेश के कहने पर एमपी, यूपी और दिल्ली-एनसीआर में विभिन्न व्यक्तियों को अवैध हथियारों की सप्लाई करता था। वह एमपी से एक हथियार 8,000 से 10,000 में लेता था और उसे आगे प्रति पिस्तौल 15,000 से 20,000 रुपये में बेचता था।

आरोपी अब्दुल कलाम ने खुलासा किया कि वह मेरठ निवासी सलाउद्दीन के निर्देश पर हथियार खरीदता था। इस बार भी सलाउद्दीन के निर्देश पर बुरहानपुर, एमपी गया था और दीपक नामक व्यक्ति से अवैध हथियार खरीदे थे। सलाउद्दीन ने यह भी हिदायत दी कि वह एमपी जाते समय अपना मोबाइल साथ न ले जाए।

# जरूरी नहीं कि वंश का अंश परमहंस हो, कंस भी हो सकता है

## किसी का पैर खींचने से अच्छा है किसी का हाथ खींचो, क्या पता कोई अपना ही ऊपर आ जाए : आचार्य सुनील सागर जी महाराज

नई दिल्ली। ऋषभ विहार, दिल्ली में विराजित आचार्य श्री आदिसागरजी अंकलीकर परंपरा के चतुर्थ पट्टाधीश प्राकृताचार्य श्री सुनीलसागरजी गुरुदेव (ससंघ) के सानिध्य में परम पूज्य वात्सल्यमूर्ति आचार्य श्री विमलसागरजी महाराज का 63 वां %आचार्य पदारोहण दिवस मनाया गया। सर्व प्रथम धर्मसभा का शुभारंभ मंगलाचरण के माध्यम से हुआ। पधारे हुये सम्माननीय अतिथियों ने दीपप्रज्वलन एवं चित्र अनावरण की मंगल क्रियाऐं संपन्न की और पूज्य आचार्य श्री के चरणकमलों को प्रक्षालन कर चरण धूलि को मस्तक पर लगाकर सौभाग्य जगाया। पं. टीकमचंद जैन ने विनयांजलि समर्पित की। मुनिकुंजर ज्येष्ठाचार्य 108 आचार्य आदिसागर अंकलीकर महाराज के 111वें दीक्षा दिवस के पावन अवसर पर परमपूज्य तपस्वीसम्राट आचार्य श्री सन्मतिसागरजी महाराज के आशीर्वाद एवं चतुर्थ पट्टाधीश आचार्य श्री सुनीलसागर जी महाराज की प्रेरणा से




स्थापित आचार्य आदिसागर (अंकलीकर) अन्तर्राष्ट्रीय जागृति मंच मुंबई द्वारा जिनवाणी के प्रचार-प्रसार में अपने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियों एवं मुनिकुंजर आचार्य श्री आदिसागर अंकलीकर परम्परा के उन्नयन में योगदान करने वाले विद्वानों, पत्रकारों, जैन विद्या के अनुसंधानकर्ताओं और समाजसेवा में तथा त्यागी – व्रती सेवा में उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रतिष्ठित पाँच अंकलीकर पुरस्कार निम्नांकित विशिष्ट व्यक्तित्वों प्रदान किये गए।

1. आचार्य आदिसागर (अंकलीकर) विद्वत् पुरस्कार – पण्डित प्रो. वीरसागर जैन, निवासी दिल्ली को प्रदान किया गया
2. आचार्य महावीरकीर्ति लोकसेवा विधिक पुरस्कार – न्यायमूर्ति विमला जैन निवासी भोपाल को प्रदान किया गया
3. आचार्य विमलसागर शोधानुसंधान पुरस्कार – डॉ. किरीट जैन गांधी, निवासी घाटोल (राजस्थान) को प्रदान किया गया
4. ''तपस्वीसम्राट् आचार्य सन्मतिसागर पत्रकारिता पुरस्कार'' – श्री शैलेन्द्र जैन अप्रिय (संस्थापक एवं समूह सम्पादक – अमर भारती मीडिया समूह) निवासी दिल्ली को प्रदान किया गया
5. प्रथमगणिनी आर्यिका श्री विजयमती त्यागी सेवा पुरस्कार – श्री दिगम्बर जैन महिला आश्रम विद्यालय एवं छात्रावास, सागर को प्रदान किया गया। इन पुरस्कारों के अन्तर्गत प्रत्येक पुरस्कृत विशिष्ट व्यक्तित्व को स्मृतिचिह्न, सम्मान पत्र, शॉल, श्रीफल एवं इक्यावन हजार रु. की नक़द राशि प्रदान कर सत्कार किया गया। मंच संचालन महेंद्र जैन मनुज ने किया।

विराट धर्मसभा को संबोधित करते हुए आचार्य श्री ने कहा कि किसी का पैर खींचने से अच्छा है, किसी का हाथ खींचो। क्या पता कोई अपना ही ऊपर आ जाये। भगवान महावीर ने जीओ और जीने का संदेश दिया। अहिंसा, सदाचार और शाकाहार ही जीवन जीने की सच्ची पद्धति है। किसी के दुःख में मदद करना तो ही जीवन सार्थक है। डराना धमकाना तो जीवन व्यर्थ है, परंतु किसी के मुख पर मुस्कान लाना अर्थ है। ना किसी को डराएं, ना किसी को दबाएं। हम एकदूसरे की भावनाओं को समझें। अनेकांतात्मक दृष्टि रखेंगे तो ना कोई बड़ा, ना कोई छोटा है। अनेकांत से विचार करेंगे तो सभी समस्या का समाधान हो सकता है। इसलिए कहते हैं कि किसी का पैर मत खींचो, खींचना है तो हाथ खींचो और उसे आगे बढ़ाओ। वर्तमान में बिखरते परिवारों और बुजुर्गों की उपेक्षा पर आचार्य श्री ने कहा कि जरूरी नहीं कि वंश का अंश परमहंस हो, कंस भी हो सकता है अत: अपने परिवार के बच्चों को यथासमय संस्कारित करना चाहिए जिससे कि वह आपके बुढ़ापे में आपका सहारा बनें ना कि आपको ही बेसहारा बना दें। आचार्य सुनील सागर जी महाराज आचार्य श्री के मार्मिक प्रवचनों से उपस्थित जनसमूह जय जयकार करने लगा। पुरस्कार अलंकरण के पश्चात ऋषभ विहार महिला मंडल एवं बालिका मंडल द्वारा भक्ति नृत्य नाटिका के माध्यम आचार्य विमलसागर महाराज के चरणों में आचार्य पदारोहण दिवस पर विनयांजलि समर्पित की।

# संपादकीय

## भारतीय राजनीति में चुनावी महौल : कांग्रेस की चुनौती

भारतीय राजनीति में चुनाव हमेशा ही एक बड़ी चर्चा का केंद्र रहा है, और हाल के दिनों में पांच राज्यों में हुए चुनावों में कांग्रेस पार्टी का प्रदर्शन सब पर भारी पड़ा है। इस लेख में, हम इस चुनौतीपूर्ण चुनावी माहौल को समझेंगे और जानेंगे कि क्यों कांग्रेस की प्रति जनता में बढ़ती रुझान दिखाई दे रही है।

पंजाब : पंजाब में हुए चुनावों में कांग्रेस ने अच्छा प्रदर्शन किया और चुनौतीपूर्ण माहौल में भी उभरी रही। मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी की नेतृत्व में पार्टी ने जनता को अपनी दिशा में प्रबोधित किया।

उत्तर प्रदेश : उत्तर प्रदेश में हुए चुनावों में कांग्रेस ने साफ तौर पर दिखाई दी कि वह अपनी छवि को सुधारने में लगी है। यहां पार्टी ने विभिन्न राजनीतिक मुद्दों पर अपनी आड़ में मजबूती दिखाई।

उत्तराखंड : उत्तराखंड में हुए चुनावों में कांग्रेस ने जनता को एक सकारात्मक विकल्प के रूप में प्रस्तुत किया और चुनौतीपूर्ण प्रतिस्थान पर अपनी दृष्टि साफ की।

गोवा : गोवा में हुए चुनावों में कांग्रेस ने अपनी बढ़त बनाए रखने के लिए कड़ी मेहनत की और यहां पार्टी ने विभिन्न राजनीतिक मुद्दों पर जनता को जागरूक किया।

मणिपुर : मणिपुर में हुए चुनावों में कांग्रेस ने अपने पूर्व क्षेत्र में प्रभावी रूप से प्रदर्शन किया और वहां प्रतिस्थान पर मजबूती के साथ आई।

नेतृत्व में सुधार : कांग्रेस ने अपने नेतृत्व में सुधार करने का प्रयास किया है, और यह जनता के बीच में एक सकारात्मक संदेश बनाए रखने में सफल रही है। कांग्रेस ने अपने नेतृत्व में परिवर्तन का कार्य किया है और नए और ऊर्जावान नेताओं को पार्टी के मुख्यालय में लाकर एक सशक्त पार्टी की रूपरेखा तैयार की है।

जनसमर्थन : पार्टी ने जनसमर्थन प्राप्त करने के लिए विभिन्न राजनीतिक मुद्दों पर अपनी राय रखी और जनता के बीच में समर्थन बढ़ाने में सफल रही है।

समझदारी में सुधार : कांग्रेस ने विभिन्न राजनीतिक मुद्दों पर समझदारी में सुधार किया है और जनता को अपनी दृष्टि को समझाने में मदद की है।

राजनीतिक मुद्दों पर फोकस : कांग्रेस ने विभिन्न राजनीतिक मुद्दों पर अपनी राय रखी है और जनता को समझाया है कि उनके समस्याओं का हल कैसे निकाला जा सकता है।

युवा और उदारवाद : पार्टी ने युवा नेताओं को बढ़ावा देते हुए उदारवाद के मूल्यों पर भी जोर दिया है, जिससे युवा पीढ़ी को संजीवनी मिली है।

चुनावी परिणामों से साफ हो रहा है कि कांग्रेस ने पांच राज्यों में अच्छा प्रदर्शन किया है और वह जनता के बीच में फिर से पूर्ण रूप से स्थापित हो रही है। यह संकेत है कि आने वाले वर्षों में भारतीय राजनीति में एक नई दिशा आ सकती है और कांग्रेस फिर से अपनी पूर्वाधिकारिता को पुनर्स्थापित कर सकती है।



## लिफ्ट के जरिए लोगों की आवाजाही को सुरक्षित बनाने की जरूत

उत्तर प्रदेश सरकार ने लिफ्ट से होने वाले हादसों को रोकने के मकसद से एक सख्त कानून लाने की बात कही है, मगर सबसे ज्यादा जरूरी लिफ्ट की गुणवत्ता, रखरखाव और उसके संचालन में हर स्तर पर सावधानी सुनिश्चित करने की है।

बहुमंजिला इमारतों में लिफ्ट को एक अनिवार्य सुविधा के रूप में देखा जाता है। ऐसी इमारतों में घरों की खरीद-बिक्री के समय सबसे पहले यही देखा जाता है कि आवाजाही के लिए लिफ्ट की सुविधा है या नहीं। घर की खरीद-बिक्री में लोगों को आकर्षित करने के लिए विज्ञापनों में आधुनिक लिफ्ट को एक विशेष पहलू के रूप में पेश किया जाता है।

मगर पिछले कुछ समय से ऐसी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जो ऊंची इमारतों की रिहाइश के सपने में एक अतिरिक्त भय की स्थितियां पैदा कर रही हैं। खासतौर पर दिल्ली सहित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में ऐसे कई हादसे हुए, जिनमें लिफ्ट के टूटने या बंद होने की वजह से या तो लोगों की जान चली गई या फिर उन्हें गंभीर जोखिम का सामना करना पड़ा।

गौरतलब है कि मंगलवार को पश्चिमी ग्रेटर नोएडा के थाना बिसरख कोतवाली इलाके में स्थित एक आवासीय सोसाइटी में लगी दो लिफ्ट अचानक से बीच में ही रुक गई। उनमें आठ स्कूली बच्चों सहित बारह लोग मौजूद थे, जो लिफ्ट में ही फंस गए। जाहिर है कि ऐसी स्थिति में कोई बड़ी अनहोनी भी हो सकती है, लेकिन गनीमत है कि करीब पैंतीस मिनट की जद्दोजहद के बाद सोसाइटी के लोगों ने उन सबको किसी तरह बाहर निकाला।

विचित्र यह है कि लिफ्ट में फंसे लोगों ने इंटरकाम और अन्य तकनीक के जरिए मदद के लिए संपर्क करने की भी कोशिश की, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। स्वाभाविक ही अब समूची सोसाइटी के लोग वहां लगी लिफ्ट के इस्तेमाल को लेकर एक डर से गुजर रहे होंगे। संभव है कि इस हादसे को महज एक तकनीकी बाधा के तौर पर देखा जाए, लेकिन यह ध्यान रखने की जरूरत है कि कोई तकनीक जीवन को जिस तरह आसान और सुविधाजनक बनाता है, उसी में बहुत छोटी लापरवाही, चूक या मामूली खराबी की वजह से लोगों की जान भी चली जाती है।

इस तरह की यह कोई अकेली या पहली घटना नहीं है, जिसमें लिफ्ट की खराबी की वजह से लोगों और बच्चों की जिंदगी खतरे में पड़ी। करीब दो महीने पहले ग्रेटर नोएडा में ही एक बहुमंजिला इमारत की लिफ्ट गिर गई थी, जिसमें नौ लोग मारे गए थे। तब भी कारण के रूप में संचालन से लेकर रखरखाव में लापरवाही ही सामने आई थी।

विडंबना यह है कि इस तरह के हादसे बार-बार सामने आने के बावजूद बहुमंजिला इमारतों के प्रबंधनों को यह सुनिश्चित करने की जरूरत नहीं लग रही है कि लिफ्ट के जरिए लोगों की आवाजाही को सुरक्षित बनाई जाए। तकनीकी खराबी को दुरुस्त करने के साथ-साथ सिर्फ निर्धारित और नियमित जांच से ही लिफ्ट हादसे के जोखिम से लगभग पार पाया जा सकता है। फिर लिफ्ट के संचालन को लेकर सब कुछ कई बार वहां रहने वाले लोगों के भरोसे ही छोड़ दिया जाता है। सामान, वजन, लिफ्ट के इस्तेमाल को लेकर सामान्य जानकारी के अभाव की वजह से भी मुश्किल खड़ी हो जा सकती है। इसके अलावा, आपात स्थिति में सुरक्षा इंतजामों और सुरक्षा गार्डों सहित वहां रहने वाले लोगों के प्रशिक्षण को लेकर भी उदासीनता बरती जाती है।

आमतौर पर जब तक कोई हादसा नहीं होता, तब तक ऊंची इमारतों का रखरखाव विभाग नींद में खोया रहता है। उत्तर प्रदेश सरकार ने लिफ्ट से होने वाले हादसों को रोकने के मकसद से एक सख्त कानून लाने की बात कही है, मगर सबसे ज्यादा जरूरी लिफ्ट की गुणवत्ता, रखरखाव और उसके संचालन में हर स्तर पर सावधानी सुनिश्चित करने की है।


## खालिस्तान समर्थकों की हताशा से उपजी अभद्रता



- ललित गर्ग-

अमेरिका के न्यूयार्क में लांग आइलैंड क्षेत्र में गुरुपर्व के मौके पर गुरुद्वारे में माथा टेकने गए भारतीय राजदूत तरणजीत सिंह संधू से खालिस्तान समर्थकों की धक्का-मुक्की और शर्मनाक व्यवहार न केवल निन्दनीय है बल्कि सिख धर्म की पवित्र, मर्यादामय एवं शांतिप्रिय परम्परा को धुंधलाने का कुत्सित प्रयास है। सिखधर्म के संस्थापक, मानवीय मूल्यों के प्रेरक एवं राष्ट्रीयता के सुदृढ़ आधार महान धर्मगुरु के जन्मोत्सव-गुरुपर्व जैसे पवित्र एवं पावन अवसर पर ऐसी हरकत करने वाले सच्चे सिख कैसे हो सकते हैं? ऐसे खालिस्तान समर्थकों ने आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के लिए राजदूत संधू को जिम्मेदार ठहराते हुए उनके विरुद्ध नारेबाजी-धक्कामुक्की करना एवं अपने गुरुद्वारे की चौखट पर माथा टेकने आये इस विशिष्ट अतिथि एवं साधर्मिक पर हत्या की साजिश का आरोप लगाना हर दृष्टिकोण से तीव्र भर्त्सनापूर्ण है। कनाड़ा एवं अमेरिका में बढ़ रही हिन्दू विरोधी घटनाएं के पीछे छिपी दोनों देशों की मंशा एवं नियत की अनदेखी करना भारी भूल होगा क्योंकि इससे भारतीय संदर्भों में नई जटिलताएं खड़ी हो सकती है और इसका असर द्विपक्षीय संबंधों पर भी पड़ेगा।

जिस तरह दुनिया में मुस्लिम आतंकवाद चिन्ता का विषय है, ठीक उसी तरह खालिस्तानी आतंकवाद भी भारत सहित दुनिया के लिये एक बड़ा संकट बन रहा है। अपने राजनीतिक स्वार्थों के लिये कनाड़ा, अमेरिका, ब्रिटेन और आस्ट्रेलिया में कुछ खालिस्तान समर्थकों को संरक्षण मिलना, एक चिनगारी को आग बनाने एवं दुनिया में अशांति, हिंसा एवं आतंक के लिये उर्वरा भूमि तैयार करना है। कनाडा में प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की लोकप्रियता महंगाई और बेरोजगारी तथा लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था के चलते घट चुकी है और वह जैसे-तैसे अपना पद बचाने के लिए जुगाड़ में लगे हैं और इसके लिये खालिस्तान समर्थकों की अलगाववादी गतिविधियों को बल दे रहे हैं या इन गतिविधियों से इतने अनजान हो जाते हैं कि वे चाहे-अनचाहे उनकी राह आसान कर देते हैं। कनाडा में खालिस्तानी तत्व लगातार हिन्दू मंदिरों के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं और गुरपतवंत सिंह पन्नू ने तो यह धमकी भी दी है कि कनाडा से हिन्दुओं को निकाला जाना चाहिए। पन्नू ने हाल ही में एयर इंडिया के विमानों को निशाना बनाने की धमकी दी थी और वह लगातार भारत के विरुद्ध जहर उगल रहा है। प्रधानमंत्री ट्रूडो का इन साजिशों एवं धमकियों को नजरअंदाज करने का कारण उनका खालिस्तान समर्थकों से समझौता होना बताया जाता है। इसी के चलते जस्टिन ट्रूडो एक के बाद एक गलतियां कर रहे हैं,



जिसके चलते कनाडा में किसी दूसरे देश की तुलना में ज्यादा ड्रग तस्कर, आतंकी और गैंगस्टर मौजूद हैं। यह वही खालिस्तानी हैं जिन्होंने भारत के कनिष्क विमान को उड़ा दिया था, जिसमें 300 से ज्यादा कनाडाई नागरिक मारे गए थे। वहां खालिस्तान समर्थक अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं। क्या कनाड़ा अपनी धरती पर आतंकवाद को पोषण देकर बिन बुलाये एक गंभीर समस्या को नहीं न्यौत रहा है?

कनाड़ा की ही भांति अमेरिका भी खालिस्तानी आतंक को पनपा रहा है। यही कारण है कि अमेरिका ने तो भारत को यहां तक कह दिया था कि वह आतंकवादी निज्जर की हत्या की जांच में कनाडा को सहयोग करेगा। हैरानी इस बात की है कि जिस अमेरिका ने ओसामा बिन लादेन की तलाश में अफगानिस्तान की तेरा बोरा पहाड़ियों की खाक छानी और अंतत: पाकिस्तान में घुसकर लादेन को मारा था, जिस अमेरिका ने अफगानिस्तान में छिपे बैठे अल जवाहरी को ड्रोन मिसाइल से मार गिया और जिस अमेरिका ने इराक में घुसकर सद्दाम हुसैन को ढूंढकर फांसी पर चढ़ाया था उसे आतंकी निज्जर की हत्या और पन्नू पर हमले की साजिश की इतनी चिंता क्यों है? जबकि अमेरिका एक तरफ भारत से व्यापारिक और रणनीतिक साझेदारी बढ़ा रहा है। दूसरी तरफ वह खालिस्तानी आतंकवाद के मामले में दोगली चाल चल रहा है। अगर भारत और कनाडा के बीच तनाव बढ़ा तो अमेरिका की कूटनीतिक प्राथमिकताओं के चलते वह कनाड़ा का साथ देगा। इसका कारण कनाडा अमेरिका का सबसे बड़ा कारोबारी साझेदार एवं उनके पारम्परिक रिश्ते हैं।

ट्रूडो ने खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत की भूमिका को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं, अमेरिका ने ही इस मामले में उन्हें खुफिया जानकारी उपलब्ध कराई थी। अमेरिका ने अपने देश की भूमि पर पन्नू की हत्या की साजिश को न केवल नाकाम किया बल्कि इस साजिश में भारत के शामिल होने का आरोप लगाया है। ?इसके बाद अमेरिका की भूमिका को लेकर सवाल उठ खड़े हुए हैं। अमेरिका एवं कनाड़ा की खालिस्तान समर्थकों को लेकर भूमिका संदेह एवं शंकाग्रस्त ही रही है। पिछले कुछ समय से कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन और आस्ट्रिेलिया में कुछ खालिस्तान समर्थकों ने जिस तरह की हरकतें करनी शुरू कर दी हैं, उससे यही लगता है कि भारत में मनमानी करने में मिली हताशा को अब वे दूसरे देशों में अभिव्यक्त कर रहे हैं। लेकिन सरकार देश के साथ विदेश की धरती पर बढ़ रही खालिस्तान समर्थकों की घटनाओं को लेकर सतर्क एवं सावधान है। विशेषत: आतंकवादी पन्नू पर उसकी नजर है, क्योंकि वह अमेरिका में रहकर पंजाब में खालिस्तानी अलगाववादी मुहिम चला रहा है। भारत ने उसे आतंकवादी घोषित कर रखा है और उस पर एक दर्जन से ज्यादा केस दर्ज हैं। वह कथित खालिस्तान की स्थापना को लेकर डींगे हांकता एवं षड़यंत्र रचता रहता है। एक आतंकी इतना प्रभावशाली हो चुका है जो कनाडा में रह रहे भारतीय समुदाय को धर्म के आधार पर विभाजित करने के साथ भारत की एकता और अखण्डता को खंडित करने की कोशिश कर रहा है।

सिख समुदाय के लोग भी शांति चाहते हैं और अपने धर्म की आदर्श परम्पराओं को घूमिल होने से बचाने की कोशिश करते हैं। यही कारण है कि उन्होंने लांग आइलैंड गुरुद्वारे में उत्पाद मचाने की कोशिश करने वाले खालिस्तान समर्थकों को गुरुद्वारे से बाहर निकाल दिया। सिख समुदाय के लोगों ने यह साबित किया कि अवांछित हरकत करने वाले लोगों को सिख-प्रतिनिधि चेहरे के तौर पर नहीं देखा जा सकता। गिनती के कुछ लोग अगर खालिस्तान समर्थन के नाम पर मनमानी करने की उन्मादी कोशिश कर रहे हैं तो वे कामयाब नहीं होंगे। गुरुद्वारे के भीतर ही सिख समुदाय के लोगों ने राजदूत का जोरदार स्वागत करके खालिस्तान समर्थकों के मजसूबों पर पानी फेर दिया। वहां मौजूद राजदूत ने स्पष्ट किया कि भारत सरकार विदेश में बसे भारतीयों और सिख समुदाय के साथ करीबी रिश्ता कभी नहीं टूटने देगा। जाहिर है, अलगाववाद के झांसे में ज्यादातर सिख नहीं आ रहे हैं और उनकी प्राथमिकताओं में भारत की एकता, अमनचैन एवं सिखधर्म की मजबूत मर्यादाएं एवं शालीन परम्पराएं ही है। बावजूद इसके बड़ा सच यह भी है कि अमेरिका और खासतौर पर कनाडा में पिछले कुछ समय से खालिस्तान समर्थक गुटों ने अपने पांव पैलाए हैं और भारत पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं, उसक प्रति लापरवाही भी नहीं बरती जानी चाहिए।

सिख समुदाय के लोगों को भी एकजुट होकर उनके धर्म के नाम पर होने वाली इन अमानवीय, आतंकी एवं हिंसक घटनाओं का विरोध करना चाहिए। क्योंकि सिख धर्म को कालजयी बनाने के लिए गुरु गोविन्द सिंह ने सभी धर्मों और जातियों के लोगों को गुरु-शिष्य-परम्परा में दीक्षित किया एवं राष्ट्रीय एकता के लिये बलिदान की भावनाओं को जगाया। उन्होंने आने वाली शताब्दियों के लिए एक नए मनुष्य का सृजन किया। यह नया मनुष्य जातियों एवं धर्मों में विभक्त न होकर धार्मिकता, मानवीयता, राष्ट्रीय एकता एवं देश के संरक्षण के लिए सदैव कटिबद्ध रहने वाला है। सबको साथ लेकर चलने की यह संरचना, निस्संदेह, सिख मानस की थाती है। फिर, सिख धर्म का परम लक्ष्य मानव-कल्याण ही तो है। इन आदर्श परम्पराओं को धुंधलाने वाले खालिस्तान समर्थक, आतंकी पन्नू और उसकी अलगाववादी सोच को निस्तेज करना ही वक्त ही बड़ी जरूरत है।

## नैतिकता और सिदान्त की बातें केवल किताबों में

महात्मा गांधीजी की किताब (माय एक्सपेरिमेंट विथ ट्रुथ) मेरे सत्य के साथ प्रयोगमें प्रतिपादित बातेंआज वास्तविक जीवन से दूर बहुत दूर होते देखे गए हैं। सत्य और अहिंसा सही मायनों में सामाजिक जीवन से ही वाष्पित हो गए हैं। सच्चाई जीवन के हर पहलू से परे हो गई है। आज हम स्वयं दिग्भ्रमित हैं तो आने वाली पीढ़ी को हम क्या नैतिक, संस्कारिक और सांस्कृतिक विरासत दे पाएंगे ?

आज के इस उत्तर आधुनिक समाज में जहां उपभोक्तावादी संस्कृति की प्रधानता के परिपेक्ष में भौतिक साधनों एवं सुखों के लक्ष्य की प्राप्ति की एकमात्र उपाय रह गई वहां भौतिकवाद तथा शारीरिक सुख की प्राप्ति का प्रचलन पूरे समाज व देश में अपना परचम फैला चुका है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए झूठ फरेब एवं षड्यंत्र ने अपना जाल बुन रखा हैद्य प्राचीन काल से हम आध्यात्मिक, संस्कारिक, सांस्कृतिक रूप से बढ़ रहे थे पर विकास की अवधारणा ने एक नया स्वरूप ले लिया है इन परिस्थितियों में समाज के सदस्यों ने झूठ और फरेब का सहारा लेना शुरू कर दिया हैद्य भौतिकवाद सिर चढ़कर बोलने लगा है। व्यक्तिगत एवं सामाजिक आत्मीय संबंधों के मूल्य का तेजी से क्षरण होने लगा है। समाज के मूलभूत सिद्धांत तथा मूल्य गायब हो गए हैं।

सामाजिक मूल्यों के खत्म होने की प्रक्रिया में सत्य बोलना कि एक मात्र साधन शेष रह गया है, किंतु वर्तमान समय में सच बोलना एक कठिन तप और तपस्या की तरह ही है। महात्मा गांधी के जीवन में भी उनके अध्यात्मिक दर्शन में सत्य अहिंसा मूल अवधारणा रही है उन्होंने इस सत्य को पहचाना और यह आशा प्रकट की कि यदि व्यक्तियों में सत्य के प्रति आस्था पैदा हो जाए तो सामाजिक नैतिकता का स्वं स्वयं उच्च स्तर को प्राप्त कर सकता है और सही मायने में सत्य ही मनुष्य के आचरण की ऊंचाई मानी जाती है।

सत्य और अहिंसा पर चलने के लिए संयम, मनोबल, आत्मशक्ति और ऊर्जा ही एक बड़ा विकल्प है। सत्य और अहिंसा स्वाभिमान के प्रतीक है सत्य बोलने वाला मनुष्य स्वाभिमानी होता है दूसरी तरफ असत्य आत्मग्लानि का द्योतक है। कबीर दास जी ने भी सत्य को ईश्वर मानकर कई दोहों की रचना की है।

नकारात्मक व्यवहार सामाजिक स्तर पर किया जाने वाला सबसे महत्वपूर्ण दुर्गुण है क्योंकि इसका प्रभाव पूरे समाज एवं देश पर गंभीर परिणाम देने लगता है। झूठ बोलना और सच को नेपथ्य में धकेलना एक सबसे बड़ी सामाजिक बुराई के रूप में सामने आई है।

इसीलिए सामाजिक रूप से झूठ को सबसे बड़ा पाप कहा गया है पाप इस अर्थ में कहा गया है कि यह हमें दिग्भ्रमित करके वंचित कर्तव्य एवं रोजमर्रा के आत्मीय व्यवहार से वंचित रखता है और असत्य कथन को समस्त बुराइयों अपराधों की जननी माना जाता है।

हम भौतिकवादी मानसिकता से इतने अधिक ग्रसित हो गए हैं की पारिवारिक सदस्यों के बीच हमारे आत्मीय संबंध लुप्त प्राय होते जा रहे हैं और ऐसे बनावटी परिवेश में व्यक्ति तथा समाज अपनी भौतिक मानसिक विलासिता तथा सफलता के दायरे में सिमट कर रह गया है।

## दुश्मनी का ये अंदाज हमें पसन्द आया

बड़ी शिद्दत से निभाई है तुमने अदावत,
दुश्मनी का ये अंदाज हमें पसन्द आया।।

मासूम हो,रंजिश करने की नहीं उमर,
गुस्सा होता चेहरा लाल हमें पसंद आया।

रकीब की तरह तिरछी नजरो से न देखो,
आँखों का कातिलाना कहर हमें पसंद आया।

आते तो हर हंसी शाम सुलह के लिए,
बीच बीच में हो जाना नाराज हमें पसंद आया।

तेरी दुश्मनी का अंदाज भी फकत हसीन है,
रूबरू न आकर,ख्वाब में लेना खबर हमे पसंद आया।
खुदा ने सारी नफासत बक्शी है सिर्फ तुम्हे,
कभी बिजली सा कड़क जाना हमे पसंद आया।

लौट कर न आएंगे कभी कहकर जाना,
अगली साँझ तेरा सामने नजर हमे पंसन्द आया



संजीव ठाकुर
रायपुर

## भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान हासिल की गयीं उपलब्धियों पर प्रधानमंत्री का आलेख



नरेन्द्र मोदी

जब पिछले वर्ष भारत को यह जिम्मेदारी मिली थी, तब विश्व विभिन्न चुनौतियों से जूझ रहा था- कोविड-19 महामारी से उबरने का प्रयास, बढ़ते जलवायु खतरे, वित्तीय अस्थिरता और विकासशील देशों में ऋण संकट, जैसी चुनौतियां दुनिया के सामने थीं। इसके अलावा, कमजोर होता मल्टीलैटरलइज्म यानी बहुपक्षवाद इन चुनौतियों को और गंभीर बना रहा था। बढ़ते हुए संघर्ष और प्रतिस्पर्धा के बीच, विभिन्न देशों में परस्पर सहयोग की भावना में कमी आई और इसका प्रभाव वैश्विक प्रगति पर पड़ा।

जी-20 का अध्यक्ष बनने के बाद, भारत ने दुनिया के सामने जीडीपी-केंद्रित सोच से आगे बढ़कर मानव-केंद्रित प्रगति का विजन प्रस्तुत किया। भारत ने दुनिया को यह याद दिलाने प्रयास किया कि कौन सी चीजें हमें जोड़ती हैं। हमारा फोकस इस बात पर नहीं था कि कौन सी चीजें हमें विभाजित करती हैं। अंतत:, भारत के इन प्रयासों का परिणाम आया, वैश्विक संवाद आगे बढ़ा और कुछ देशों के सीमित हितों के ऊपर कई देशों की आकांक्षाओं को महत्व दिया गया। जैसा कि हम जानते हैं, इसके लिए बहुपक्षवाद में मूलभूत सुधार की आवश्यकता थी।

समावेशी, महत्वाकांक्षी, कार्रवाई-उन्मुख और निर्णायक - ये चार शब्द जी-20 के अध्यक्ष के रूप में भारत के दृष्टिकोण को परिभाषित करते हैं। नई दिल्ली लीडर्स डिक्लेरेशन (एनडीएलडी), जिसे सभी जी-20 सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अपनाया गया है, इन सिद्धांतों पर कार्य करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

समावेश की भावना हमारी अध्यक्षता के केंद्र में रही है। जी-20 के स्थायी सदस्य के रूप में अफ्रीकी संघ (एयू) को शामिल करने से 55 अफ्रीकी देशों को इस समूह में जगह मिली है, जिससे इसका विस्तार वैश्विक आबादी के 80 प्रतिशत तक पहुंच गया है। इस सक्रिय कदम से वैश्विक चुनौतियों और अवसरों पर जी-20 में विस्तार से बातचीत को बढ़ावा मिला है।

भारत द्वारा अपनी तरह की पहली बैठक 'वॉयस ऑफ द ग्लोबल साउथ समिट' ने बहुपक्षवाद की एक नई शुरुआत की। इस बैठक के दो संस्करण आयोजित हुए। भारत अंतर्राष्ट्रीय विमर्श में ग्लोबल साउथ के देशों की चिंताओं को मुख्यधारा में लाने में सफल रहा। इससे एक ऐसे युग की शुरुआत हुई है, जहां विकासशील देशों को ग्लोबल नैरेटिव की दिशा तय करने का उचित अवसर प्राप्त होगा।

समावेशिता की वजह से ही जी-20 में भारत के घरेलू दृष्टिकोण का भी प्रभाव दिखा। इस आयोजन ने लोक अध्यक्षता का स्वरूप ले लिया, जोकि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र होने की दृष्टि से बिल्कुल सही था। जनभागीदारी कार्यक्रमों के माध्यम से, जी-20 1.4 बिलियन नागरिकों तक पहुंचा और इस प्रक्रिया में सभी राज्यों एवं केन्द्र-शासित प्रदेशों (यूटी) को भागीदार के रूप में शामिल किया गया।

भारत ने यह सुनिश्चित किया कि मुख्य विषयों पर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का ध्यान जी-20 के दायित्वों के अनुरूप विकास के व्यापक लक्ष्यों की ओर हो।

2030 के एजेंडे को ध्यान में रखते हुए भारत ने, सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) में तेजी लाने के लिए जी-20 का 2023 एक्शन प्लान पेश किया। इसके लिए भारत ने स्वास्थ्य, शिक्षा, लैंगिक समानता, पर्यावरणीय स्थिरता सहित परस्पर जुड़े मुद्दों पर एक व्यापक एक्शन ओरिएंटेड दृष्टिकोण अपनाया।

इस प्रगति को संचालित करने वाला एक प्रमुख क्षेत्र मजबूत डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) है। इस मामले में आधार, यूपीआई और डिजिलॉकर जैसे डिजिटल इनोवेशन के क्रांतिकारी प्रभाव को प्रत्यक्ष रूप से अनुभव करने वाले भारत ने निर्णायक सिफारिशें दीं। जी-20 के माध्यम से, हमने डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर रिपॉजिटरी को सफलतापूर्वक पूरा किया जोकि वैश्विक तकनीकी सहयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति है। कुल 16 देशों के 50 से अधिक डीपीआई को शामिल करने वाली यह रिपॉजिटरी, समावेशी विकास की शक्ति का लाभ उठाने के लिए ग्लोबल साउथ को डीपीआई का निर्माण करने, उसे अपनाने और व्यापक बनाने में मदद करेगी।

One Earth की भावना के तहत, हमने तात्कालिक, स्थायी और न्यायसंगत बदलाव लाने के महत्वाकांक्षी एवं समावेशी लक्ष्य पेश किए। घोषणा का 'ग्रीन डेवलपमेंट पैक्ट' एक व्यापक रोडमैप की रूपरेखा तैयार करके भुखमरी से निपटने और पृथ्वी की रक्षा के बीच चुनाव करने की चुनौतियों का समाधान करता है।

इस रोडमैप में रोजगार एवं इकोसिस्टम एक-दूसरे के पूरक हैं, उपभोग जलवायु परिवर्तन के प्रति सचेत है और उत्पादन पृथ्वी के अनुकूल है। साथ ही, जी-20 घोषणा में 2030 तक रीन्यूबल एनर्जी की वैश्विक क्षमता को तीन गुना करने का महत्वाकांक्षी आह्वान किया गया है। ग्लोबल बायोफ्यूल्स अलायंस की स्थापना और ग्रीन हाइड्रोजन को अपनाने की दिशा में एक ठोस प्रयास के साथ एक स्वच्छ एवं हरित दुनिया बनाने संबंधी जी-20 की महत्वाकांक्षाएं निर्विवाद हैं।

यह हमेशा से भारत का मूल्य रहा है और सतत विकास के लिए जीवनशैली के माध्यम से, दुनिया हमारी सदियों पुरानी परंपराओं से लाभान्वित हो सकती है।

इसके अलावा घोषणापत्र में जलवायु न्याय और समानता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया है, जिसके लिए ग्लोबल नॉर्थ से पर्याप्त वित्तीय और तकनीकी सहायता देने का अनुरोध किया गया है। पहली बार विकास के वित्तपोषण से जुड़ी कुल राशि में भारी बढ़ोतरी की जरूरत को स्वीकार किया गया जो अरबों डॉलर से बढ़कर खरबों डॉलर हो गई है। जी-20 ने यह माना कि विकासशील देशों को वर्ष 2030 तक अपने 'राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी)' को पूरा करने के लिए 5.9 ट्रिलियन डॉलर की आवश्यकता है।

इतने ज्यादा संसाधन की आवश्यकता को देखते हुए जी-20 ने बेहतर, ज्यादा विशाल और अधिक प्रभावकारी मल्टीलैटरल डेवलपमेंट बैंक के महत्व पर विशेष जोर दिया। इसके साथ-साथ भारत संयुक्त राष्ट्र में सुधारों को लागू करने, विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद जैसे प्रमुख संस्थानों के पुनर्गठन में अग्रणी भूमिका निभा रहा है, जिससे और भी अधिक न्यायसंगत वैश्विक व्यवस्था सुनिश्चित होगी।

नई दिल्ली घोषणापत्र में महिला-पुरुष समानता को केंद्र में रखा गया, जिसकी परिणति अगले वर्ष महिलाओं के सशक्तिकरण पर एक विशेष वर्किंग ग्रुप के गठन के रूप में होगी। भारत का महिला आरक्षण विधेयक 2023, जिसमें भारत की लोकसभा और राज्य विधानसभा की एक तिहाई सीटों को महिलाओं के लिए आरक्षित किया गया है, महिलाओं के नेतृत्व में विकास के प्रति हमारी वचनबद्धता का प्रतीक है।

नई दिल्ली घोषणापत्र इन प्रमुख प्राथमिकताओं में सहयोग सुनिश्चित करने की एक नई भावना का प्रतीक है, जो नीतिगत स्पष्टता, विश्वसनीय व्यापार, और महत्वाकांक्षी जलवायु कार्रवाई पर केंद्रित है। यह बड़े गर्व की बात है कि हमारी अध्यक्षता के दौरान जी-20 ने 87 परिणाम हासिल किए और 118 दस्तावेज अपनाए, जो अतीत की तुलना में उल्लेखनीय रूप से काफी अधिक है।

जी-20 की हमारी अध्यक्षता के दौरान भारत ने जियो-पॉलिटिकल मुद्दों और आर्थिक प्रगति एवं विकास पर उनके प्रभावों पर व्यापक विचार-विमर्श की अगुवाई की। आतंकवाद और नागरिकों की हत्या पूरी तरह से अस्वीकार्य है, और हमें जीरो-टॉलरेंस की नीति अपनाकर इससे निपटना चाहिए।

हमें शत्रुता से परे जाकर मानवतावाद को अपनाना होगा और यह दोहराना होगा कि यह युद्ध का युग नहीं है। मुझे अत्यंत खुशी है कि हमारी अध्यक्षता के दौरान भारत ने असाधारण उपलब्धियां हासिल कीं- इसने बहुपक्षवाद में नई जान फूंकी, ग्लोबल साउथ की आवाज बुलंद की, विकास की हिमायत की, और हर जगह महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लड़ाई लड़ी।

## शार्ट न्यूज

### बांदा में शातिर लुटेरा गिरफ्तार

बांदा। उत्तर प्रदेश में बांदा जिले के बदौसा क्षेत्र में व्यापारी को गोली मार कर 80 हजार रुपए लूटने वाले शातिर लुटेरे को पुलिस ने एक सशस्त्र मुठभेड़ में घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने गुरुवार को यहां पत्रकारों को बताया कि कमासिन थाना क्षेत्र के कोर्रा बुजुर्ग गांव निवासी मजदूरों के ठेकेदार मोतीलाल को बदौसा थाना क्षेत्र के नांदन पुरवा गांव की नहर के पास मंगलवार को दो बाइक युवकों ने गोली मार कर 80 हजार रूपये लूट लिये थे। घटना का पर्दाफाश के लिये पुलिस टीमें गठित की गई। उन्होने बताया कि इसी सिलसिले में बीती देर रात मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बदौसा क्षेत्र में चकिया पुल के पास नाकाबंदी की और वहां से गुजर रहे बाइक सवार युवकों को रुकने के लिए कहा जिस पर उन्होंने पुलिस पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया। जवाबी कार्रवाई में घटना का मुख्य आरोपी जीतू घायल हो गया जिसे मौके पर ही गिरफ्तार किया गया जबकि उसका एक अन्य साथी अंधेरे का लाभ लेकर फरार हो गया। जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ठेकेदार से लूटे गए 51 हजार रुपए व एक मोटरसाइकिल और एक तमंचा आदि मौके से बरामद किया गया। 24 घंटे के अंदर घटना का पर्दाफाश करने वाली पुलिस टीम को 25 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जा रहा है।

### हम जातीय जनगणना के खिलाफ नहीं: मौर्य

लखनऊ। (पीएमए) भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गुरुवार को जातीय जनगणना के पक्ष में बयान देकर सबको चौंका दिया। जातीय जनगणना के मुद्दे पर पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि हम लोग जातीय जनगणना के खिलाफ नहीं है। मेरे बड़े नेता भी जातीय जनगणना कराना चाहते हैं। यह राज्य का नहीं बल्कि केन्द्र का विषय है। केशव प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्ता में रहते हुए इन लोगों ने पिछड़ों के साथ न्याय नहीं किया। सत्ता में रहते हुए अति पिछड़ों का दमन करने का काम किया। भाजपा सरकार में जाति के आधार पर किसी के साथ भेदभाव नहीं होता। हर जाति बिरादरी का सम्मान है। तीर्थ स्थलों का विकास हो रहा है। धार्मिक दृष्टि से पर्यटन प्रदेश में बढ़ रहा है। प्रदेश की जनता की भावनाओं के विरूद्ध रहता है। समाजवादी पार्टी(सपा) के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने कहा कि भाजपा के लोग केवल जनता को धोखा देने का काम करते हैं। सपा पूरी तरह जातीय जनगणना के पक्ष में है।

### जिलाधिकारी ने जिला जेल का किया निरीक्षण

बलिया। (पीएमए) जिलाधिकारी रविंद्र कुमार और एसपी एस. आनंद ने बृहस्पतिवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कारागार अधीक्षक (जेलर) से जेल की व्यवस्था के बाबत पूछताछ की और आवश्यक दिशा निर्देश दिया। कहा कि जेल मैनुअल के हिसाब से ही यहां की पूरी व्यवस्था संचालित होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कारागार के बैरक में रहने वाले कैदियों से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। कुछ कैदियों ने अपनी समस्या भी सुनाई, जिसका तत्काल समाधान करने के निर्देश कारागार अधीक्षक को दिए गए। इसके बाद जेल अस्पताल में गए और वहां उपलब्ध दवा आदि के बारे में विस्तृत जानकारी ली। किचन में जाकर कैदियों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता को परखा कि जेल में कैदियों को सही भोजन व नास्ता मिल रहा है कि नहीं। हवालात कार्यालय में जाकर अभिलेखों की जांच की। महिला बैरक में जाकर उनसे बातचीत कर आश्वस्त हुए कि उनकी कोई समस्या तो नहीं है। डीएम व एसपी ने कारागार अधीक्षक को निर्देश दिया कि यहां की व्यवस्था का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराएं।

### सहारनपुर में युवक की गोली मारकर हत्या

**देवबन्द।** सहारनपुर के देवबंद में अज्ञात बदमाशों ने खेत पर काम करने गए युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। दिनदहाड़े हुई युवक की हत्या की खबर से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी में जुट गई है। देवबंद क्षेत्र के गांव बड़गांव निवासी टीटू पुत्र सत्येंद्र किसी काम से अपने खेत में गया था। बताया जा रहा है कि वहां अज्ञात बदमाशों ने टीटू को गोली मार दी। सिर में गोली लगने के कारण टीटू ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। बताया जा रहा है कि गोली की आवाज सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके की ओर दौड़ पड़े। टीटू का शव देखकर पुलिस को सूचना दी। दिनदहाड़े हुई युवक की हत्या से क्षेत्र में सनसनी फैली है। पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंच रहे हैं। टीटू को क्यों गोली मारी गई किसने गोली मारी, पुलिस की पूरी टीम गंभीरता के साथ जांच में जुट गई है।

### मंदाकिनी नदी के किनारे मिला युवक का शव

चित्रकूट। चित्रकूट में मंदाकिनी नदी पुल के पास युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंचे सदर सीओ हर्ष पांडेय शव का पुलिस पंचनामा कर जांच में जुट गई है। मामला कर्वी कोतवाली क्षेत्र का है। बता दें कि जिला मुख्यालय प्रयागराज रोड निवासी शिवम पुत्र अनिल केसरवानी का शव मंदाकिनी नदी के किनारे पड़ा मिला था। उसके पिता अनिल केसरवानी ने बताया कि यह कल रात को घर से गायब हो गया था मरने का कारण पता नहीं है। रात भर परिजन खोज करते रहे और सुबह जब कोतवाली पहुंचे तो उन्होंने कहा कि शव मंदाकिनी किनारे मिला है। पहचान करने आए तो वह शव शिवम का निकला, जिससे हमारे होश उड़ गए। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार पांडे ने बताया कि शिवम का शव मंदाकिनी किनारे मिला है। पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है पुलिस जांच पर जुटी है अभी तक हत्या का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। परिजनों द्वारा अभी तक किसी प्रकार की कोई तहरीर नहीं दी गई है।

### झांसी में शादी से पहले युवक की मौत

झांसी। झांसी में बेकाबू ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका भतीजा घायल है। उसे मेडिकल कॉलेज में एडमिट करवाया गया है। दोनों घाटमपुर से अपने घर जतारा जा रहे थे। रास्ते में बड़ागांव के पास एक्सीडेंट हो गया। सूचना पर परिजन झांसी पहुंच गए। बेटे की लाश देखकर मां बेहोश हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक का नाम आमिर खान (20) पुत्र जानू खान था। वह टीकमगढ़ के जतारा का रहने वाला था। परिजनों ने बताया कि आमिर अपने माता-पिता के साथ घाटमपुर के जहानाबाद गांव में एक कोहलू पर काम करता था। बुधवार रात को वह अपने 16 साल के भतीजे आतिश के साथ बाइक से घर आ रहा था। बाइक आमिर चला रहा था, जबकि आतिश पीछे बैठा था। आतिश ने बताया कि देर रात करीब 1 बजे हम लोग बड़ागांव के पास पहुंचे। तभी पीछे से तेज गति में आ रहे एक ट्रक ने बाइक को ओवरटेक करते हुए पीछे से बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में आमिर की मौत हो गई। जबकि आतिश का एक पैर फैक्चर हो गया।

### बलिया में तीन शातिर शराब तस्कर गिरफ्तार

**बलिया।** बलिया की सहतवार पुलिस तथा एसओजी की संयुक्त टीम ने तीन शातिर शराब तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम ने 25 पेटी अवैध देशी शराब भी बरामद किया है। पुलिस ने गिरफ्तार शराब तस्करों को सुसंगत धाराओं के तहत पेश न्यायालय कर दिया। थाना सहतवार के प्रभारी निरीक्षक विकास चन्द्र पाण्डेय तथा एसओजी प्रभारी अजय यादव की संयुक्त टीम ने मुखबीर की सूचना पर सहतवार थाना क्षेत्र के चांदपुर पुरानी बस्ती नदी के किनारे से देशी शराब तस्करी से संबंधित तीन शराब तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम ने जय प्रकाश सिंह पुत्र स्व गोपाल सिंह,जितेन्द्र कुमार पुत्र बब्बन पासवान तथा संजय ठाकुर उर्फ बंगाली पुत्र स्व हरिकिशुन ठाकुर समस्त निवासीगण चाँदपुर पुरानी बस्ती थाना सहतवार बलिया को गिरफ्तार किया है इस बीच एक अभियुक्त फरार होने में सफल रहा ।

# सीएम योगी की पहल, गोंडा में निराश्रित गोवंशों को मिलेगा एक 'नया घर'

## गोवंश सहभागिता योजना के तहत शस्त्र रखने वाले हर व्यक्ति को गोवंश गोद लेने के लिए किया जाएगा प्रोत्साहित

**लखनऊ/गोंडा।** निराश्रित गोवंश के पोषण और उनकी देखभाल के लिए समर्पित योगी सरकार ने उनकी सुरक्षा और संरक्षा के लिए अब एक और कदम उठाया है। इसके तहत जनपद गोंडा में शस्त्र रखने वाले हर व्यक्ति के लिए एक-एक गोवंश को गोद लेने की व्यवस्था लागू की गई है। इस पहल को जनपद में निराश्रित गोवंशों की समस्या के समाधान के रूप में देखा जा रहा है। साथ ही निराश्रित गोवंश के लिए नए घर का रास्ता भी साफ हो गया है। उल्लेखनीय है कि जनपद के सभी 12 हजार 42 शस्त्र अनुज्ञापियों को जिला प्रशासन की ओर से कम से कम एक-एक गोवंश सहभागिता योजना में लेने के निर्देश दिए गए हैं। गोद लेने पर गोवंश के पोषण और देखभाल हेतु पशुपालन विभाग गोद लेने वाले को



प्रति गोवंश प्रति माह 1500 रुपए का भुगतान भी करेगा।

### शास्त्र रखने वालों को किया जाएगा प्रोत्साहित

डीएम नेहा शर्मा ने सभी एडीएम को इस संबंध में कार्यवाही सुनिश्चित करने के संबंध में निर्देश दिए हैं। उन्हें निर्देशित किया गया है कि वह अपने सबडिवीजन क्षेत्र में प्रभारी निरीक्षक, थाना प्रभारी के माध्यम से सहभागिता योजना में शस्त्र अनुज्ञापियों की भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि इस संबंध में थाना स्तर पर शस्त्र अनुज्ञापियों की बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक में उन्हें निकटवर्ती गो-आश्रय स्थल से कम से कम एक गोवंश लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। बैठक में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी तथा उनके सहयोगी अधिकारी के अतिरिक्त खण्ड विकास अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। बैठक में ही अनुज्ञापियों को गोवंश दिलाए जाने की औपचारिकताएं पूर्ण कराएंगे।

### अधिकतम 4 गोवंश को लिया जा सकता है गोद

सहभागिता योजना में कोई भी व्यक्ति अधिकतम 4 निराश्रित गोवंश को गोद ले सकता है। इसके एवज में प्रति गोवंश प्रति माह 1500 रुपए का भुगतान पशुपालन विभाग द्वारा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, सहभागिता योजना में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए शस्त्र अनुज्ञापियों के लाइसेंस नवीनीकरण पर तथा नए शस्त्र लाइसेंस के आवेदन पत्र पर थाना एवं तहसील स्तर से आख्य प्रेषण के पूर्व आवेदक से सहभागिता योजना में गोवंश लेने संबंधी प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य किया जा सकता है। इससे योजना का व्यापक प्रचार प्रसार होगा तथा अधिक से अधिक लोगों द्वारा भागीदारी करने पर निराश्रित गोवंश की समस्या का प्रभावी समस्या का प्रभावी समाधान हो सकेगा।

# प्रधानमंत्री के विकसित भारत संकल्प को पूरा करेगी यात्रा

**लखनऊ ।** विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साढ़े 9 वर्षों में अपने महत्वपूर्ण निर्णयों, दूरदर्शी सोच एवं योजनाओं से देश भर में जो माहौल बनाया है, वह किसी भारतीय से छिपा नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस संकल्प में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं काफी सहायक बनी हैं, जिसका भव्य रूप आज हम सभी को देखने को मिल रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आने वाले कुछ वर्षों में विकसित भारत की संकल्पना को स्थापित करेगी। इसमें हम सब का भी योगदान जरूरी है। इसी उद्देश्य से 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस पर विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया गया।

ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के आगमन पर गुरुवार को निशातगंज स्थित वाल्मीकि नगर में कहीं। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये देश के विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद किया। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक, प्रमाण पत्र, आवास की चाबी एवं आयुष्मान कार्ड वितरित कर सीधा संवाद भी किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश 1947 में आजाद हुआ था। उसके बाद कई सरकारें बनीं। इन्होंने काम भी किया होगा और देश का पैसा भी खर्च किया होगा, लेकिन दुनिया में वर्ष 2014 से पहले भारत की छवि एवं यहां के लोगों के बारे में क्या धारणा थी, लेकिन दुनिया में आज क्या छवि है, यह हम सब देख रहे हैं। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को दर्शाता है। वर्ष 2014 से पहले देश में चेहरा देखकर योजनाएं बनाई जाती थीं।

उसमें भी जमकर बंदरबांट का खेल होता था। उनके एजेंडे में गरीब, सामान्य नागरिक, महिलाएं और नौजवान शामिल नहीं होते थे।

## लखनऊ समेत आठ जिलों में हुई बारिश, 23 जिलों में बारिश की संभावना

**कानपुर।** (पीएमए) उत्तर प्रदेश के राजधानी लखनऊ, कानपुर समेत आठ जिलों में गुरूवार सुबह बारिश हुई। अनुमान है कि तीन दिन बाद पारा गिर सकता है। गुरूवार को अचानक आए मौसम में परिवर्तन के चलते मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश के 23 जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना जताई है।

चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर के मौसम वैज्ञानिक डॉ.एस.एन.सुनील पांडेय ने बताया कि गुरूवार भोर से कानपुर में बारिश शुरू हुई जो सुबह तक रूक-रूक होती रही। इसी तरह लखनऊ, अयोध्या, आगरा, जालौन, प्रयागराज, वाराणसी समेत कई जनपदों में गुरूवार तड़के बारिश हुई है। वहीं इटावा, फतेहपुर, जालौन में भी रिमझिम बारिश हुई है। इससे पूर्व बुधवार को मुजफ्फरनगर, संभल, बिजनौर में बारिश रिकॉर्ड हुई थी।

कृषि मौसम वैज्ञानिक पांडेय ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ पंजाब से हरियाणा होते हुए दिल्ली तक समुद्र तल से लगभग 5.8 किमी ऊपर पश्चिमी हवाओं में एक ट्रफ के रूप में बना हुआ है। श्रीलंका और आसपास के इलाकों पर एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है।

दक्षिण अंडमान और उससे सटे दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक निम्न दबाव का क्षेत्र, बंगाल की दक्षिण पूर्व खाड़ी और उससे सटे दक्षिण अंडमान सागर के ऊपर एक गहरी निम्न दबाव में तब्दील हो गया है।

इसके पश्चिम उत्तर-पश्चिम दिशा में बढ़ने और 30 नवंबर के आसपास एक डिप्रेशन में तब्दील होने की संभावना है। इसके बाद अगले 48 घंटों के दौरान, इसके उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने और दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी पर एक चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की संभावना है।

## गोण्डा में सड़क हादसे में पिता पुत्र की मौत

गोण्डा। उत्तर प्रदेश में गोण्डा जिले के तरबगंज क्षेत्र में अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार पिता - पुत्र की मृत्यु हो गयी। पुलिस प्रवक्ता नें गुरुवार को बताया कि नवाबगंज थाना क्षेत्र के अशोकपुर गांव के मजरा लोहारन पुरवा निवासी अभिषेक (22) अपने पिता पवन कुमार जायसवाल (55) संग कर्नलगंज क्षेत्र में आयोजित एक मांगलिक कार्यक्रम में अपने रिश्तेदार के यहां शामिल होकर बाइक से लौट रहे थे कि बीती रात तरबगंज क्षेत्र के बाबा पुरवा गांव के पास विपरीत दिशा से तेज रफ्तार आ रहे अज्ञात वाहन से हुई टक्कर से दोनों नें मौके पर ही दम तोड़ दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जेब में मिले आधार कार्ड से मृतकों की पहचान की और शवों को पोस्टमार्टम के लिये भिजवा दिया। मृतकों के परिजनों से तहरीर लेकर आरोपी अज्ञात वाहन चालक की तलाश में पुलिस जुटी है।

# मुरादाबाद में सड़क हादसा, जीजा साली की हुई मौत

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे-09 पर गुरुवार तड़के ट्रक की टक्कर से कार सवार जीजा साली की मौत हो गयी जबकि दो अन्य घायल हो गए।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आज़ सुबह लगभग साढ़े छह बजे दिल्ली लखनऊ नेशनल हाईवे-09 के एक्सीडेंट ज़ोन में हुई ट्रक कार की आमने सामने की जोरदार टक्कर में कार सवार जीजा-साली समेत दो लोगों की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गए।

पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचा दिया गया है। हादसे के बाद नेशनल हाईवे-09 पर वाहनों की दोनों ओर से लंबी-लंबी लाइनें



लग गई। पुलिस द्वारा दुर्घटनाग्रस्त कार को सड़क से हटाए जाने के बाद यातायात बामुश्किल सुचारू हो सका। ट्रक चालक मौके से भाग गया,पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया।

उन्होने बताया कि रामपुर जिले में टांडा क्षेत्र के मुकुटपुर गांव निवासी रोहतास उर्फ राहुल कुमार (32) अपनी पत्नी मोनिका (30), बहन सरिता (28) तथा साली मीनाक्षी (22) के साथ थाना भोजपुर (मुरादाबाद) क्षेत्र मेंएक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। नेशनल हाईवे-09 पर पहुंचते ही विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक की टक्कर लगने से कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर कार की खिड़कियों को काटकर उसमें फंसे घायलों को बामुश्किल बाहर निकाला।

आनन-फानन में एंबुलेंस से घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने रोहतास उर्फ राहुल कुमार और रामपुर जिले में अजयपुर थाना गंज निवासी साली मीनाक्षी को मृत घोषित कर दिया। जबकि मृतक की पत्नी मोनिका और बहन सरिता की स्थिति नाजुक बनी हुई है।

# अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेगी बसपा

लखनऊ। बसपा अकेले लोकसभा का चुनाव लड़ेगी। पार्टी किसी से भी गठबंधन नहीं करेगी। अब जनता बदलाव चाहती है। करीब 25 करोड़ जनता का दर्द भाजपा सरकार में बढ़ा है। यह बात बसपा प्रमुख मायावती गुरुवार को लखनऊ में कही। वह लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक कर रही थीं। उन्होंने इस दौरान यूपी और उत्तराखंड में पार्टी के कार्यक्रमों, तैयारियों, कैडर बैठकों और प्रत्याशियों के सिलेक्शन की समीक्षा की।

मायावती ने कहा, पार्टी और मूवमेंट के प्रति बहुजन समाज के जबरदस्त लगाव को देखते हुए सभी कार्यकर्ता पूरी ईमानदारी से काम करने में जुट जाएं। जिससे लोकसभा चुनाव में बेहतर रिजल्ट मिले। इससे करोड़ों



गरीबों, उपेक्षितों और मेहनतकश समाज का वास्तविक कल्याण हो सकेगा।

उन्होंने कहा, केंद्र और यूपी सरकार की जनविरोधी नीतियों एवं कार्यप्रणाली आदि के कारण तेजी से समीकरण बदल रहे हैं। हालात में किसी एक पार्टी का वर्चस्व नहीं होकर विकल्प चुनने को लोग आतुर लग रहे हैं। लोकसभा का अगला आमचुनाव दिलचस्प, संघर्षपूर्ण और व्यापक जनहित में साबित होने की प्रबल संभावना है।

उन्होंने कहा, अच्छे दिन को तरसते यूपी के लगभग 25 करोड़ लोगों के जीवन में गरीबी, बेरोज़गारी, पिछड़ेपन व पलायन का दर्द भाजपा के शासनकाल में भी लगातार जारी है। यहीं नहीं पिछले वर्षों में यह हालात बेहतर होने के बजाए बिगड़े हैं।

इस बैठक में पार्टी के नेशनल जनरल सेक्रेटरी सतीश चंद्र मिश्रा, प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल, विधायक उमाशंकर सिंह, विधान परिषद के सदस्य भीमराव अम्बेडकर समेत बसपा के सभी पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, मुख्य इंचार्ज, जिला अध्यक्ष और बामसेफ के पदाधिकारी शामिल होंगे।

## 3 दिन से गायब युवक का मिला शव

मथुरा। मथुरा के थाना सदर बाजार क्षेत्र के औरंगाबाद के रहने वाले युवक का शव गोवर्धन के पास माइनर में मिलने से सनसनी फ़ैल गई। युवक 3 दिन से गायब था जिसकी सूचना परिजनों ने पुलिस को दी हुई थी। पुलिस ने शव मिलने के बाद उसे कब्जे में ले लिया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। थाना गोवर्धन पुलिस को बुधवार की देर शाम सूचना मिली कि अडिग कस्बे के पास माइनर के नजदीक एक युवक का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही सीओ गोवर्धन राम मोहन शर्मा,गोवर्धन थाना प्रभारी विनोद मिश्रा सहित अन्य पुलिस कर्मी मौके पर पहुंच गए। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो उसे माइनर के किनारे बनी झाड़ियों में एक युवक का शव पड़ा हुआ दिखाई दिया।

# बिजनौर में गुलदार के हमले से बच्चे की मौत

चाँदपुर। बिजनौर में सबदलपुर रेहरा के जंगल में गुलदार ने एक बच्चे पर हमला कर दिया। गुलदार के हमले से बच्चे की मौत हो गई है। बच्चा यहां गांव सब्दलपुर रैहरा में अपने मामा के घर आया हुआ था। घटना गांव से करीब दो से ढाई किलोमीटर दूर जंगल की है। बच्चा दो अन्य साथियों के साथ जंगल में एक पेड़ से अमरूद तोड़ रहा था, उसी समय गुलदार ने उस पर हमला कर दिया।

गुलदार के हमले के बाद बच्चे की मौत से इलाके में हड़कंप मच गया है। वन विभाग की टीम और स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई है। प्रशासन व वन विभाग की टीम बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर घटनास्थल पर पिंजड़े और ट्रैप कैमरे लगाने की कार्रवाई में जुट गई है। वन रेंजर चांदपुर ने बच्चे की मौत की पुष्टि की है।

दरअसल पूरा मामला बिजनौर जिले के तहसील चांदपुर के गांव सबदलपुर रेहरा इलाके का है। यहां जंगल में एक गुलदार के हमले के बाद बच्चे की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि नगीना तहसील के बढ़ापुर थाना क्षेत्र के गांव बेरखेड़ा निवासी शमीम का करीब 12 वर्षीय पुत्र अलफेज गांव सब्दलपुर रेहरा में अपने मामा के घर 4 दिन से आया हुआ था। बच्चा अपने दो दोस्तों के साथ दोपहर में जंगल गया था।

# मऊ में कांग्रेसियों ने किया जोरदार प्रदर्शन



मऊ। मऊ जनपद में कांग्रेस पार्टी के लोगों ने बढ़ती महंगाई और महंगे गैस सिलेंडर के खिलाफ जमकर धरना प्रदर्शन किया। जनपद मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में इकट्ठा होकर सैकड़ो की संख्या में कांग्रेसियों ने वर्तमान सरकार के खिलाफ नारेबाजी की है। इसके पहले कांग्रेस के जिला अध्यक्ष इंतखाब आलम के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के कार्यालय से लेकर कलेक्ट्रेट तक पैदल रैली निकाली गई। महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान ठेले पर रखे गैस सिलेंडर को लेकर कांग्रेसियों ने सड़क पर जमकर नारेबाजी किया। कांग्रेस जनों का कहना है कि लगातार बढ़ रही महंगाई से जनता बिल्कुल त्रस्त है। वर्तमान सरकार को इससे कोई फर्क नहीं पड़ रहा है कि जनता महंगाई की कितनी मार झेल रही है। सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस के लोग नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे।

इस दौरान कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव कैलाश चौहान ने बताया कि छत्तीसगढ़ और राजस्थान में चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 450 रुपये प्रति गैस सिलेंडर देने का वादा किया है। लेकिन उससे पहले उत्तर प्रदेश में गैस सिलेंडर का दाम एक हजार रुपये से ऊपर है उसपे उनको विचार करना चाहिए। जिन राज्यों में गैस सिलेंडर के दाम बढ़े हुए हैं वहां कम नहीं किया जा रहा है और जहां चुनाव हो रहा है वहां नए-नए दावे किए जा रहे हैं।

# अम्बेडकरनगर में मुठभेड़ के बाद चार असलहा तस्कर गिरफ्तार

## अपराधियों ने पुलिस टीम पर की फायरिंग, भारी मात्रा में अवैध असलहे किए गए बरामद

अम्बेडकरनगर। अम्बेडकरनगर में अकबरपुर थाना इलाके की पुलिस एवं स्वाट टीम ने अवैध असलहा बनाने एवं उसे बेचने वाले गिरोह किया है। पुलिस ने गिरफ्तार बदमाशो के पास से आधा दर्जन से अधिक अवैध असलहे एवं कारतूस के साथ थार जीप को बरामद किया है।

### चार असलहा तस्कर गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार सिन्हा ने आज बताया कि अपराध एवं



अपराधियो के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के क्रम में थाना अकबरपुर पुलिस टीम व स्वाट टीम की संयुक्त टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि सुडारी घाट पुलिया कुछ अपराधी मौजूद है। सूचना पर पंहुची पुलिस ने दबिश देकर इलाके को घेर लिया। इस दौरान अभियुक्तों द्वारा पुलिस पर फायर किया गया, लेकिन पुलिस टीम द्वारा अपना बचाव करते हुए चन्दन सिंह पुत्र वीरेन्द्र प्रताप सिंह निवासी ग्राम गैरवा थाना सरपतहा, विक्रान्त सिंह उर्फ गप्पू पुत्र रणजीत सिंह निवासी ग्राम भूसौड़ी थाना सरपतहा, विकास सिंह पुत्र महेन्द्र प्रताप सिंह निवासी भेलारा थाना अखण्डनगर सुल्तानपुर को गिरफ्तार कर लिया।

### ट्रेन की चपेट में आकर 125 भेड़ की मौत

चंदौली। चन्दौली जिले के अलीनगर थाना क्षेत्र के सिंधीताली के समीप रेलवे ट्रैक पर गुरुवार को 125 भेड़ें ट्रैक पार करते समय ट्रेन से कट गई। इसके साथ ही कुछ भेड़ गंभीर रूप से घायल हैं। सूचना के बाद पीडीडीयू नगर एसडीएम विराग पांडेय और अलीनगर थानाध्यक्ष शेषाधार पांडेय पहुंच गए राजस्व विभाग के लोग क्षति का आकलन करने में जुटे हैं। आपको बता दें कि कुछ पशुपालक गुरुवार को 300 भेड़ लेकर घर जा रहा था। सिंधीताली के समीप रेलवे ट्रैक पर जैसे ही भेड़ को पार करना चाहा कि ट्रेन की चपेट में आने से लगभग 200 भेड़ इधर-उधर हो गई। सूचना पर पहुंची अलीनगर पुलिस ने कार्रवाई में जुट गई। वहीं पशुपालक का कहना है कि 300 भेड़ लेकर गांव की ओर जा रहा था। जैसे ही रेलवे ट्रैक पार कर ही रहा था कि ट्रेन की चपेट में आने 125 भेड़ की मौत हुई है। अलीनगर थाना प्रभारी शेषधर पांडेय ने बताया कि पशुपालक भिरगुन पल ग्राम पानापुर थाना बेलाऊ भभुआ विहार का निवासी है।

### गैंगस्टर की 69 लाख की संपत्ति कुर्क

कन्नौज। कन्नौज जिले के एक गांव में रहने वाले गैंगस्टर की सम्पत्ति को पुलिस ने कुर्क कर लिया। डीएम के आदेश पर गांव पहुंची पुलिस व राजस्व टीम ने मकान, प्लाट व वाहनों समेत 69 लाख कीमत की प्रॉपर्टी कुर्क की है। हालांकि इस दौरान गैंगस्टर के परिजनों से पुलिस की नोकझोंक भी हुई। छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के डालूपुर गांव के रहने वाले सूरजपाल के बेटे शत्रुघन पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसके खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई भी की जा चुकी है। ऐसे में डीएम कन्नौज सुभ्रान्त कुमार शुक्ला के आदेश पर गैंगस्टर शत्रुघन की प्रॉपर्टी की कुर्की करने के लिए छिबरामऊ के नायब तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व और पुलिस टीम डालूपुर गांव पहुंच गई। जहां अनाउंस करते हुए टीम ने गैंगस्टर शत्रुघ्न के मकान, प्लाट, स्कार्पियो और डीसीएम की कुर्की की। मकान को सील कर दिया गया। हालांकि मकान को सील करते वक्त गैंगस्टर शत्रुघ्न के परिजनों की पुलिस से नोकझोंक हो गई।

## शार्ट न्यूज

### गोदरेज यमीज़ ने कैटेगरी में फ्रोज़न फूड्स का सैशेबंद फॉर्मेट पेश करने की पहल की

मुंबई। गोदरेज टायसन फूड्स लिमिटेड (जीटीएफएल) के फ्रोज़न रेडी-टू-कुक प्रोडक्ट्स के प्रमुख ब्रांड गोदरेज यमीज़ ने प्रोटीनयुक्त चिकन सॉसेज के दो पैक लॉन्च किया है। यमीज़ ने इस कैटेगरी में पहली बार फ्रोज़न फूड्स को सैशेबंद फॉर्मेट में पेश की है। उसने कहा कि इस सैशेबंद फॉर्मेट में ये दो सॉसेज मिलकर 7 ग्राम प्रोटीन की मात्रा को पूरा करते हैं। सॉसेज जैसे सैशेबंद फ्रोज़न फूड्स सबके लिए उपलब्ध होंगे, जिससे हर कोई किफायती कीमत में इसे खरीद पाएगा। ऐसी उम्मीद है कि ये न केवल बड़े शहरों में, बल्कि टियर 2 शहरों तथा कस्बों में भी बड़ी मात्रा में फ्रोज़न फूड्स की खपत बढ़ेगी। भारत में फिलहाल फ्रोज़न फूड्स की कैटेगरी की पहुंच 5 प्रतिशत से भी कम है, जिससे इसके लिए ज्यादा से ज्यादा विस्?तार करने के संकेत मिल रहे हैं। सामान्यतौर पर, शाकाहारी और मांसाहारी दोनों ही तरह के फ्रोज़न फूड्स की कीमत 170 रुपए से लेकर 300 रुपए तक के बीच में होती है। विभिन्न शहरों और क्षेत्रों में इस कैटेगरी को बढ़ावा देने और बड़ी संख्या में लोगों तक इन प्रोडक्ट्स की पहुंच बढ़ाने के लिए इन्हें ज्यादा किफायती कीमतों पर पेश करना जरूरी है।

### अक्टूबर तक कुल व्यय 23.94 लाख करोड़ और राजस्व प्राप्ति 15.90 लाख करोड़

नयी दिल्ली। सरकार को अक्टूबर 2023 तक कुल राजस्व प्राप्तियां 15,90,712 करोड़ रुपये रही है जो चालू वित्त वर्ष के बजट अनुमान का 58.6 प्रतिशत है और इस दौरान कुल व्यय 23,94,412 करोड़ रुपये रहा है जो बजट अनुमान का 53 प्रतिशत है। वित्त मंत्रालय ने आज यहां बताया कि इसमें 13,01,957 करोड़ रुपये कर राजस्व (केंद्र को शुद्ध) और 2,65,765 करोड़ रुपये का गैर-कर राजस्व शामिल है। 22,990 करोड़ रुपये गैर-ऋण पूंजी प्राप्तियां है। गैर-ऋण पूंजीगत प्राप्तियों में ऋण की वसूली 14,990 करोड़ रुपये और विविध पूंजी प्राप्तियां 8,000 करोड़ रुपये शामिल हैं। सरकार ने इस अवधि तक करों के हिस्से के हस्तांतरण के रूप में राज्य सरकारों को 5,28,405 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 93,966 करोड़ रुपये अधिक है। सरकार द्वारा किया गया कुल व्यय 23,94,412 करोड़ रुपये रहा है जो चालू वित्त वर्ष के बजट अनुमान का 53 प्रतिशत है। इसमें से 18,47,488 करोड़ रुपये राजस्व खाते से और 5,46,924 करोड़ रुपये पूंजी खाते से व्यय हुआ है। कुल राजस्व व्यय में से, 5,45,086 करोड़ ब्याज भुगतान में गया है और 2,31,694 करोड़ रुपये सब्सिडी पर व्यय हुआ है।

### पोकेमॉन गो को मिला गूगल प्ले का 'बेस्ट ऑनगोइंग गेम' का पुरस्कार

नयी दिल्ली। नियांटिक के सबसे बड़े ऑगमेंटेड रियलिटी मोबाइल गेम में से एक पोकेमॉन गो को 2023 में भारत में गूगल प्ले के बेस्ट ऑनगोइंग गेम पुरस्कार दिया गया है। कंपनी ने आज यहां कहा कि यह पुरस्कार पोकेमॉन गो के लॉन्च के बाद सात साल से खिलाड़ियों को जोड़े रखने के निरंतर प्रयासों और आकर्षक, बेहतरीन वास्तविक अनुभव, प्रौद्योगिकी और सामुदायिक संपर्क देने में गेम की स्पष्ट सफलता का प्रमाण है, जो भारत और दुनिया भर में लाखों ट्रेनर्स के साथ प्रतिध्वनित होता है। 2016 में पोकेमॉन गो के लॉन्च के बाद से, नियांटिक ने दुनिया भर में पोकेमॉन प्रशंसकों को खुद से जोड़ने और उन्हें अपने आस पड़ोस का पता लगाने के लिए प्रेरित कर अटूट समर्पण दिखाया है। लगातार रोमांचक फीचर्स, इवेंट, इन-गेम रिवाईस और गेम और उसमें शामिल बेहतरीन टेक्नोलॉजी के इनोवेटिव अपडेट के साथ, कंपनी ने हमेशा पोकेमॉन गो एडवेंचर को समृद्ध बनाने को प्राथमिकता दी है और ट्रेनर्स के लिए सफलतापूर्वक लगातार विकसित होने वाला गहन अनुभव तैयार किया है। नियांटिक ने हाल ही में गेम में हिंदी भाषा को जोड़ा है ताकि भारत में मौजूद व्यापक उपभोक्ता खुद को पोकेमॉन गो का हिस्सा बना सकें।

### ओजांक आईएएस एकेडमी का 99 रुपये पैकेज

नयी दिल्ली। ओजांक आईएएस एकेडमी यूपीएससी प्रिलिमिनरी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 99 रुपये में अपना विस्तृत पैकेज लेकर आई है। संस्थान ने आज यहां जारी बयान में कहा कि ओजांक आईएएस एकेडमी विभिन्न पृष्ठभूमि के प्रत्याशियों के लिए उम्मीद की किरण के रूप में खड़ी है। इस एकेडमी का उद्देश्य शिक्षा को पूरे जनसमूह तक पहुँचाना है, और यह प्रतिबद्धता ओजांक आईएएस एकेडमी द्वारा 99 रुपये बैच पेश करने से प्रदर्शित होती है, जो कम आय वाले परिवारों से आने वाले विद्यार्थियों को भी गुणवत्तापूर्ण पैकेज के साथ तैयारी करने का मौका देगा। सिविल सर्विस की तैयारी करने वालों की वित्तीय बाधाओं को दूर करने के लिए इस एकेडमी का उद्देश्य सभी को यूपीएससी की तैयारी की श्रेष्ठ सामग्री उपलब्ध कराके शिक्षा को पूरे जनसमूह तक पहुँचाना है। इस अभियान की शुरुआत इसके संस्थापक ओजांक शुक्ला ने की। उन्होंने कहा कि 99 रुपये बैच का उद्देश्य केवल किफायती दामों के मुकाबले काफी बड़ा है; इसमें शिक्षा की परिवर्तनकारी शक्ति में इस एकेडमी का विश्वास भी झलकता है। उन्होंने कहा कि हम प्रत्याशी को यूपीएससी में सफल होने के लिए जरूरी कौशल और ज्ञान देना चाहते हैं। हमारा विस्तृत पैकेज केवल 99 रुपये में उपलब्ध कराने का निर्णय हमारे इस विश्वास का प्रमाण है कि आर्थिक बाधाओं को कभी भी महत्वाकांक्षा के रास्ते में नहीं आना चाहिए।

### शेयर बाजार में तेजी बरकरार

मुंबई। दुनिया भर में ब्याज दरों को लेकर बन रहे सकारात्मक रुझान और अर्थव्यवस्था में रिकवरी के संकेत से विश्व बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हेल्थकेयर, इंडस्ट्रियल्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और रियल्टी समेत 18 समूहों में लिवाली से शेयर बाजार में आज लगातार तीसरे दिन तेजी बरकरार रही। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 86.53 अंक की बढ़त के साथ 66988.44 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 36.55 अंक बढ़कर 20133.15 अंक पर पहुंच गया। दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी जमकर लिवाली हुई। इससे बीएसई का मिडकैप 0.83 प्रतिशत की छलांग लगाकर 34,256.42 अंक और स्मॉलकैप 0.96 प्रतिशत उड़ान भरकर पहली बार 40 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 40,371.61 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3857 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1898 में लिवाली जबकि 1810 में बिकवाली हुई वहीं 149 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 32 कंपनियां हरे जबकि 17 लाल निशान पर रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे। बीएसई में 18 समूहों के शेयर लाभ में रहे। इस दौरान कमोडिटीज 0.52, सीडी 0.77, ऊर्जा 0.51, एफएमसीजी 0.46, वित्तीय सेवाएं 0.27, हेल्थकेयर 1.66, इंडस्ट्रियल्स 1.48, आईटी 0.01, दूरसंचार 0.43, ऑटो 0.49, कैपिटल गुड्स 1.39, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.61, धातु 0.37, तेल एवं गैस 1.12, पावर 0.17, रियल्टी 1.52, टेक 0.17 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.20 प्रतिशत मजबूत रहा।

### गो फर्स्ट के सीईओ कौशिक खोना का इस्तीफा



मुंबई। बंद पड़ी विमानन कंपनी गो फर्स्ट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कौशिक खोना ने इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफा एयरलाइन के दिवालिया कार्यवाही के लिए मामला दायर किए जाने के लगभग सात महीने बाद आया है। कौशिक ने गुरुवार को एयरलाइन के कर्मचारियों को लिखे एक ई-मेल में कहा कि 30 नवंबर कंपनी में उनका आखिरी दिन है। वह अगस्त 2020 में सीईओ के रूप में गो फर्स्ट में लौटे थे। उन्होंने कहा कि भारी मन से मैं बताना चाहता हूं कि आज कंपनी के साथ मेरा आखिरी दिन है। मुझे अगस्त 2020 में एक बार फिर गो फर्स्ट के लिए काम करने का मौका मिला। आपके समर्थन से मैंने अपना बेस्ट दिया और बेहतर करने की कोशिश की। इससे पहले कौशिक 2008 से 2011 तक इस विमानन कंपनी के साथ थे। गो फर्स्ट ने मई की शुरुआत में उड़ान बंद कर दी थी। कंपनी ने मुख्य रूप से प्रैट एंड व्हिटनी इंजन समस्याओं के कारण उत्पन्न वित्तीय संकट के बीच स्वैच्छिक दिवाला कार्यवाही के लिए आवेदन किया है।

# क्वालिटी से कॉम्प्रोमाइज ना करें स्टार्टअप्स, शासकीय खरीद में मिलेगी प्राथमिकता

## इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा आयोजित उद्यमी महासम्मेलन में शामिल हुए मुख्यमंत्री

लखनऊ। प्रदेश के एमएसएमई उद्यमी अपने उत्पादों की क्वालिटी से कॉम्प्रोमाइज हर्गिज ना करें, प्रदेश सरकार शासकीय खरीद में उन्हें हर हाल में प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध है। उत्तर प्रदेश का एमएसएमई सेक्टर आत्मनिर्भर भारत की सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरा है। हमने टेक्नोलॉजी को सुदृढ़ करके इंस्पेक्टर राज से मुक्ति दिलाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है। आज ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में हुए रिफॉर्म के परिणाम सबके सामने हैं। पूरी दुनिया विश्वास के भाव से उत्तर प्रदेश की ओर देख रही है। हमें अभी से 2024 के इंटरनेशनल ट्रेड शो के लिए तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा आयोजित उद्यमी महासम्मेलन के दौरान अपने उद्बोधन के दौरान कही।

### पहले हतोत्साहित था यूपी का उद्यमी

गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मार्स ऑडिटोरयम में अडुायोजित कार्यक्रम के दौरान ट्रांसफॉर्मिंग एमएसएमई टुवॉर्ड्स इंडस्ट्री 4.0 एंड स्किल 48 से संबंधित प्रदर्शनी का भी मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया, जिसमें प्रदेशभर से एमएसएमई स्टार्टअप्स उद्यमियों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री ने आयोजकों और उद्यमियों का प्रदेश की राजधानी में स्वागत करते हुए कहा कि पहले यूपी में उद्यम के लिए माहौल और सरकार के स्तर पर प्रोत्साहन व संरक्षण ना होने पर उद्यमी हतोत्साहित था। 2017 में प्रदेश में हमारी सरकार आने के बाद अपने परंपरागत उत्पादों को वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के रूप में प्रमोट करने के कार्यक्रम का परिणाम हम सबके



सामने है। ये देश ही नहीं बल्कि दुनिया के लिए एक अभिनव योजना है।

### प्रोडक्ट की क्वालिटी और पैकेजिंग पर विशेष ध्यान देना होगा

मुख्यमंत्री ने उद्यमियों से आह्वान किया कि कंपटीशन के दौर में प्रोडक्ट की क्वालिटी पर विशेष ध्यान देना होगा। साथ ही उसकी पैकेजिंग पर और ज्यादा कार्य करना होगा। उन्होंने बताया कि टेक्नोलॉजी को सुदृढ़ करते हुए इंस्पेक्टर राज से मुक्ति के कार्यक्रम चलाए गये हैं। सीएम योगी ने निवेश मित्र पोर्टल, निवेश सारथी पोर्टल और ऑनलाइन इन्सेंटिव प्लेटफॉर्म की चर्चा करते हुए कहा कि इससे उद्यमियों को प्रदेश के अंदर निवेश की संभावनाओं को विकसित करन के साथ साथ उनकी सुविधाओं के सरलीकरण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य हुआ है।

ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में यूपी की रैंकिंग आज से 6 साल पहले 14वें स्थान पर थी। इसमें व्यापक रिफॉर्म किये गये। जिसका परिणाम सबके सामने है।

### नये यूपी के पोटेंशियल को देखकर दुनिया आश्चर्यचकित

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के अंदर लैंड बैंक बनाने का कार्य हो या बेहतर कानून व्यवस्था स्थापित करना हो, हर दिशा में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। फरवरी 2023 में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। सितंबर में ग्रेटर नोएडा में इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन भी शानदार रहा। इसमें 70 हजार बायर्स आए थे और टोटल फुटप्रिंट चार लाख थी।

400 से ज्यादा विदेशी बायर्स भी वहां पहुंचे। सभी को नये भारत के नये यूपी के पोटेंशियल को देखकर आश्चर्य हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया विश्वसनीयता के भाव से भारत और यूपी की ओर देख रही है। जहां नोएडा और ग्रेटर नोएडा को विकसित करने में 46 साल लगे, वहीं वर्तमान में हम झांसी, बुंदेलखंड में एक नए औद्योगिक संस्थान की दिशा में तेजी से कार्य कर रहे हैं। झांसी में हमारे पास पहले ही चरण में 38 हजार एकड़ लैंडबैंक मौजूद है। 46 साल में पहली बार हमारी सरकार में ग्रेटर नोएडा में इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनकर तैयार है, वहीं झांसी में हम पहले ही चरण में एयरपोर्ट देने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने उद्यमियों से कहा कि वह स्थानीय स्तर पर मौजूद शिक्षण संस्थाओं से मैन पॉवर प्राप्त करें। इसके लिए पीएम और सीएम इंटर्नशिप स्कीम की मदद लें। सीएम योगी ने प्रदेश के हर हिस्से में ट्रेड शो के आयोजन पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने उद्यमियों से सोलर पॉवर के उपयोग को लेकर भी आह्वान किया, जिससे बिना प्रदूषण के बिजली प्राप्त होगी।

# प्रदेश में लघु एवं कुटीर उद्योगों की स्थापना के लिए प्रोत्साहित कर रही योगी सरकार

## शीतकालीन सत्र में योगी सरकार के मंत्रियों ने सदस्यों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का दिया लिखित जवाब

लखनऊ। योगी सरकार अपनी नीतियों एवं कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदेश में लघु एवं कुटीर उद्योगों की स्थापना को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके लिए प्रदेश भर में सरकार द्वारा विभिन्न प्रोत्साहनात्मक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। विधान सभा शीतकालीन सत्र के दौरान इस संबंध में पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में योगी सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री राकेश सचान ने इसकी लिखित में जानकारी दी।

### विभिन्न योजनाओं में है अनुदान की व्यवस्था

इसमें उन्होंने बताया कि 'प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम' में परियोजना लागत 50 लाख रुपए तक की परियोजनाओं की स्थापना में परियोजना लागत का 15 से 35 प्रतिशत तक, 'मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना' में 25 लाख रुपए तक की परियोजनाओं हेतु 25 प्रतिशत तक अनुदान की व्यवस्था है। इसी प्रकार 'एक जनपद एक उत्पाद' के अंतर्गत वित्त पोषण योजना में परियोजना लागत का 10 से 25 प्रतिशत तक का अनुदान अधिकतम 20 लाख रुपए की सीमा तक उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था है। 'विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना' एवं 'एक जनपद-एक उत्पाद' योजनाओं के अंतर्गत कौशल विकास एवं टूल-किट वितरण के माध्यम से पारम्परिक उत्पादों से जुड़े कारीगरों को प्रशिक्षण प्रदान करते हुए आधुनिक टूलकिट उपलब्ध कराई जाती है।

### आरक्षण की भी है व्यवस्था

उन्होंने बताया कि भारत सरकार की योजना 'प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम' के अन्तर्गत अनुसूचित जाति हेतु 20.70 प्रतिशत एवं अनुसूचित जनजाति हेतु 0.57 प्रतिशत लक्ष्य निर्धारित किए जाने की व्यवस्था है।

मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में सामान्य श्रेणी के लाभार्थियों हेतु परियोजना लागत का 10 प्रतिशत अपने पास से लगाना होता है, वहीं अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, महिला एवं विकलांग जन हेतु परियोजना लागत का मात्र 5 प्रतिशत अंशदान अपने पास से लगाना होता है। 'एक जनपद एक उत्पाद' वित्त पोषण योजना विभिन्न श्रेणी के स ?थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने व विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना विभिन्न श्रेणी के पारम ?परिक कारीगरों को बढ़ावा देने के लिये लागू की गई है।

### 2022-2023 में 15 लाख से ज्यादा पिछड़ा वर्ग छात्रों को मिली छात्रवृत्ति

देते हुए विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-2023 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति, शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग के 2344689 आवेदन प्राप्त हुए।

प्राप्त आवेदनों के सापेक्ष 1596455 छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजट प्रावधान 1450 करोड़ के सापेक्ष वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 में 1850 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया है।

### प्रदेश के अंदर और बाहर अध्ययनरत पात्र छात्रों को की जा रही शुल्क प्रतिपूर्ति

एक प्रश्न के लिखित जवाब में समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने बताया कि प्रदेश के अन्दर समस्त मान्यता, सम्बद्धता प्राप्त शिक्षण संस्थानों तथा प्रदेश के बाहर राजकीय एवं अनुदानित शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग के छात्रों को नियमावली के नियमों के अधीन शुल्क प्रतिपूर्ति प्रदान की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के लम्बित 36607 अनुसूचित जाति छात्रों को शुल्क प्रतिपूर्ति प्रदान की गई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में अध्ययनरत छात्रों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया जा रहा है, पात्र एवं सही डाटा वाले छात्रों को मार्च, 2024 में धनराशि प्रदान की जाएगी।

# दूसरी तिमाही में आर्थिक विकास दर 7.6 प्रतिशत

नयी दिल्ली। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में विनिर्माण, खान एवं खनन, निर्माण जैसे क्षेत्रों में रही तेजी के बल पर देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर अनुमान से अधिक 7.6 प्रतिशत रही है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 6.2 प्रतिशत रही थी।

केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा आज जारी जीडीपी के आंकड़ों के अनुसार वास्तविक जीडीपी या जीडीपी 2023-24 की दूसरी तिमाही में 41.74 लाख करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंच गया जबकि 2022-23 की दूसरी तिमाही में यह 38.78 लाख करोड़ रुपये था जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 7.6 प्रतिशत अधिक है।

चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में वर्तमान कीमतों पर जीडीपी या सकल घरेलू उत्पाद 71.66 लाख करोड़ होने का अनुमान है, जबकि 2022-23 की दूसरी तिमाही में यह 65.67 लाख करोड़ रुपये था, जो कि 2022-23 की दूसरी तिमाही की 17.2 प्रतिशत अधिक है।

चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-सितंबर की पहली छमाही में जीडीपी 82.11 लाख करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 76.22 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 7.7 प्रतिशत अधिक है।

चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में विनिर्माण गतिविधियों में 13.9 प्रतिशत की तेजी रही है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह शून्य से 3.8 प्रतिशत नीचे रहा था। इसी तरह से खान एवं खनन गतिविधियों में भी 10 प्रतिशत की दूसरी तिमाही में तेजी रही जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह भी 0.1 प्रतिशत रिणात्मक रहा था। निर्माण गतिविधियों में भी इस वर्ष दूसरी तिमाही में 13.3 प्रतिशत की बढोतरी दर्ज की गयी है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समीक्षाधीन अवधि में यह 7.9 प्रतिशत की दर से बढ़ा था। बिजली, गैस, जलापूर्ति और अन्य यूटिलिटि सेवाओं में भी जुलाई सितंबर तिमाही में 10.1 प्रतिशत की तेजी रही है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 6 प्रतिशत की दर से बढ़ा था।

चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कृषि क्षेत्र प्रदर्शन निराशाजनक रहा है क्योंकि इस तिमाही में इस क्षेत्र की वृद्धि दर 1.2 प्रतिशत रही है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह दर 2.5 प्रतिशत रही थी।

# एआई सिस्टम्स और टूल्स से नौकरी में ज्यादा 'मानवीय' पहलू पर ध्यान केंद्रित कर पाएंगे

नयी दिल्ली। नौकरी तलाशने वाले अधिकांश लोगों (78 प्रतिशत) का मानना है कि एआई सिस्टम्स और टूल्स के विकास से भर्ती और प्रत्याशी के अनुभव में सुधार आएगा। हालाँकि, आधे (50 प्रतिशत) से ज्यादा नौकरी तलाशने वालों को चिंता है कि एआई भर्ती प्रक्रिया में मानवीय निर्णय और विवेक का स्थान ले लेगा। इनडीड द्वारा किये गये एक सर्वेक्षण में बात सामने आयी है। यह सर्वे सेंससवाईड द्वारा पूरे विश्व के सात देशों में इनडीड की ओर से 7275 नियोक्ताओं और कर्मचारियों के बीच किया गया। भारत में 1142 नियोक्ताओं और नौकरी तलाशने वालों का सर्वे किया गया। नौकरी तलाशने की एक निष्पक्ष और पूर्वाग्रहरहित प्रक्रिया के लिए नौकरी तलाशने वाले नियोक्ताओं से अपेक्षा करते हैं कि वो मानवीय दृष्टिकोण/निगरानी (48 प्रतिशत) बनाए रखेंगे, और एआई सिस्टम्स एवं टूल्स के लिए इस्तेमाल हो रहा डेटा अल्पसंख्यक समूहों (41 प्रतिशत) का प्रतिनिधित्व करे।भारत में 98 प्रतिशत एचआर पेशेवर और 91 प्रतिशत नौकरी तलाशने वालों ने बताया कि वे काम के लिए एआई का उपयोग कर रहे हैं। इसके मुकाबले, जापान में एक तिहाई से ज्यादा एचआर पेशेवर (35 प्रतिशत) और आधे से ज्यादा नौकरी तलाशने वालों (53 प्रतिशत) ने कहा कि वे व्यावसायिक रूप से एआई टूल्स का उपयोग नहीं कर रहे हैं। फ्रांस में स्थिति इसके विपरीत है, जहाँ 30 प्रतिशत नौकरी तलाशने वालों और 25 प्रतिशत एचआर पेशेवर ने बताया कि उन्हें इस टेक्नोलॉजी को लेकर डर है। एआई को अपनाने वाले अन्य देश अमेरिका और कनाडा हैं, जहाँ 92 प्रतिशत एचआर पेशेवर और ब्रिटेन में 88 प्रतिशत इसका उपयोग कर रहे हैं।

# प्लास्टिक पार्क के उद्यमियों को गेल से मिलेगा भरपूर कच्चा माल

गोरखपुर। गीडा के प्लास्टिक पार्क में यूनिट लगाने वाले उद्यमियों को कच्चे माल की कोई चिंता नहीं रहेगी। प्लास्टिक पार्क की यूनिट्स को परियोजना स्थल पर ही गेल (गैस ऑथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड) की तरफ से कच्चा माल सुलभ होगा। इसके लिए गुरुवार को गीडा के स्थापना दिवस समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने एमओयू का आदान-प्रदान संपन्न हुआ। गीडा की तरफ से मुख्य कार्यपालक अधिकारी अनुज मलिक तथा गेल की तरफ से एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर हरीश कुमार श्रीवास्तव ने एमओयू का हस्तांतरण किया। गीडा की तरफ से प्लास्टिक पार्क प्रोजेक्ट गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के किनारे सेक्टर-28 में 88 एकड़ विकसित किया गया है। यहां प्लास्टिक उद्योग की 92 इकाइयों के लिये स्थान एवं समस्त आवश्यक अवस्थापना सुविधाएं उपलब्ध होगी। इसमें लगभग 5000 व्यक्तियों को रोजगार मिल सकेगा। गीडा द्वारा प्लास्टिक पार्क में 35 उद्यमियों को भूखण्ड आवंटन की कार्यवाही की जा चुकी है। इस आवंटन में लगभग 165 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। गुरुवार को गेल के साथ एमओयू हो जाने से प्लास्टिक पार्क की यूनिट्स को कच्चा माल मंगाने के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। उन्हें यहीं पर कच्चा माल उपलब्ध हो जाएगा। इससे उत्पादन में सुगमता होगी। यह भी उल्लेखनीय है कि प्लास्टिक पार्क में गीडा द्वारा परियोजना स्थल पर सेंट्रल इंस्टिट्यूट ऑफ प्लास्टिक इंजीनियरिंगएंड टेक्नोलॉजी (सीपेट) के सेंटर के लिए भी 5 एकड़ निशुल्क भूमि उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था की गयी है। सीपेट का सेंटर खुलने से प्लास्टिक पार्क में स्थापित होने वाली इकाइयों को कुशल कारीगरों की उपलब्धता सुनिश्चित होने के साथ उनके द्वारा बनाये जा रहे उत्पादों की गुणवत्ता भी सुनिश्चित हो सकेगी।

### उद्यमियों की समस्याओं का हल निकलेगा गीडा सेवा पोर्टल

गोरखपुर। गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) में उद्यमियों को विभिन्न प्रकार की सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध कराने के लिए गीडा सेवा पोर्टल का शुभारंभ, गुरुवार को गीडा दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। यह पोर्टल उद्यमियों की समस्याओं को ऑनलाइन स्वीकार कर उनका हल भी सुनिश्चित कराएगा। यह ईज ऑफ डूइंग बिजनेस का जरिया बनेगा। गीडा सेवा पोर्टल के बारे में जानकारी देते हुए प्राधिकरण की सीईओ अनुज मलिक ने बताया कि इस पोर्टल पर आवंटी अपने अद्यतन भुगतान की धनराशि व देयों की स्थिति ऑनलाइन देख सकेंगे और भुगतान भी कर सकेंगे। साथ ही गीडा सेवा पोर्टल पर भवन मानचित्र स्वीकृति हेतु वांछित प्रपत्रों को संलग्न करते हुए मानचित्र स्वीकृति, भूखंडों के उत्पाद परिवर्तन, इकाई के उत्पादनरत घोषित किये जाने, संविधान परिवर्तन का ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किया जा सकेगा। इसके अलावा आवंटी, गीडा द्वारा विकसित विभिन्न सेक्टरों की समस्याओं को भी प्रस्तुत कर सकेंगे जिसका समाधान गीडा प्रशासन की तरफ से कराया जाएगा। सीईओ ने बताया कि पोर्टल के माध्यम से प्रत्येक आवंटी को एक विशिष्ट यूजर आईडी एवं पासवर्ड उपलब्ध कराया जायेगा, जिसके आधार पर उनके द्वारा पोर्टल पर आवेदन किया जायेगा।

# हजीरा से दिल्ली-एनसीआर को जोड़ने वाली पहली डेडिकेटेड रेल फ्रेट सर्विस 'सरल' शुरू

नयी दिल्ली। स्मार्ट एंड-टू-एंड सप्लाई चेन सॉल्यूशंस प्रदान करने वाली कंपनी डीपी वर्ल्ड ने अपनी तरह की पहली डेडिकेटेड रेल फ्रेट सर्विस सरल की शुरुआत की। इसका संचालन सूरत में हजीरा से दिल्ली एनसीआर के बीच किया जाएगा।

कंपनी ने आज यहां बताया कि सरल का अर्थ है सस्टेनेबल(टिकाऊ), एश्योर्ड (सुनिश्चित), रिलायबल(भरोसेमंद) एंड एजाइल लॉजिस्टिक्स (तेज-तर्रार लॉजिस्टिक्स)। अपने नाम की तरह ही यह सेवा दक्षिण गुजरात में स्थित कंपनियों को डोर-टू-डोर सस्टेनेबल कार्गो सॉल्यूशन प्रदान करेगी और उन्हें एनसीआर क्षेत्र के बाजारों से जोड़ेगी। इसी तरह यह सेवा एनसीआर क्षेत्र की कंपनियों को दक्षिण गुजरात के बाजारों से जोड़ेगी। सरल रेल फ्रेट सर्विस दक्षिण गुजरात के प्रमुख बाजारों जैसे सूरत, वापी वलसाड, वडोदरा, भरूच और अंकलेश्वर को एनसीआर एवं आसपास के प्रमुख बाजारों जैसे पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान, हरियाणा और दक्षिणी पंजाब से जोड़ने में अहम भूमिका निभाएगी।

इसकी लॉन्चिंग के मौके पर डीपी वर्ल्ड सबकॉन्टिनेंट के उपाध्यक्ष - रेल एंव इनलैंड टर्मिनल्स- अधेंदुरू जैन ने कहा, आर्थिक विकास को गति देने और घरेलू व्यापार को सुगमता से आगे बढ़ने में सक्षम बनाने में मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर और बेहतरीन लॉजिस्टिक्स की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। वर्तमान समय में दक्षिण गुजरात की कंपनियां कार्गो की आवाजाही के लिए प्राथमिक तौर पर सड़क मार्ग का प्रयोग करती हैं। हमारी नई रेल फ्रेट सर्विस सरल के माध्यम से उन्हें गुजरात एवं एनसीआर के बीच बेहतरीन कनेक्टिविटी के साथ अपने कार्गो को सही तरीके से लाने-ले जाने का माध्यम मिलेगा। इसके साथ-साथ हमारी ट्रैक एंड ट्रेस टेक्नोलॉजी की मदद से उनके लिए अपने ग्राहकों तक कार्गो की पहुंच को ट्रैक करना भी संभव होगा। हम अपने ग्राहकों को लगातार ऐसे इनोवेटिव सॉल्यूशन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो टिकाऊ हो और साथ ही सप्लाई चेन के अनुकूल भी हो।

कंटेनर ट्रेलर ट्रक के माध्यम से लास्ट एंड फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी प्रदान करने वाले डीपी वर्ल्ड के मल्टीमोडल नेटवर्क के साथ मिलकर सरल सर्विस सुनिश्चित करेगी कि किसी कारखाने से कार्गो लोड किए जाने के बाद 72 घंटे के भीतर उसे तय ड्रॉप लोकेशन तक पहुंचा दिया जाए।

# कोर उद्योग के उत्पादन में अक्टूबर में 12.1 प्रतिशत की वृद्धि

नयी दिल्ली। देश की आर्थिक गतिविधियों के पैमाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले आठ प्रमुख उद्योगों के उत्पादन में अक्टूबर 2022 की तुलना में इस वर्ष अक्टूबर में 12.1 प्रतिशत की बढोतरी दर्ज की गयी है।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार सभी आठ प्रमुख उद्योगों अर्थात; सीमेंट, कोयला, कच्चा तेल, बिजली, उर्वरक, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद और इस्पात के उत्पादन ने अक्टूबर 2023 में पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की। इन आठ उद्योग का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में भारांक 40.27 प्रतिशत है।

जुलाई 2023 के लिए आठ प्रमुख उद्योगों के सूचकांक की अंतिम वृद्धि दर को संशोधित कर 8.5 प्रतिशत कर दिया गया है।

अक्टूबर 2022 की तुलना में अक्टूबर, 2023 में सीमेंट उत्पादन 17.1 प्रतिशत बढ़ गया। कोयला उत्पादन भी अक्टूबर, 2022 की तुलना में अक्टूबर, 2023 में 18.4 प्रतिशत बढ़ गया। कच्चे तेल का उत्पादन अक्टूबर, 2022 की तुलना में अक्टूबर, 2023 में 1.3 प्रतिशत बढ़ गया। बिजली उत्पादन अक्टूबर, 2022 की तुलना में अक्टूबर, 2023 में 20.3 प्रतिशत बढ़ गया। उर्वरक उत्पादन अक्टूबर 2023 में अक्टूबर, 2022 की तुलना में 5.3 प्रतिशत बढ़ गया। प्राकृतिक गैस का उत्पादन अक्टूबर, 2022 की तुलना में अक्टूबर, 2023 में 9.9 प्रतिशत बढ़ गया।

## शार्ट न्यूज

### पंघाल,थापा और संजीत राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2023 के सेमीफाइनल में

शिलांग। विश्व के पूर्व नंबर एक मुक्केबाज अमित पंघाल, अनुभवी शिव थापा और पूर्व एशियाई चैंपियन संजीत ने गुरुवार को पुरुषों की राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2023 के सेमीफाइनल में पहुंच गये है। आज यहां हुए मुकाबले में भारतीय मुक्केबाज अमित पंघाल ने 51 किग्रा वर्ग में क्वार्टरफाइनल मुकाबले में मोहम्मद आरिफ को हराया। इस बीच 2021 एशियाई चैंपियन संजीत 92 किग्रा क्वार्टरफाइनल में 2018 राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता नमन तंवर के हराया। सेमीफाइनल में संजीत का मुकाबला विक्की से होगा। एक अन्य मुकाबले में छह बार के एशियाई चैंपियनशिप पदक विजेता शिव थापा ने शशांक प्रधान के खिलाफ 63.5 किग्रा क्वार्टरफाइनल मुकाबले में दबदबा बनाने के लिए अपने अनुभव का प्रदर्शन किया। 29 वर्षीय शिव थापा ने 5-0 से शानदार जीत हासिल की और अंतिम चार में उनका मुकाबला हरिवंश तवारी से होगा। वहीं राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता सागर ने 92 प्लस किग्रा वर्ग में अपने अंतिम आठ मुकाबले में नवजोत सिंह को हराया। सागर ने मुकाबले की आक्रामक शुरुआत की और पहले राउंड में ही जोरदार मुक्कों की झड़ी लगा दी, जिसके बाद रेफरी को मुकाबला रोकना पड़ा। सेमीफाइनल में सागर का मुकाबला विशाल कुमार से होगा।

### पांच देशों के टूर्नामेंट में हरमनप्रीत होंगे भारतीय टीम के कप्तान

नई दिल्ली। स्पेन के वालेंसिया में 15 से 22 दिसंबर तक होने वाले पांच देशों के टूर्नामेंट वालेंसिया 2023 के लिए गुरुवार को हरमनप्रीत के नेतृत्व में 24 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी गयी है। टूर्नामेंट में भारत का मुकाबला मेजबान स्पेन के अलावा जर्मनी, फ्रांस और बेल्जियम से होगा। यह प्रतियोगिता 2023-24 एफआईएच हॉकी प्रो लीग खेलों की तैयारी के लिहाज से बेहद अहम होगी। 24 सदस्यीय टीम में अनुभवी और युवा चेहरों का मिश्रण है, जिसका नेतृत्व शीर्ष ड्रैग-फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह करेंगे। दौरे में सुमित और अमित रोहिदास उपकप्तान की भूमिका में होंगे। गोलकीपिंग विभाग में नियमित रूप से शामिल पीआर श्रीजेश और कृष्ण बी पाठक के साथ सूरज कारकेरा की टीम में वापसी होगी। रक्षापंक्ति में कप्तान हरमनप्रीत सिंह के अलावा जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, अमित रोहिदास, वरुण कुमार, सुमित, संजय और नीलम संजीप ज़ेस अपना रोल निभायेंगे वहीं मिडफील्ड में विवेक सागर प्रसाद, नीलकंठ शर्मा, राजकुमार पाल, शमशेर सिंह और यशदीप सिवाच और रबीचंद्र सिंह मोइरंगथेम जैसे युवा चेहरे हैं। फॉरवर्ड पंक्ति में मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, कार्थी सेल्वम, दिलप्रीत सिंह और आकाशदीप सिंह शामिल हैं।

### शान मसूद को पीसीबी ने बी श्रेणी में किया अपग्रेड

कराची। नवनियुक्त टेस्ट कप्तान शान मसूद को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने श्रेणी डी से अपग्रेड करके बी में दिया गया है। मसूद ने हाल ही में बाबर आजम की पाकिस्तान की टीम का कप्तान बनाया गया और वह 14 दिसंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की श्रृंखला में पाकिस्तान की टीम की अगुवाई करेंगे। आईसीसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि यह फैसला बोर्ड की नीति के अनुरूप लिया गया है जिसके तहत अगर ए या बी श्रेणियों से नीचे के केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ी को कप्तान नियुक्त किया जाता है तो उनके अनुबंध को उनके कार्यकाल के लिए श्रेणी बी में अपग्रेड किया जाना चाहिए। बाएं हाथ के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज को हाल ही में पूर्णकालिक कप्तान बनाया गया है। उन्होंने 30 टेस्ट मैचों में 28.5 की औसत से 1597 रन बनाए हैं, जिसमें उनके नाम चार शतक भी शामिल हैं। जुलाई में श्रीलंका को सीरीज में 2-0 से हराकर पाकिस्तान वर्तमान में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में नंबर एक पर है। पहला टेस्ट 14 से 18 दिसंबर तक पर्थ में शुरू होगा उसके बाद 26 दिसंबर से मेलबर्न में खेला जायेगा और तीन से सात जनवरी के दौरान सिडनी में तीसरे टेस्ट के साथ श्रृंखला समाप्त होगी।

### फीबा ने 3 गुणा 3 ओलंपिक क्वालीफायर के दो मेजबानों की घोषणा की

जिनेवा। इंटरनेशनल बास्केटबॉल फेडरेशन (फीबा) ने 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों में 3गुणा 3 बास्केटबॉल प्रतियोगिताओं के लिए तीन ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट (ओक्यूटी) में से दो के लिए मेजबान शहरों की घोषणा की। फीबा ने बुधवार को की घोषणा में कहा कि जापान का उत्सुनोमिया तीन से पांच मई 2024 को यूनिवर्सलिटी-संचालित ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट (यूओक्यूटी) की और हंगरी का डेब्रेसेन 23 से 26 मई को ओक्यूटी की मेजबानी करेगा। 30 जुलाई से पांच अगस्त 2024 को पेरिस में ओलंपिक 3 गुणा 3 बास्केटबॉल प्रतियोगिता में प्रत्येक वर्ग में आठ टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। सर्बिया, अमेरिका और चीन की पुरुष टीमों के साथ-साथ चीन, अमेरिका और फ्रांस की महिला टीमों को एक नवंबर, 2023 तक उनकी विश्व रैंकिंग के आधार पर पहले ही पेरिस ओलंपिक में 2024 में जगह बना चुके है।

### केरला ब्लास्टर्स एफसी और चेन्नईयिन एफसी के बीच मुकाबला ड्रॉ

कोच्चि। केरला ब्लास्टर्स एफसी और चेन्नईयिन एफसी के बीच इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) का एक रोमांचक मुकाबला 3-3 पर ड्रा रहा। बुधवार की रात जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के खेले गये मुकाबले में चेन्नईयिन एफसी के रहीम अली ने मैच 54 सेकंड में आईएसएल इतिहास का छठा सबसे तेज गोल करके खेल की शुरुआत की। जबकि जॉर्डन मरे ने 13वें और 24वें मिनट में गोल किये। केरला ब्लास्टर्स के लिए दिमित्रियोस डायमांताकोस ने 11वें और 59वें मिनट में और क्वामे पेप्रा ने 38वें मिनट में गोल किये। दोनों छोर से तीन शानदार गोल के बावजूद,अंततः दोनों पक्षों को एक-एक अंक से संतोष करना पड़ा। केरला ब्लास्टर्स एफसी तीन दिसंबर को फतोर्दा स्टेडियम में एफसी गोवा से भिड़ेगी, जबकि चेन्नईयिन एफसी सात दिसंबर को जमशेदपुर एफसी से मुकाबला करेंगे।

### राकेश ने लगाई स्वर्णिम हैट्रिक

जम्मू। जम्मू-कश्मीर में अमर उजाला संवाद 2023 में देश के बेहतरीन पैरा तीरंदाज में से एक राकेश कुमार शामिल हुए। 38 साल के राकेश देश के लिए लगातार तीन स्वर्ण पदक जीते हैं और पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीतना चाहते हैं। वह 33 साल की उम्र में पैरा तीरंदाजी में आए और एक साल बाद पहला स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद से वह लगातार कमाल कर रहे हैं। उनका मानना है कि पैरालंपिक स्वर्ण पदक जीतने के बाद ही उनका सपना पूरा होगा। राकेश ने बताया कि वह किसान के बेटे हैं, शुरुआत में वह प्लंबर हुआ करते थे और सामान्य रूप से अपना जीवन-यापन करते थे। इसके बाद हादसे का शिकार हो गए और उनके पैरों ने काम करना बंद कर दिया। शुरुआत में उन्हें बहुत परेशानी होती थी, लेकिन बाद में उन्होंने यह मान लिया कि उनका जीवन व्हीलचेयर पर ही कटना है। इसके बाद उनकी मुलाकात मां वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड से जुड़े तीरंदाजी कोच से हुई। यहां से उनका जीवन बदल गया। राकेश ने 33 साल की उम्र में तीरंदाजी शुरू की और एक साल बाद पहला स्वर्ण पदक जीता। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। राकेश की उम्र काफी ज्यादा है। वह अन्य खिलाड़ियों से काफी बड़े हैं, लेकिन इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। वह रोज सुबह पांच बजे उठ जाते हैं, चाहे कितनी देर से सोए हों। सामान्य दिनों में वह 9-10 बजे तक सो जाते हैं। सुबह उठकर वह 1-2 किलोमीटर व्हीलचेयर चलाते हैं और कुछ योगासन करते हैं। वह अपनी डाइट का भी ध्यान रखते हैं और मीठा नहीं खाते हैं। इसी वजह से उनका पसंदीदा खाना वेज बिरयानी है।

# न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए महिला टीम की घोषणा की

एजेंसी

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ अगले महीने घरेलू मैदान पर होने श्रृंखला के लिए महिला टीम की घोषणा कर दी है।

इस श्रृंखला में तीन टी-20 और उसके बाद तीन एकदिवसीय मैच सफेद गेंद से खेले जायेंगे और यह बंगलादेश में अगले साल होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप से पहले अनुभव प्रदान करेगा। कप्तान सोफी डिवाइन एक बार फिर पूरी श्रृंखला में न्यूजीलैंड की टीम कप्तान होगी।

आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार केर हालांकि तीन दिसंबर को डुनेडिन में श्रृंखला के शुरुआती मैच में नहीं खेल पाएंगी क्योंकि वह ऑस्ट्रेलिया की घरेलू डब्ल्यूबीबीएल प्रतियोगिता के फाइनल में भाग लेंगी।



न्यूजीलैंड के कोच बेन सॉयर को उम्मीद है कि यह श्रृंखला 2024 टी-20 विश्वकप की शुरुआत से पहले उनकी टीम को अपने कौशल को निखारने का अच्छा मौका है।

सॉयर ने कहा, हम द्विपक्षीय श्रृंखला में हाल के अच्छे फॉर्म के आधार पर टीम चाहते हैं, लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि अगले वर्ष बंगलादेश में टी-20 विश्वकप को ध्यान में रखते हुए संयोजन विकसित करना जारी रखना है। उन्होंने कहा, एकदिवसीय परिप्रेक्ष्य के साथ ही साथ अपने गेम प्लान को विकसित करना बेहद महत्वपूर्ण है कि हम जितना संभव हो उतने विश्व चैम्पियनशिप अंक प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि उन्होंने हाल के दिनों में पाकिस्तान को खेलते देखा है और उनके स्पिन आक्रमण की गुणवत्ता से प्रभावित हुए हैं।

सॉयर ने कहा, बंगलादेश के खिलाफ सीरीज खेलने के बाद पाकिस्तान मैच के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा, उनके पास एक मजबूत स्पिन आक्रमण और एक खतरनाक शीर्ष क्रम है जो उनके विकेट को बहुत महत्व देता है, जिससे उन्हें गेंदबाजी करना मुश्किल हो जाता है।

न्यूजीलैंड टीम : सोफी डिवाइन (कप्तान), केट एंडरसन, सुजी बेट्स, बर्नाडाइन बेजुइडेनहौट, एडेन कार्सन (केवल टी-20ई), इजी गेज (एकदिवसीय और पहला टी-20), मैडी ग्रीन, फ्रान जोनास, मेली केर, जेस केर, मौली पेनफोल्ड, जॉर्जिया प्लिमर, हन्ना रोवे, ली ताहुहू।

# भारत का चौथे टी-20 में सीरीज जीतने पर होगा जोर

रायपुर। भारतीय टीम कप्तान सूर्यकुमार यादव की अगुवाई में शुक्रवार को शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में होने वाले चौथे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को हराकर सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगी। पांच टी-20 मैचों की श्रृंखला में भारत दो मैचों में जीत और एक हार के बाद सीरीज में 2-1 से आगे है। भारतीय टीम कल होने वाले मुकाबले में ओडिशा में खेले गये पिछले मैच में अपने दम पर 48 गेंदों में 104 की पारी खेल ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाने वाले ग्लेन मैक्सवेल की गैरमौजूदगी का फायदा उठाने का प्रयास करेगी। अनुभवी कप्तान मैथ्यू वेड ने भी पिछले मैच में बहुत उपयोगी पारी खेली थी। स्टीव स्मिथ और एडम जम्पा भी आईसीसी पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के व्यस्त अभियान के बाद स्वदेश लौट गये है। हालाँकि मैच जीतने के लिए भारत के गेंदबाजों को टिम डेविड, जोश फिलिप और बेन मैकडरमॉट जैसे विध्वंसक बल्लेबाजों की नई जोड़ी को समेटते हुए सीमित ओवरों के प्रारूप में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। श्रेयस अय्यर की वापसी से भारत की बल्लेबाजी में कुछ बल मिलेगा। अब तक खेले गए तीन मैचों में शीर्ष क्रम ने पूरी ताकत झोंक दी है। एकमात्र अपवाद तिलक वर्मा थे जिन्होंने उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सके।

आज के मुकाबले में यशस्वी जयसवाल, रुतुराज गायकवाड़, ईशान किशन, कप्तान सूर्या और रिंकू सिंह के प्रदर्शन पर भारतीय टीम की जीत निर्भर करेगी।दीपक चाहर का शामिल होने से टीम गेंदबाजी विभाग में मजबूत होगा, क्योंकि वे नई गेंद के उपयोगी गेंदबाज हैं और मुकेश कुमार की शादी समारोह में भाग लेने के बाद उनकी दोबारा वापसी से डेथ बॉलिंग की संभावनाएं बढ़ेंगी।

# युगांडा ने टी-20 विश्वकप के लिए किया क्वालीफाई

दुबई। युगांडा की क्रिकेट टीम ने इतिहास रचते हुए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (आईसीसी) पुरुष टी-20 विश्वकप के लिए क्वालीफाई किया और इसी के साथ वह इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाला पांचवां अफ्रीकी देश बन गया है।

युगांडा अपने छह मैचों में से पांच में जीत दर्ज करते हुए आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप अफ्रीका क्षेत्र से इस टूर्नामेंट में क्वालीफाई करने वाली पांचवीं टीम बन गया है। यह विश्वकप वेस्टइंडीज और अमेरिका में आयोजित किया जा रहा है। क्वालीफायर में युगांडा ने अपने शुरुआती मुकाबलों में तंजानिया को आठ विकेट से हराया था। हालांकि अगले मुकाबले में युगांडा नामीबिया से हार गयी थी। इस मैच में नामीबियाई ऑलराउंडर डेविड विसे ने 17 रन देकर चार विकेट लिए थे। युगांडा ने टेस्ट मैच खेलने वाले जिम्बाब्वे की टीम को टी-20 मैच में पांच विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की थी। नामीबिया और युगांडा के हाथों हार झेलने वाली जिम्बाब्वे टीम टी-20 वर्ल्ड कप में क्वालिफाई करने से चूक गई। युगांडा के कप्तान सिकंदर रजा ने जिम्बाबे के खिलाफ 48 रन पर नाबाद रहते हुए टीम के लिए शानदार प्रदर्शन किया, वहीं गेंदबाज दिनेश नाकरानी ने 14 रन देकर तीन विकेट झटके। जिसने जिम्बाम्बे की टीम को सात विकेट के नुकसान पर 136 रन पर रोक दिया था।

# महिला जूनियर विश्व कप के पहले मैच में भारत ने कनाडा को 12-0 से धोया

एजेंसी

सैंटियागो। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चिली के सैंटियागो में शुरुआती मैच में बुधवार को कनाडा के खिलाफ 12-0 से शानदार जीत हासिल करके अपने एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2023 अभियान की शानदार शुरुआत की।

भारत की ओर से अन्नू (4, 6, 39), दीपी मोनिका टोप्पो (21), मुमताज खान (26, 41, 54, 60), दीपिका सोरेंग (34, 50, 54), और नीलम (45) ने गोल दागे। भारत ने मैच की शुरुआत आक्रामक रुख के साथ की और कनाडा पर लगातार दबाव बनाये रखा। अन्नू ने चौथे और छठे मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के जरिये दो शुरुआती गोल किए। दूसरे क्वार्टर में




दीपी मोनिका टोप्पो ने 21वें और मुमताज खान 26वें मिनट में एक-एक फील्ड गोल किया। इस बीच कनाडा को पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन वे इसका फायदा नहीं उठा सके।

अच्छी बढ़त के बावजूद भारतीय टीम ने तीसरे क्वार्टर में भी आक्रामक खेल का मुजाहिरा किया और दीपिका सोरेंग (34) ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर दबदबा बनाए रखा, जिसके बाद अन्नू (39) ने अपनी हैट्रिक पूरी की। जबकि मुमताज खान (41) ने मैच का अपना दूसरा गोल किया। इसके अलावा, नीलम (45) ने पेनल्टी कॉर्नर पर अपना शॉट मारकर अंतिम क्वार्टर के अंत तक भारत का स्कोर 8-0 कर दिया।


भारतीय टीम की गोल करने की भूख चौथे क्वार्टर में भी जारी रही, जिसके परिणामस्वरूप दीपिका सोरेंग (50, 54) और मुमताज खान (54, 60) ने गोल किए, जिससे न केवल दोनों खिलाड़ियों ने अपनी हैट्रिक पूरी की, बल्कि भारत की जीत 12-0 से सुनिश्चित हुई। भारत अपने दूसरे मैच में एक दिसंबर को जर्मनी से भिड़ेगा।

# भारतीय अफसर पर पन्नू की हत्या की साजिश का आरोप

**अमेरिकी चार्जशीट में दावा- मर्डर के लिए एजेंट हायर किया; भारत बोला- हाई-लेवल कमेटी जांच करेगी**

अमेरिका में खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने के मामले में न्यूयॉर्क पुलिस की एक चार्जशीट सामने आई है। इसमें एक भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता पर पन्नू की हत्या की साजिश का आरोप है। भारत के एक पूर्व CRPF अफसर ने उसे पन्नू की हत्या की प्लानिंग करने को कहा था।

बुधवार देर रात को सामने आई चार्जशीट में लिखा है कि भारतीय अफसर के कहने पर निखिल ने एक अपराधी से पन्नू के मर्डर के लिए कॉन्टैक्ट किया, लेकिन असल में वह एक अमेरिकी एजेंट था। इस एजेंट ने निखिल की पहचान एक और अंडरकवर अधिकारी से कराई, जिसने पन्नू का मर्डर करने की बात कही। इसके लिए करीब 83 लाख रुपए में डील हुई थी। न्यूयॉर्क पुलिस की चार्जशीट सामने आने के अगले दिन यानी गुरुवार को भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा- हम पन्नू की हत्या की कोशिश के मामले में भारतीय अधिकारी के



शामिल होने को लेकर जांच कर रहे हैं। इसके लिए हाई-लेवल कमेटी भी बनाई गई है। ये बेहद चिंता का विषय है और भारत सरकार की पॉलिसी के खिलाफ है। चार्जशीट के मुताबिक, भारतीय अफसर ने ये भी बताया था कि वो भारत की सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स यानी CRPF में काम करता था। हालांकि उसके नाम का खुलासा नहीं किया गया है। उसे CC-1 कहा गया है। उसे सीनियर फील्ड अफसर बताया गया है, जिसके जिम्मे सिक्योरिटी मैनेजमेंट और इंटेलिजेंस का काम है। उसे आर्ट ऑफ वॉर में ऑफिसर लेवल की ट्रेनिंग मिली है और हथियार चलाना भी सिखाया गया है।

### चार्जशीट में कहा- हत्या के लिए अमेरिकी एजेंट से डील की

चार्जशीट में लिखा है कि भारतीय अधिकारी के कहने पर निखिल ने एक अपराधी से पन्नू के मर्डर के लिए कॉन्टैक्ट किया, लेकिन असल में यह एक अमेरिकी एजेंट था। इस एजेंट ने निखिल की पहचान एक और अंडरकवर अधिकारी से कराई, जिसने हत्या को अंजाम देने की बात कही।

### चार्जशीट में लिखा- मर्डर की डील 83 लाख में, एडवांस पेमेंट भी

पन्नू की हत्या के लिए करीब 83 लाख रुपए की डील हुई थी। डील होने के बाद भारतीय अधिकारी सीसी-1 ने गुप्ता को पन्नू के न्यूयॉर्क वाले घर का पता, उसका फोन नंबर और उसकी दिनचर्या से जुड़ी पूरी जानकारी दी। गुप्ता ने इसे बाकी लोगों तक पहुंचाया। चार्जशीट में पन्नू की हत्या के लिए एडवांस पेमेंट करने का भी जिक्र है। पुलिस ने एक फोटोग्राफ भी चार्जशीट में शामिल किया है। इसमें कार में बैठे एक व्यक्ति के हाथ में अमेरिकी करेंसी दिख रही है।

### भारत-अमेरिका मीटिंग की तारीखों पर हत्या न करने को कहा

चार्जशीट के मुताबिक गुप्ता ने अंडरकवर अधिकारी को जल्द से जल्द काम पूरा करने को कहा। हालांकि उसे उन तारीखों पर हत्या न करने को कहा गया जब भारत और अमेरिका के अधिकारियों के बीच हाई-लेवल बैठकें होनी थीं।

दरअसल, उसी महीने पीएम मोदी अमेरिका के दौरे पर पहुंचे थे। चार्जशीट के मुताबिक गुप्ता ने हिटमैन को बताया था कि हरदीप सिंह निज्जर भी उनके टारगेट्स की लिस्ट में था। कनाडा में उसकी हत्या के बाद सीसी-1 ने गुप्ता को पन्नू से जुड़ा एक न्यूज आर्टिकल भेजा था। इसमें भारतीय अधिकारी ने कहा था कि उसे मारना अब प्राथमिकता है।

# हमास ने यरुशलम में गोलीबारी की : 3 की मौत

**इजराइल बोला- ये सीजफायर का उल्लंघन; घर जलाकर 13 साल की बच्ची को बंधक बनाया था**

यरुशलम में गुरुवार को एक बस स्टॉप के पास गोलीबारी हुई। इसमें 3 इजराइली लोगों की मौत हो गई। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, दो फिलिस्तीनी हमलावरों ने अंधाधुंध गोलियां बरसानी शुरू कर दी। मौके पर 2 लोगों की मौत हो गई। 6 लोग घायल हुए। दो की हालत गंभीर है। पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में दोनों हमलावर मारे गए।

ताजा अपडेट के मुताबिक, हमास ने इस हमले की जिम्मेदीर ली है। हमास ने कहा- यरुशलम के बस स्टॉप पर हमला करने वाले फिलिस्तीनी हमास मेंबर्स थे।

दोनों भाई थे। मुराद (38) और इब्राहिम (30) हमले में शहीद हो गए। हमने 29 नवंबर को वेस्ट बैंक में हुई दो बच्चों की हत्या का बदला लिया। दरअसल, 29 नवंबर की रात वेस्ट बैंक




में रेड के दौरान इजराइली सैनिकों ने 8 और 15 साल के बच्चों को गोली मार दी थी।

इस बीच इजराइली राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन ग्विर ने कहा- हमास ने यरुशलम में हुई गोलीबारी की जिम्मेदारी ली है। उन्होंने सीजपायर का उल्लंघन किया है।

वहीं, हमास ने सीजफायर के 6वें दिन हमास ने 13 साल की गैली तर्शांस्की को आजाद किया। आतंकी 7 अक्टूबर को गैली के घर में आग लगाकर उसे और उसके पिता को बंधक बनाकर गाजा ले गए थे।

### जंग फिर शुरू होने से 8 मिनट पहले बढ़ा सीजफायर

इजराइल-हमास के बीच सीजफायर खत्म होने से 8 मिनट पहले यानी 10:22 बजे (भारतीय समयानुसार) इसे 1 दिन के लिए आगे बढ़ा दिया गया। इजराइल और कतर के अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, हमास ने आज आजाद होने वाले 10 बंधकों की लिस्ट दी है, जिसे इजराइल ने पास कर दिया है।

युद्ध विराम के तहत हमास हर दिन 10 बंधकों को छोड़ेगा। इसके बदले में इजराइल 30 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। इजराइली सेना ने बताया कि सीजफायर की दूसरी शर्तों पर अब भी बातचीत जारी है।

# इज़रायल ने की हमास के साथ संघर्ष विराम अवधि बढ़ाने की पुष्टि

यरूशलम। इजरायल के सुरक्षा बलों (आईडीएफ) ने गाजा पट्टी में हमास के साथ संघर्ष विराम अवधि को बढ़ाये जाने की गुरुवार सुबह पुष्टि की। मौजूदा संघर्ष विराम समझौते की समाप्ति से काफी पहले आईडीएफ द्वारा जारी एक संक्षिप्त बयान में कहा गया, बंधकों को रिहा करने की प्रक्रिया जारी रखने के मध्यस्थों के प्रयासों और रूपरेखा की शर्तों के अधीन परिचालन विराम जारी रहेगा। हालांकि बयान में यह स्पष्ट नहीं किया गया कि संघर्ष विराम कितने दिनों तक चलेगा। दूसरी ओर हमास की ओर से जारी बयान में कहा गया कि संघर्ष विराम आज सुबह समाप्त होना था, लेकिन इसे एक दिन के लिए और बढ़ा दिया गया है। इजरायली मीडिया के मुताबिक आज हमास द्वारा केवल आठ बंधकों को रिहा किया जाएगा।

### वनत लौटे मुक्त हुए थाईलैंड के 17 नागरिक

बैंकॉक। थाईलैंड के 17 नागरिक लगभग 50 दिनों तक हमास की कैद में रहने के बाद वतन लौट आए हैं। इन लोगों की रिहाई उस समझौते से अलग हुयी है, जिसके तहत हमास ने अब तक 70 इजरायली महिलाओं और बच्चों को रिहा किया है। इन लोगों की रिहाई और संघर्ष विराम के विस्तार से अब हमास के कैद से थाईलैंड के शेष नौ निवासियों की रिहाई की उम्मीद जगी है। हमास ने सात अक्टूबर का इजरायल में हमला करके 1,200 लोगों की हत्या कर दी थी, जिनमें 39 थाईलैंड के नागरिक थे। पिछले दो दिनों के दौरान हमास ने थाईलैंड के छह नागरिकों को रिहा की है, जो चिकित्सीय जांच के लिए अभी इजरायल में हैं, लेकिन जिन अन्य लोगों को मुक्त कराया गया वे साथ थाईलैंड के विदेश मंत्री पारनप्री बहिधा-नुकारा के साथ वतन लौट आए। वे गुरुवार शाम को बैंकॉक के सुवर्णभूमि हवाई अड्डे पर पहुंचे, जहां उनके परिवार के सदस्य उनकी वापसी का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक चनापा और सिरिरत बुपासिरी ने आधी रात को गाँव से निकल आये थे, ताकि वे अपने भाई बुड्डी सेंगबुन के आगमन के लिए समय पर बैंकॉक पहुँच सकें। चनापा ने बैंकॉक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बाहर बीबीसी को बताया, हमें नींद नहीं आई। पिछले सप्ताह भाई की रिहाई के बारे में पता चला, तो एहसास हुआ कि वह सुरक्षित है। हमें नहीं पता था कि मेरे भाई के साथ क्या हुआ था।

### नेपाल में पंजीकृत हुआ पहला समलैंगिक विवाह

काठमांडू। नेपाल के पश्चिमी लमजंग जिले में देश के पहले समलैंगिक विवाह का पंजीकरण किया गया है और इसे देश में लेस्बियन-गे-बाईसेक्शुअल-ट्रांसजेंडर (एलजीबीटी) समुदाय के अधिकारों की विजय के रूप में देखा जा रहा है। पश्चिमी लमजंग जिले में औपचारिक रूप से माया गुरुंग (35) और सुरेंद्र पाण्डेय (27) के विवाह को बुधवार को पंजीकृत किया गया। देश के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समलैंगिक जोड़ों के विवाह के पंजीकरण के संबंध में पांच महीने पहले दिये गये अंतरिम आदेश के बाद यह पंजीकरण किया गया है। एशिया में अभी तक ताईवान ही एकमात्र देश था जहां समलैंगिक विवाह को मंजूरी मिली हुई है। विवाह के पंजीकरण के बाद श्रीमती गुरुंग ने बीबीसी से कहा आज का दिन केवल हमारे लिए ही नहीं बल्कि सभी लैंगिक अल्पसंख्यक समुदायों के लिए बहुत बड़ा दिन है। अपने अधिकारों की यह लड़ाई बिल्कुल भी आसान नहीं रही है लेकिन आखिरकार हमें जीत हासिल हुई। अब आगे आने वाली पीढ़ियों के लिए राह आसान होगी। हमारे विवाह के पंजीकरण ने हमारे लिए बहुत सी सुविधाओं के दरवाजे खोल दिये हैं। दंपती ने कहा कि वे एक संयुक्त खाता खोलना चाहते हैं और उनके द्वारा खरीदी गयी जमीन का सम्मिलित स्वामित्व भी लेना चाहते हैं लेकिन जैसे ही उनकी आर्थिक स्थिति कुछ और मजबूत होती है तो उनका सबसे बड़ा सपना एक बच्चे को गोद लेना है।

### जापान ने अमेरिका से उड़ान सुरक्षा की पुष्टि करने का किया आग्रह

टोक्यो। पश्चिमी जापान का सैन्य विमान ऑस्प्रे समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद जापान ने अमेरिका से अनुरोध किया है कि ऑस्प्रे उड़ानों को संचालित करने से पहले इन उड़ानों की सुरक्षित होने की पुष्टि करें। जापानी रक्षा मंत्री ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मिनोरू किहारा ने संसद में कहा, इस तरह की दुर्घटना की घटना से क्षेत्र के लोगों में बहुत चिंता पैदा होती है। और हम अमेरिकी पक्ष से अनुरोध कर रहे हैं कि इन उड़ानों के सुरक्षित होने की पुष्टि होने के बाद जापान में तैनात ऑस्प्रे की उड़ानें संचालित की जाएं। रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी तारो यामातो ने संसदीय सुनवाई में बताया कि फिलहाल, जापान की ग्राउंड सेल्फ-डिफेंस फोर्स अपनी ऑस्प्रे उड़ानें निलंबित कर देगी। जापान स्थित अमेरिकी ऑस्प्रे सैन्य परिवहन विमान बुधवार को देश के दक्षिण-पश्चिमी द्वीप याकुशिमा के पास समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जापान तट रक्षक के अनुसार, इस दुर्घटना में एक बेहोश व्यक्ति समुद्र में पाया गया और बाद में उसे मृत घोषित कर दिया गया। तटरक्षक प्रवक्ता काज़ुओ ओगावा ने कहा कि दुर्घटना का कारण और उसमें सवार सात अन्य लोगों की स्थिति का तुरंत पता नहीं चल पाया है। जापान के तट रक्षक और खोज एवं बचाव अभियान जारी है।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस D 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240 A अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. -DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

नई दिल्ली
शुक्रवार 01 दिसंबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

# मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने पर लगा दो लाख का जुर्माना, कुछ के लिए गए नमूने

गाजीपुर ।गाजीपुर के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत खाद्य पदार्थो के नमूनें संग्रहित कर जॉच हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला, उ0प्र0, प्रेषित किये गये थे, जॉच के पश्चात् खाद्य पदार्थो में मिलावट की पुष्टि खाद्य विश्लेषक द्वारा की गयी थी। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा रिपोर्ट प्राप्त करने के उपरान्त अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/न्याय निर्णायक अधिकारी, गाजीपुर के न्यायालय में वाद प्रस्तुत किया गया था, श्री अरुण कुमार सिंह, न्याय निर्णायक अधिकारी (वि0/रा0), गाजीपुर के न्यायालय द्वारा सम्यक विचारोपरान्त 03 वादों पर रू0 200000 (दो लाख रूपये मात्र) के अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया। अर्थदण्ड समय से जमा न किये जाने पर आर0 सी0 के माध्यम से वसूली की जायेगी। जिसमें प्रेमचन्द गुप्ता पुत्र मुसाफिर निवासी जमानिया



स्टेशन पोस्ट व थाना-जमानिया को अधोमानक खाद्य पदार्थ वैभव सरसोना कडवा एक्टिव एडिबल वेजिटेबल आयल विक्रय करने पर रू0 35,000, अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया, सुनील गुप्ता पुत्र सखराज गुप्ता निवासी बभनौली पोस्ट-हंसराजपुर थाना-शादियाबाद जनपद-गाजीपुर को अधोमानक व मिथ्याछाप खाद्य पदार्थ सिंघाडा का आटा विक्रय करने पर रू0 15,000 अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया, फर्म-वी0 मार्ट रिटेल लि0 सिंचाई विभाग चौराहा बन्धवा पुल पोस्ट-पीरनगर थाना-कोतवाली गाजीपुर को मिथ्याछाप खाद्य पदार्थ मैगी-2 मिनट नूडल्स की विक्रय करने पर रू0 1,50,000 अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया।

इसी क्रम में दिनांक 29.11.2023 को एफ0एस0डब्ल्यू वैन के माध्यम से यादव मोड़ जंगीपुर (सदर तहसील क्षेत्र) जनपद गाजीपुर में विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल 44 नमूनें जॉच किये गये। विवरण निम्नवत है, निकट यादव मोड़ जंगीपुर बाजार गाजीपुर (सदर तहसील क्षेत्र) गाजीपुर से एफ0एस0डब्ल्यू वैन के माध्यम से दूध का 04 नमूनें, पनीर के 04 नमूनें, खोया का 01 नमूना, दूध से बनी मिठाईयों के 12 नमूनें, मसालें के 04 नमूने, दाल के 05 नमूनें, अन्य मिठाईयो (लड्डू ,सोनपापडी, मोचीचूर के लड्डू, एवं बालूशाही) के 06 नमूनें, खाद्य तेल का 01 नमूना, खाद्य पदार्थ बेसन का 02 नमूना एवं चाय की पत्ती का 02 नमूना, फल सेव का 01 नमूना, टमाटर चटनी, एवं मखाना के 01-01 नमूनें कुल 44 नमूनें जॉच किये गये जिनमें से मिल्क स्वीट के 10 नमूनें में (स्टार्च) बाह्य पदार्थ युक्त पाया गया एवं बेसन के लड्डू के 02 नमूनें में निर्धारित मानक से अधिक खाद्य रंग पाया गया तथा चटनी के 01 नमूनें में रंग की उपस्थिति पायी गयी। मौके पर ही खाद्य कारोबारकर्ताओं को जॉच रिपोर्ट से अवगत कराया गया एवं उन्हें भविष्य में खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता में सुधार हेतु निर्देशित किया गया तथा मौके पर उपस्थित आम जनमानस को खाद्य पदार्थों में मिलावट के सम्बन्ध में जागरूक किया गया ।एफ0एस0डब्ल्यू वैन का संचालन श्री मो0 हनीफ लैब टेक्नीशियन एवं श्री अवधेश कुमार खाद्य सुरक्षा अधिकारी गाजीपुर द्वारा किया गया।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम नगवां एवं पिपरडीह गांव में हुई आयोजित



सोनभद्र । ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' कार्यक्रम का आयोजन दुद्धी ब्लॉक के ग्राम पंचायत नगवां व पिपरडीह गांव में किया गया। इस मौके पर एल0ई0डी0 वैन के माध्यम से केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपस्थित जन समुदाय को दी गयी जिसे भारी संख्या में उपस्थित जनमानस ने देखा व सराहा। इस दौरान ब्लाक प्रमुख दुद्धी रंजना चैधरी ने मौजूद जनसमुदाय को सम्बोधित करते हुए बिरसा मुण्डा की जयन्ती पर प्रधानमंत्री के विकसित भारत भारत संकल्प यात्रा शुभारंभ का जिक्र करते विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य बताये। कहा कि गांव व शहरी क्षेत्र में निवास करने वाले हर पात्र व्यक्तियों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से जोड़ा जाय और जो व्यक्ति योजनाओं से लाभान्वित हुए हैं, उनके जीवन स्तर में किस तरह का सुधार हुआ,यह कहानी उनके जुबानी से ही सुना जाय। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा केन्द्र व प्रदेश सरकार की संचालित योजनाओं से सम्बन्धित लगाये गये अनेक स्टालों को लोगों ने देखा। जिला पंचायत राज अधिकारी विशाल सिंह, ग्राम प्रधान नगवां व पिपरडीह ए0डी0ओ0 पंचायत दुद्धी, डी0पी0आर0ओ0 कार्यालय के अनिल केशरी सहित अन्य कार्मिकगण, लाभार्थीगण सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## शार्ट न्यूज

### किशोरी लापता गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज



गाजीपुर। सादात थाना क्षेत्र के मीरपुर (सोनबरसा) से सौच के लिए निकली एक 16 वर्षीय किशोरी लापता हो गई। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बाद जब उसका पता नहीं चला तो इसकी जानकारी थाना सादात को दी गई। उसके पिता ने तहरीर देकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। सादात थाना क्षेत्र के मीरपुर गांव निवासी सोमरू राम की पुत्री निशा कुमारी विगत माह घर से सौच के लिए निकली और शाम तक घर नहीं आई। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बाद जब उसका पता नहीं चला तो उसके पिता थाना पहुंचे और पुलिस को अपनी तहरीर दी। इस संबंध में थानाध्यक्ष आलोक त्रिपाठी ने बताया कि किशोरी के पिता की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है और उसकी तलाश की जा रही है। परिजनों के अनुसार वह लैगी, कुर्ती पहनी हुई है और वह गेहुआ रंग की दिखने में है एवं सामान्य कद काठी की है। थानाध्यक्ष ने बताया कि अगर कहीं इस हुलिया की किशोरी दिखे तो 9454403461 पर फोन करके जानकारी दी जा सकती है।

### सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन 2 व 3 दिसम्बर को

आजमगढ़ । (पीएमए) जिला युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी श्री सुल्तान सिंह ने बताया है कि युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग आजमगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में जनपद व मण्डल स्तरीय युवा उत्सव/सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन क्रमश: दिनांक 02 व 03 दिसम्बर, 2023 को प्रतिभा निकेतन इण्टर कालेज अतलस पोखरा आजमगढ़ में किया गया है। जनपद स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारम्भ जिला अध्यक्ष भाजपा आजमगढ़ मा0 श्री कृष्ण पाल तथा मण्डल स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारम्भ जिला विकास अधिकारी श्री संजय कुमार सिंह द्वारा किया जायेगा। जनपद व मण्डल स्तरीय प्रतियोगिता में राष्ट्रीय युवा उत्सव हेतु निर्धारित विधाओं- लोकनृत्य (समूह), लोकनृत्य (व्यक्तिगत/एकल), लोकगीत (समूह), लोकगीत (व्यक्तिगत/एकल), कहानी लेखन, पोस्टर बनाना, शब्दपांडित्य, फोटोग्राफी की प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेगी। जनपद स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में सभी विकास खण्डों के अतिरिक्त समस्त विद्यालयों, महाविद्यालयों, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय शिक्षण संस्थाएं तथा उपर्युक्त कार्य से जुड़ी हुई निजी संस्थाओं के साथ ही साथ शहरी व ग्रामीण कलाकार जिनकी उम्र दिनांक 01 जनवरी, 2024 को 15 से 29 वर्ष के मध्य हो प्रतिभाग करेंगे।

### यूपी में नौकरशाहों के खिलाफ जांच के लिए बने व्यवस्था : विजय बहादुर पाठक

लखनऊ । (पीएमए) अफसरों के खिलाफ आरोपों की जांच एक निर्धारित समय सीमा में हो। इसकी मांग अब विधायिका से उठने लगी है। उत्तर प्रदेश विधान परिषद में भाजपा के एमएलसी विजय बहादुर पाठक ने मांग की है कि 110 सूचना के तहत सांसद-विधायक की तरह नौकरशाही पर चल रहे भ्रष्टाचार के केसों के लिए एक व्यवस्था बने, जिससे इन पर लगे आरोपों की जांच हो सके। गुरुवार को सदन में इस मुद्दे को उठाते हुए एमएलसी ने चर्चा की मांग की। भाजपा के एमएलसी ने कहा कि सांसद या विधायक पर होने वाले मुकदमों की सुनवाई के लिए एमपी एमएलए कोर्ट हैं। मगर अफसरों के खिलाफ होने वाली शिकायतों की जांच और उन पर कार्रवाई के लिए कोई व्यस्था नहीं है। कई बार तो अफसरों के खिलाफ होने वाली जांच में इतनी देर हो जाती है कि अफसर रिटायर हो जाते हैं। मगर उनके खिलाफ कोई करवाई नहीं हो पाती है।

## पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत बन रहा विकसित व सामर्थ्यवान : सहजानंद राय



गोरखपुर । (पीएमए) तारामंडल गोरखपुर में गुरुवार की सुबह आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नेताओं ने विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को वर्चुवली सुना। इस यात्रा का का शुभारंभ मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के पंत पार्क से हुआ था। प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन के पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय ने उपस्थित लोगों को विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्यों को बताया। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जहां एक ओर देश के गौरव को दुनिया में बढ़ाया है, वहीं उनके कुशल नेतृत्व में भारत विकसित और सामर्थ्यवान बन रहा है। गोरखपुर के सदर सांसद रविकिशन शुक्ला ने बताया कि केंद्र की मोदी सरकार की साढ़े नौ साल की जनकल्याणकारी कार्यों एवम उपलब्धियों को गांव गांव पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली गई है। यह यात्रा गोरखपुर के सभी वार्डो में जाएगी। इस यात्रा के माध्यम से जनता की मोदी सरकार से अपेक्षा की जानकारी हासिल कर योजनाओं के लाभ से वंचित लोगों को शासन की सुविधाएं मुहैया कराने की कोशिश होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने की।

# यातायात माह का हुआ सफल समापन, बांटे गए हेलमेट

गाजीपुर। यातायात माह नवंबर का सफल समापन बृहस्पतिवार को रौजा पुलिस विकेट के पास एक नुक्कड़ नाटक आयोजित करके किया गया। इस कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने यमराज का रोल करके दो पहिया वाहन पर बिना हेलमेट की सवारी करने वालों पर चेतावनी दी गई। इस दौरान कलाकारों ने एक दुर्घटना का भी सफल मंचन किया। इस कार्यक्रम में उपस्थित एसपी सिटी ज्ञानेंद्रनाथ प्रसाद ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए बताया कि यातायात पुलिस का प्रयास होता है कि दुर्घटनाओं में कमी लाया जाए। उन्होंने बताया कि यातायात माह का उद्देश्य अधिक से अधिक आम जनता तक यातायात नियमों की जानकारी को पहुंचाना होता है। विगत



वर्षों की तरह इस साल भी यातायात माह को विभिन्न जगहों पर सभा आयोजित करके यातायात नियमों की जानकारी दी गई। शहर के कई विद्यालयों में छात्र छात्रों को यातायात नियमों के बारे में पुलिस अधिकारियों द्वारा जानकारी दिया गया। इस अवसर पर संवाददाताओं को संबोधित करते हुए एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी ने भी यातायात नियमों के प्रति हर एक नागरिक को सचेत रहने के लिए अपील की। इस दौरान उन्होंने संवाददाताओं एवं दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट भी वितरित किया।

उन्होंने अपील की दो पहिया वाहन चालक हेलमेट का प्रयोग जरूर करें क्योंकि इसे जान माल की बहुत रक्षा होती है। कार्यक्रम के अंत में यातायात प्रभारी मनीष त्रिपाठी ने भी संवाददाताओं से बातचीत की और बताया कि यातायात पुलिस गाजीपुर द्वारा यातायात माह को बहुत ही सफल तरीके से संपन्न किया गया है। नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों का चलन भी किया गया है। चार पहिया वाहनों का काली फिल्म भी उतर गई है और उनका भी चालान किया गया है। यातायात नियमों की जागरूकता के लिए आगे भी कार्यक्रम चलते रहेंगे। रिफ्लेक्टिंग टिप लगाने की वाहनों पर अभियान आने वाले समय में और तेज किया जाएगा जिसे आने वाले दिनों में ठंड बढ़ेगी, कोहरा का प्रकोप बढ़ेगा ।रिफ्लेक्टिंग टेप होने से दुर्घटनाओं में कमी होती है। इस कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी शहर गौरव कुमार, यातायात पुलिस के कर्मचारी बालकृष्ण , प्रमोद कुमार, यशोधन त्रिपाठी, वीरेंद्र कुमार, मनोज कुमार, आदि उपस्थित रहे।

# यह इवेंट नहीं, बड़े मूवमेंट की शुरुआत है

- रामलीला मैदान से प्रकृति संवाद में राष्ट्रवादी चिंतक केएन गोविंदाचार्य ने भरी हुंकार, कहा, अभी प्रकृति के लिए काम करने वालों का हुआ जुटान, आगे बनेगी प्रकृति केंद्रित विकास की रणनीति
- करीब चार घंटे के संवाद में पहाड़, नदी, समुद्र, जंगल समेत प्रकृति के हर अंग की मौजूदा स्थिति और इसके संरक्षण पर विषय विशेषज्ञों ने की चर्चा
- निरंकारी, नामधारी, प्रजापिता ब्रह्मकुमारी, गायत्री परिवार समेत दिल्ली में सक्रिय सभी सामाजिक, पर्यावरणिक, धार्मिक व आध्यात्मिक संस्थाओं की रही भागीदारी, स्कूल, कालेज के बच्चों ने भी की शिरकत



नई दिल्ली। राष्ट्रवादी चिंतक केएन गोविंदाचार्य ने बृहस्पतिवार रामलीला मैदान से प्रकृति संवाद में हुंकार भरी कि यह कोई एक दिवसीय आयोजन नहीं, बड़े आंदोलन की शुरुआत है। अभी प्रकृति की चिंता करने वाले लोगों की मुलाकात हुई है, आगे प्रकृति के संरक्षण की कार्ययोजना तैयार होगी। इसमें प्रकृति केंद्रित विकास के लिए नीतिगत दखल के साथ सत्ता के विकेंद्रीकरण तक पर काम करना पड़ेगा।

इससे पहले बृहस्पतिवार सुबह कार्यक्रम की शुरुआत कथावाचक अजय भाई जी के संगीतमय प्रस्तुति से हुई। करीब एक घंटे तक उन्होंने संगीत के माध्यम से प्रकृति के हर अंग की अहमियत बताई। वहीं, आईआईटी, दिल्ली के वायुमंडलीय विज्ञान केंद्र के प्रोफेसर विमलेश पंत, डीयू की लक्ष्मी बाई कॉलेज के प्राचार्य प्रत्यूष वत्सला, डीयू के भूविज्ञान विभाग के प्रोफेसर शशांक सिंह, दिल्ली के बायोडायवर्सिटी पार्क के इंचार्ज डॉ. फैयाज खुदसर, बुंदेलखंड में चार नदियों को पुनर्जीवित करने वाले परमार्थ संस्था के संस्थापक डॉ. संजय सिंह, युवा हल्ला बोल के संस्थापक अनुपम, पर्यावरणविद मल्लिका भनोट समेत दूसरे विशेषज्ञ शामिल हुए। वहीं, निरंकारी, नामधारी, प्रजापिता ब्रह्मकुमारी, गायत्री परिवार समेत दिल्ली में सक्रिय सभी सामाजिक, पर्यावरणिक, धार्मिक व आध्यात्मिक संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम में एमसीडी, दिवाली सरकार के स्कूल, डीयू के अलग-अलग कालेज के बच्चों ने भी शिरकत की। कार्यक्रम में यमुना संसद की तरफ से बीते चार जून को वजीराबाद से कालिंदी कुंज तक बनाई गई मानव श्रृंखला पर तैयार शोध रिपोर्ट भी जारी की गई। इसमें दिल्ली की यमुना को अविरल और निर्मल करने की कार्ययोजना का विस्तार से वर्णन है। कार्यक्रम में नामधारी मुखी सतगुरु दलीप सिंह का पर्यावरण संरक्षण का संदेश सुनाया गया। वहीं, नामधारी सिख संगत की राजपाल कौर, निरंकारी मिशन के सचिव जोगिंदर सुखेजा और सदस्य इंचार्ज राकेश मुटरेजा, ब्रह्माकुमारी दिल्ली यूथ विंग की कोआर्डिनेटर राजयोगिनी बीके अनुसुइया, नदी संवाद के संयोजक जीवकांत झा और यमुना संसद के संयोजक रविशंकर शंकर तिवारी ने संबोधित किया।

गोविंदाचार्य ने कहा कि नए खड़े होने वाले आंदोलन में क ई धाराएं होंगी। इसमें सही व गलत की पहचान इससे होगी कि कौन प्रकृति के पक्ष में खड़ा है और कौन इसके खिलाफ। जो पक्ष में है, वह सही है। जबकि जो साथ नहीं है वह ग़लत है। आज का जुटान सही व गलत को मापने की झांकी है। इसके मूल में दो बातें हैं। पहली प्रकृति केंद्रित विकास का नीतिगत पहलू है और दूसरा सत्ता के विकेंद्रीकरण का। इसमें संवाद, सहमति व सहकार से आगे बढ़ना है।

गोविंदाचार्य के मुताबिक, अभी हमें यहां से लौटकर जिला स्तर पर सहमना लोगों के बीच किसी एक संकट पर संवाद व सहमति बनाकर उसके समाधान की ओर बढ़ना है। जो पहले से काम कर रहे हैं, उनको खोजना और सीखना है। जो लोग किसी दिक्कत में हैं, उनकी मदद करना है। जो हुआ है, उसे मजबूत करना है। अपनी क्षमता के आधार पर अभी यही सब हम सबके लिए करणीय है।

इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत में राष्ट्रीय स्वाभिमान आंदोलन के बसव राज पाटिल ने मौजूदा वक्त में प्रकृति संवाद के आयोजन की अहमियत बताई। साथ ही कहा कि जल, जंगल व जमीन समेत पूरी प्रकृति को हम सब लोगों ने ही बिगाड़ा है और ठीक करने की जिम्मेदारी भी हमारी है।

पहाड़ों की अहमियत पर बात करते हुए मल्लिका भनोट ने कहा कि पहाड़ आज टूट रहे हैं, पहाड़ों पर आपदाएं आ रहीं हैं। पहाड़ नहीं होगा तो नदी नहीं होगी। नदी नहीं होगी तो मैदान में जीवन नहीं होगा। यह हमें समझना होगा। इको सेंसेटिव जोन हर नदी का बनना चाहिए। यह नदी का मौलिक अधिकार है। विकास पहाड़ों को काटकर सड़क बनाने, नदी का अतिक्रमण कर बहुमंजिला इमारतें बनाने में नहीं है। इसकी जगह इनको बचाकर इनके साथ विकास करने में है।

बुंदेलखंड के जलपुरूष के नाम से मशहूर डॉ. संजय सिंह ने कहा कि समाज के साथ ही बड़े-बड़े बदलाव लाए जा सकते हैं। बुंदेलखंड ने यह करके दिखाया है। पांच नदियों को समाज ने अविरल और निर्मल किया है और करीब छह नदियों पर अभी चल भी रहा है। डॉ. सिंह ने सभी को बुंदेलखंड के मॉडल को देखने के लिए आमंत्रित किया।

बृजेश गोयल ने कहा कि आज देश की सभी नदियां प्रदूषित हैं। इससे भूजल भी खराब हुआ है। नतीजतन शहरों के साथ ग्रामीण इलाकों में भी पेयजल का संकट गहराया है। इसे ठीक करने के लिए हमें तय करना पड़ेगा कि नदियां निर्मल हों।

डॉ. शशांक शेखर ने बताया कि दिल्ली का दो तिहाई पेयजल बाहर से आता है और हम 32 नालों से यमुना में गंदगी डाल रहे हैं। इसे बदलना पड़ेगा। इसे ठीक करने के लिए हम सबको प्रण करना पड़ेगा कि बिना शोधित किए बूंद भर भी पानी यमुना नदी में नहीं डालेंगे।

डॉ. फैयाज खुदसर दिल्ली की प्रदूषित हवाओं पर चर्चा करते हुए पारिस्थितिकी तंत्र और पौधरोपण के विज्ञान की बात कही। डॉक्टर खुदसर ने बताया कि कोई भी इको सिस्टम बहुत जटिल होता है। इसकी एक कड़ी से छेड़छाड़ पूरे तंत्र को बिगाड़ देती है। पौधरोपण इस तरह करना चाहिए, जो स्थानीय हो। जमीन की प्रकृति, वहां के परिवेश के हिसाब से पौधे लगाना ही उपयोगी हैं।

वीके बहुगुणा ने बताया कि पेड़ अमूल्य है। यह हम लोगों को आसानी से समझ नहीं आता, लेकिन पचास सालों में एक पेड़ 42 लाख रुपये देता है। इससे हमें जो हवा मिलती है, जो कार्बन डाइऑक्साइड को हटाता है, जो पानी को साफ करता है, उसकी रुपयों में कीमत इतनी ही बैठती है।

प्रो. विमलेश पंत ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के खतरनाक हैं। इसका पहला असर ग्लेशियर पिघलना शुरू होता है इससे समुद्र का जलस्तर बढ़ जाता हैं और तटीय शहरों को खतरा है। जबकि सागर में ऊर्जा पैदा करने की अथाह क्षमता है। इसका अभी दोहन नहीं हुआ है। इस तरफ सरकार और वैज्ञानिकों का ध्यान देना हो। इससे हम स्वच्छ ऊर्जा के इस्तेमाल को बढ़ावा मिलेगा।

अनुपम ने कहा कि आज हमने विकास की अपनी अवधारणा को अलग मान लिया है। यह मान लिया है कि जितनी चौड़ी सड़क होगी, जितनी ऊंची इमारत होगी, जितनी कम हरियाली होगी, जितनी सुरंगें होगी, उतना ही विकास है। जवाबदेही किसकी, जब तक स्पष्ट बात नहीं करते तब तक समाधान नहीं निकलेगा। इसकी पहली जिम्मेदारी सरकार की है। युवा समझे इसको। धरती बची रहेगी, तभी हम बचे रहेंगे। हम रहें या न रहें पृथ्वी रहेगी ही। हमें यह सोचना है कि हम कैसे बच सकेंगे।

# बाल तस्करी ,बाल व बाल भिक्षा वृत्ति रोकथाम को बनी कार्ययोजना

### इन दासतामूलक कुवृत्तियों की रोकथाम को जनपद में जोरों पर चल रही मुहिम

सोनभद्र । बाल तस्करी और बाल भिक्षा वृत्ति रोकथाम के लिए बाल कल्याण समिति सदस्य रंजना चौबे की अध्यक्षता में सोनभद्र रेलवे स्टेशन राबर्टसगंज मे आहूत हुई बैठक। मानव तस्करी रोधी इकाई से प्रभारी निरीक्षक रामजी यादव ने बताया कि बाल तस्करी एक गंभीर अपराध है और मानवाधिकारों के उल्लंघन का सबसे खराब रूप है, जो कई हिस्सों में देखने को मिल रहा है। बाल तस्करी से निबटने के लिए विभिन्न वर्गों के हितधारकों द्वारा हस्तक्षेप कर ऐसी विकृतियों से निजात पाने पर ध्यान देने की आवश्यकता है। जनपद से जुड़ी हुई सीमाएं जिसमें मौजूद कतिपय कमियां ऐसी स्थितियों को बढ़ावा देती हैं जो तस्करों को आकर्षित करती हैं और इस काम को करने में सक्षम



बनाती हैं। बच्चे इनके आसान लक्ष्य होते हैं और अपने शिकार की तलाश में लगातार लगे इन शिकारियों के चंगुल में फंस जाते हैं। पीड़ित बच्चे शोषण के गंभीर रूपों , जैसे शारीरिक, यौन और भावनात्मक हिंसा, दुर्व्यवहार, यातना और सदमा, जबरन बंधुआ मजदूरी, जबरन विवाह और दासता आदि का सामना कर रहे हैं। बाल तस्करी के पीड़ितों द्वारा सामना की जाने वाली क्रूरता और अन्याय अक्सर समझ से भी परे है। इसमें उनका जीवन नष्ट हो जाता है जिसे सुधार पाना भी संभव नहीं होता और वे अधिकारों से वंचित रहते हैं।

इन सभी कुवृत्तियों के सम्बन्ध मे निश्चित कार्ययोजना के अनुसार ठोस व कठोर कार्यवाही की आवश्यक पर पुरजोर बल देने की आवश्यकता बताते जिला बाल संरक्षण इकाई से ओ0 आर0 डब्ल्यू0 शेषमणि दुबे ने कहा कि हाल में ही रेलवे स्टेशन चोपन से कई बच्चों को मुक्त कराया गया था बाल तस्करी, बाल भिक्षा वृत्ति, रोकथाम हेतु पूर्व में जारी आदेश में जिला बाल संरक्षण अधिकारी - जिला नोडल अधिकारी के निर्देश के क्रम में पुन: कार्य योजना तैयार की गयी।

बैठक में बाल कल्याण समिति सदस्य रंजना चौबे, जिला बाल संरक्षण इकाई से संरक्षण अधिकारी गायत्री दुबे, रोमी पाठक, परामर्शदाता सुधीर कुमार शर्मा ओ.आर डब्ल्यू. शेषमणि दूबे, मानव तस्करी रोधी इकाई से प्रभारी निरीक्षक रामजी यादव मुख्य आरक्षी धनंजय व चाइल्ड हेल्पलाइन यूनिट से धर्मवीर सिहं, अमन सोनकर, अमित यादव, अंशू गिरि, सत्यम चौरसिया, बजरंग सिंह मौजूद रहे।

## घरेलू गैस का दाम 500 रूपये तक करने की मांग को लेकर कांग्रेस पदाधिकारियों ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

गोरखपुर। (पीएमए) उ0प्र0 कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी एवं महानगर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में अध्यक्ष निर्मला पासवान एवं महानगर अध्यक्ष आशुतोष के संयुक्त नेतृत्व में भाजपा शासित राज्यों में घरेलू गैस के दाम 450 से 500 रूपये तक करने की मांग को लेकर रामप्रसाद बिस्मिल पार्क से नारेबाजी करते हुए पैदल मार्च कर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर महामहिम राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन एडिशनल सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा गया। इस दौरान नवनियुक्त प्रदेश सचिव दिलीप कुमार निषाद एवं नवनियुक्त प्रदेश सचिव मनोज यादव मुख्य रूप से कार्यक्रम में मौजूद रहें। जिलाध्यक्ष निर्मला पासवान एवं महानगर अध्यक्ष आशुतोष तिवारी ने संयुक्त रूप से कहा कि भाजपा राजस्थान और छत्तीसगढ़ में अपने चुनावी भाषण के दौरान चुनाव जीतने के लिए घरेलू गैस 450-500 रूपये देने की जुमलेबाजी कर रही है। जबकि भाजपा शासित राज्यों में घरेलू गैस 1100 से अधिक दामों में सरकारें आम जनमानस को दे रही है।

# भ्रस्टाचार के खिलाफ़ लड़ाई लड़ते समय घायल हुए रितेश पाण्डेय .!

कहते हैं कि भ्रष्टाचार से लड़ाई आसान नहीं होती , और यह बात अक्षरश: सच साबित हुई है । रितेश पांडेय विगत 8 दिनों स इस भ्रस्टाचार से लड़ रहे हैं और इस लड़ाई में वे बुरी तरह से घायल हो गए हैं । लेकिन वो कहते हैं न कि हिम्मते मर्दा तो मददे खुदा, ये वाली लोकोक्ति सच साबित हुई है रितेश पांडेय के साथ । इस घायलावस्था में भी इन्होंने हार नहीं मानी और भ्रष्टाचार के ख़िलाफ़ लड़ाई को अनवरत जारी रखा हुआ है । दरअसल रितेश पाण्डेय इनदिनों बनारस के चौबेपुर में फ़िल्म भ्रस्टाचार की शूटिंग में व्यस्त हैं । और कल फ़िल्म का क्लाइमैक्स एक्शन सीक्वेंस शूट करते समय वे घायल हो गए । इस कंपकपाती ठंड और बारिश के बीच लगभग 200 फाइटर्स के साथ शूट कर रहे थे। इतने लोगों के साथ गिरते तापमान के बीच भी रितेश पाण्डेय ने अपने सीन से माहौल में गर्मी पैदा कर दिया था। फाइट मास्टर दिलीप यादव ने बताया कि बॉडी डबल ना लेकर रितेश पाण्डेय खुद से ही सारे एक्शन सीक्वेंस शूट कर रहे हैं और इसी क्रम में क्लाइमैक्स सीन शूट करते समय इनको चोट लग गई । इस कारण



से शूटिंग थोड़ी देर के लिए प्रभावित हुई लेकिन रितेश पाण्डेय का काम के प्रति ऐसा समर्पण ही है कि ये तुरंत इलाज कराकर शूटिंग पर वापस लौट आए और फ़िल्म की शूटिंग को जरा सा भी विलम्ब नहीं होने दिया । आज भी वे शूटिंग पर समय से पहुँचे और कहा कि अब वे पूरी शूटिंग करने के बाद ही सम्पूर्ण इलाज़ के लिए जाएंगे । रितेश पाण्डेय ने यह भी कहा कि अपने चोट के कारण मैं किसी निर्माता का नुकसान नहीं करा सकता और उन्होंने जो कमिटमेंट किया है उसे पूरा करके ही दम लेंगे । इस भ्रष्टाचार की लड़ाई में रितेश पाण्डेय का साथ अभिनेत्री प्राप्ति शुक्ला भी बखूबी दे रही हैं ।

यशस्वी फ़िल्म क्रिएशन व यशस्वी इंफ्राहाइट्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बन रही फिल्म भ्रष्टाचार के निर्माता हैं संजय गुप्ता । वहीं संजय गुप्ता के लिखे इस भ्रष्टाचार का निर्देशन कर रहे हैं एच एस पवन । फ़िल्म के गीत लिखे हैं सन्तोष पूरी व आशुतोष तिवारी ने जिन्हें संगीत से सजाने का काम किया है सन्तोष पूरी व अजय वर्मा ने । इनके बनाये संगीत पर नृत्य निर्देशन कर रहे हैं डांस मास्टर रिक्की गुप्ता व सिनेमेटोग्राफी कर रहे हैं महेश जी ।

इस फिल्म मे रितेश पांडेय संग प्राप्ति शुक्ला, सुशील सिंह, विनीत विशाल, अयाज़ खान, अजय पाठक व शान चतुर्वेदी नज़र आने वाले हैं। शांति प्रोडक्शन के ( तहत ) सहयोग से इस फ़िल्म का पोस्ट प्रोडक्शन का काम मुम्बई में किया जाएगा।